24 वर्षों से देश के लिये समर्पित.....

हिन्दी दैनिक

# यूथ इंडिया

सच्चाई की दहकती आग...

Youth India News Group

लखनऊ से प्रकाशित

रविवार| 15 नवम्बर 2026

मूल्य 5.00 रुपये

वर्षः 10 | अंकः 176| पृष्ठः 12

आरएनआई नं.: UPHIN/2016/68199

3 सख्त संदेश : कानून व्यवस्था.....

6 'चिड़ियों का लोकतंत्र': सत्ता, समाज.....

11 आवास विकास में पूर्व विधायक.....



## तापमान मीटर

| | | |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 19° | 26° |
| कोलकाता | 22° | 30° |
| चेन्नई | 26° | 30° |
| मुंबई | 24° | 35° |
| लखनऊ | 18° | 30° |

## शेयर बाजार

सेंसेक्स 81592.45

निफ्टी 25144.30

## सर्राफा बाजार

सोना 1,39,885.00 रुपए प्रति दस ग्राम

चांदी 1,95,000.00 रुपए प्रति किलो

## एक नजर

### जौलजीबी मेले में सियासी बवाल

**पिथौरागढ़।** ऐतिहासिक जौलजीबी मेले के उद्घाटन समारोह के पहले ही दिन राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। धारचूला से कांग्रेस विधायक हरीश धामी ने मंच से राज्य सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खिलाफ तीखी नाराजगी जाहिर की। इस दौरान उनके बयान को लेकर कार्यक्रम में माहौल गरमा गया और राजनीतिक घमासान शुरू हो गया।

### हत्या के आरोप में जेल गया शख्स ही ढूंढ लाया लापता महिला

**कर्नाटक।** मांड्या जिले में सात साल पहले लापता हुई एक महिला के जिंदा मिलने से सनसनी फैल गई है। हैरानी की बात यह है कि महिला को ढूंढने वाला कोई और नहीं, बल्कि वही शख्स है जिसे उसकी हत्या के आरोप में जेल जाना पड़ा था। महिला के अचानक लापता होने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी।

### अयोध्या-काशी के बाद अब मथुरा पर भाजपा की नजर

**लखनऊ।** प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। अयोध्या और काशी के बाद अब पार्टी की नजर कान्हा की नगरी मथुरा पर है। इसी रणनीति के तहत भाजपा का शीर्ष नेतृत्व 16 और 17 नवंबर को मथुरा में दो दिवसीय चिंतन बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में पार्टी के करीब 35 से 40 वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

### वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से बदला मौसम

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से मौसम का मिजाज बदल गया है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में आज और कल बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में बारिश के साथ बर्फबारी हुई है। मौसम में आए इस बदलाव से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने की संभावना है, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है।

**भारत ने नौवीं बार जीता अंडर-19 एशिया कप**

# भारत ने पाकिस्तान के जबड़े से छीना मैच, एक विकेट से जीता फाइनल

यूथ इंडिया, ओमन

भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने एशिया कप 2026 के फाइनल में पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। भारत ने रिकॉर्ड नौवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने पिछली हार का बदला भी पूरा कर लिया। आखिरी गेंद तक चले मुकाबले ने क्रिकेट प्रेमियों की धड़कनें बढ़ाए रखीं।



फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 338 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत के बाद मध्यक्रम में विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हो गया। एक समय भारत ने 252 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे और टीम मुश्किल स्थिति में पहुंच गई थी।

ऐसे समय में मनल चौहान और मोहित उल्वा ने जिम्मेदारी संभाली। मनल चौहान ने 47 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि मोहित उल्वा ने नाबाद 49 रन बनाकर भारतीय टीम की उम्मीदों को जिंदा रखा। दोनों बल्लेबाजों ने दबाव के बीच शानदार संयम दिखाया और टीम को जीत के करीब पहुंचाया।

मुकाबले का फैसला आखिरी गेंद पर हुआ, जहां भारतीय टीम ने एक विकेट से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस ऐतिहासिक जीत के हीरो मनल चौहान और मोहित उल्वा रहे, जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया। भारत की इस सफलता से देशभर के क्रिकेट प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# पीएम मोदी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

- खरगे और सोनिया गांधी ने भी किया नमन

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर देशभर में उन्हें याद किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा कर पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी जयंती पर नमन किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश के जरिए पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान को याद किया। नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को हुआ था। देश की आजादी के बाद उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाली और लंबे समय तक देश का नेतृत्व किया।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए देश के निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को पूरे देश में बाल दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। बच्चों के प्रति उनके विशेष लगाव के कारण उनकी जयंती पर स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर देशभर में नेहरू के विचारों और योगदान को याद किया गया।



# केजरीवाल और उनकी बेटी को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

यूथ इंडिया, नई दिल्ली



मोहाली में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी बेटी को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने धमकी देकर सात करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरियाणा के रोहतक निवासी कोमल उर्फ कोबरा जांगड़ा के रूप में हुई है। आरोपी पर अरविंद केजरीवाल और उनकी बेटी को जान से मारने की धमकी देने और इसके बदले सात करोड़ रुपये की मांग करने का आरोप है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पंजाब पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी तक पहुंचने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि धमकी देने के पीछे उसका मकसद क्या था और इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं।

इस घटना के सामने आने के बाद राजनीतिक और सुरक्षा हलकों में हलचल मच गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और धमकी से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

**कांग्रेस का निर्वाचन आयोग पर हमला**

# 14 करोड़ मतदाताओं को अवैध बताया: राहुल

यूथ इंडिया, लखनऊ

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत सम्मेलन के दौरान निर्वाचन आयोग और देश की चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया को लेकर कई तरह की अनियमितताएं हुई हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि करीब 14 करोड़ मतदाताओं को अवैध बताया गया है। उनके इस बयान से राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में 2024 के लोकसभा चुनाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाए जाने जरूरी हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए चुनाव व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता बताई।



कांग्रेस नेता ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए करीब 70 लाख नए मतदाताओं के जुड़ने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि इतनी बड़ी संख्या में नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में कैसे शामिल हुए। राहुल गांधी ने इस मामले में निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग की।

अपने संबोधन में राहुल गांधी ने 2014 के बाद देश के लोकतांत्रिक ढांचे को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 के बाद लोकतंत्र कमजोर हुआ है। राहुल के इन बयानों पर अब राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आने की संभावना है। वहीं, निर्वाचन आयोग की ओर से इन ताजा आरोपों पर आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

### भारत को मैन्युफैक्चरिंग और नई तकनीकों में बढ़ानी होगी ताकतः एस. जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बदलती वैश्विक परिस्थितियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अस्थिरता बढ़ सकती है। देशों के बीच प्रतिस्पर्धा और आपसी मुकाबला पहले से ज्यादा तेज होने की संभावना है। ऐसे हालात में हर देश को अपनी आर्थिक और रणनीतिक ताकत मजबूत करनी होगी। जयशंकर के मुताबिक, नई विश्व व्यवस्था में देशों के बीच आर्थिक, तकनीकी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# डिप्टी सीएम ने की ग्रहमंत्री से की मुलाकात

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को दिल्ली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात की जानकारी खुद ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से साझा की। उनके दिल्ली दौरे को उत्तर प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

ब्रजेश पाठक ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। हालांकि, मुलाकात के दौरान किन मुद्दों पर विस्तार से बातचीत हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

उपमुख्यमंत्री के इस दौरे को प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और केंद्र तथा राज्य सरकार के बीच समन्वय मजबूत करने के नजरिए से भी देखा जा रहा है। अमित शाह से उनकी मुलाकात को लेकर भी राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।



ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया पर मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए केंद्रीय नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। फिलहाल, इस दौरे के दौरान किसी नई राजनीतिक या प्रशासनिक घोषणा की जानकारी सामने नहीं आई है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि दिल्ली में हुई इन मुलाकातों का प्रदेश की राजनीति और स्वास्थ्य व्यवस्था पर क्या असर पड़ता है।

# गोधरा ट्रेन अग्निकांड दुर्घटना नहीं, साजिश थीः राकेश अस्थाना

यूथ इंडिया, लखनऊ



पूर्व सीबीआई स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना ने वर्ष 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि साबरमती एक्सप्रेस के कोच स-6 में लगी आग कोई दुर्घटना नहीं, बल्कि एक साजिश थी। अस्थाना के मुताबिक, इस मामले में जांच के दौरान जानबूझकर आग लगाए जाने के तथ्य सामने आए थे।

अस्थाना ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित विशेष जांच दल और नानावती आयोग की रिपोर्ट में भी आग को जानबूझकर लगाने की बात सामने आई थी। उन्होंने दावा किया कि गुजरात पुलिस की जांच को भी सही पाया गया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव उन्हें इस मामले में फंसाना चाहते थे। अस्थाना के इस बयान ने एक बार फिर गोधरा कांड और उससे जुड़ी जांच को चर्चा में ला दिया है।

# अधिवक्ता हत्याकांडः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पहुंचे विधायक अर्चना पांडेय के आवास

यूथ इंडिया, कन्नौज

अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी हत्याकांड को लेकर जिले में सियासी हलचल तेज हो गई है। शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भाजपा विधायक अर्चना पांडेय के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की हत्या पर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मृतक अनुज चतुर्वेदी भाजपा विधायक अर्चना पांडेय के रिश्तेदार थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अनुज चतुर्वेदी भाजपा कार्यकर्ता भी थे, इसलिए वह दुख की इस घड़ी में परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने पहुंचे हैं।प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अधिवक्ता हत्याकांड को गंभीर मामला बताते हुए कहा कि घटना में कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।इस दौरान प्रदेश में लगातार हो रही हत्याओं को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी घटनाएं आकस्मिक होती रहती हैं। योगी सरकार अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करती है।



उन्होंने वर्ष 2017 से पहले की कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए मौजूदा सरकार की कार्रवाई का बचाव किया।

गौरतलब है कि दीपावली की शाम छिबरामऊ में अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में कांग्रेस नेता अमोल दीक्षित का नाम सामने आया है। घटना के बाद से अधिवक्ताओं में आक्रोश है। अधिवक्ताओं ने तहसील से मृतक के घर तक मार्च निकालकर प्रदर्शन किया था और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई थी।

वहीं, मामले को लेकर प्रशासन की कार्रवाई भी चर्चा में रही।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कन्नौज पहुंचने और पीड़ित परिवार से मुलाकात करने को इस हत्याकांड के बीच महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है। अब सभी की निगाहें मामले में आगे होने वाली पुलिस कार्रवाई और न्यायिक प्रक्रिया पर टिकी हैं।

# 17 नवंबर से इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे पर बातचीत

- कांग्रेस ने मांगी 181 से 185 सीटें

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे की कवायद तेज होने जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल दोनों दलों के बीच 17 नवंबर से सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत शुरू होगी। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य चुनाव से पहले दोनों पार्टियों के बीच सीटों को लेकर सहमति बनाना है।

सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में से 181 से 185 सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग रखी है। पार्टी का मानना है कि प्रदेश में संगठन को मजबूत करने और चुनावी प्रदर्शन बेहतर बनाने के लिए उसे अधिक सीटों पर उम्मीदवार उतारने का मौका मिलना चाहिए।

वहीं, समाजवादी पार्टी सीट बंटवारे को लेकर अपने राजनीतिक समीकरण और चुनावी रणनीति के आधार पर फैसला लेना चाहती है। दोनों दलों के बीच होने वाली बातचीत में सीटों की संख्या, विधानसभा क्षेत्रों और उम्मीदवारों के चयन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए इंडिया गठबंधन की एकजुटता और सीटों का बंटवारा दोनों दलों के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है। अब सबकी नजर 17 नवंबर से शुरू होने वाली बातचीत पर है। देखना होगा कि कांग्रेस की मांग पर सपा क्या रुख अपनाती है और दोनों पार्टियां किस फॉर्मूले पर सहमति बनाती हैं।

# दिल्ली में जहरीली हवा का कहर जारी, एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंचा



यूथ इंडिया, नई दिल्ली

राजधानी में वायु प्रदूषण का संकट लगातार बना हुआ है। शनिवार को भी दिल्ली की हवा 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल राजधानी के लोगों को जहरीली हवा से पूरी तरह राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

प्रदूषण के चलते दिल्ली और आसपास के इलाकों में धुंध की चादर छाई हुई है। सुबह और शाम के समय स्थिति अधिक खराब बनी हुई है। खराब वायु गुणवत्ता का असर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों पर पड़ सकता है।

हालांकि, मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों में बारिश की संभावना जताई है। मौसम में बदलाव और वर्षा होने से वातावरण में मौजूद प्रदूषण के कण कम हो सकते हैं। इससे दिल्ली की वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार आने की उम्मीद है।

राजधानी के लोगों को अब बारिश से प्रदूषण में राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, विशेषज्ञों के अनुसार केवल बारिश से प्रदूषण की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। इसके लिए वाहनों से निकलने वाले धुएं, निर्माण कार्यों की धूल और अन्य प्रदूषणकारी स्रोतों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

**एफसीआई के 14 अधिकारियों समेत 16 राइस मिल मालिकों को जेल**

# चावल खरीद घोटाले में 30 दोषियों को सजा

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

पंजाब के बहुचर्चित 2004-05 चावल खरीद घोटाले में मोहाली स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने भारतीय खाद्य निगम के 14 अधिकारियों और 16 निजी राइस मिल मालिकों समेत कुल 30 आरोपियों को दोषी करार दिया है। सभी दोषियों को एक से तीन साल तक के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है।

यह मामला वर्ष 2004-05 के दौरान पंजाब में सरकारी चावल खरीद और भंडारण से जुड़ी अनियमितताओं का है। जांच में सरकारी अधिकारियों और निजी राइस मिल मालिकों के बीच कथित मिलीभगत से सरकारी खरीद प्रक्रिया में गड़बड़ी किए जाने के आरोप सामने आए थे। इसके बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी।

सीबीआई ने जांच के दौरान संबंधित अधिकारियों और राइस मिल मालिकों की भूमिका की पड़ताल की और आरोपियों के खिलाफ अदालत में सबूत पेश किए। लंबी कानूनी प्रक्रिया और सुनवाई के बाद अदालत ने सभी 30 आरोपियों को दोषी माना और उनके खिलाफ सजा सुनाई।

अदालत ने दोषियों को कारावास के साथ आर्थिक जुर्माना भी लगाया है। इस फैसले को सरकारी खरीद व्यवस्था में भ्रष्टाचार के खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है। करीब दो दशक पुराने इस मामले में आए फैसले से सरकारी व्यवस्था में जवाबदेही और पारदर्शिता को लेकर एक अहम संदेश गया है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सेना का बड़ा अभियान, 16 आतंकी ढेर, दो जवानों की भी मौत

एजेंसी, खैबर पख्तूनख्वा



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सेना ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सेना के अभियान के दौरान 16 आतंकियों को मार गिराया गया, जबकि दो पाकिस्तानी जवानों की भी जान चली गई। इस कार्रवाई के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, आतंकियों के खिलाफ यह अभियान अली खेल, मीर अली और दत्ता खेल इलाकों में चलाया गया। सुरक्षा बलों को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई।

सेना ने दावा किया कि मारे गए आतंकियों में दो अफगान नागरिक भी शामिल थे। कार्रवाई के दौरान मौके से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए जाने की जानकारी दी गई है। हालांकि, मारे गए सभी लोगों की पहचान और उनसे जुड़े संगठनों के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

इस अभियान में दो पाकिस्तानी जवानों की मौत ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। खैबर पख्तूनख्वा लंबे समय से आतंकवादी गतिविधियों से प्रभावित रहा है। फिलहाल सेना और सुरक्षा एजेंसियां क्षेत्र में निगरानी बनाए हुए हैं और आतंकवाद के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कह रही हैं।

# 'भारत पर्व' में उत्तर प्रदेश के ओडीओपी उत्पादों और लोककलाओं की गूंज, हो रही सराहना

**लखनऊ/एकता नगर/एजेंसी**

गुजरात के एकता नगर में आयोजित भारत पर्व-2026 में उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक शिल्पकला, क्षेत्रीय खानपान और लोकनृत्यों के जरिए देशभर के लोगों का ध्यान खींच रहा है। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में 1 से 15 नवंबर तक आयोजित इस उत्सव में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन की संभावनाओं को प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने प्रदेश की आध्यात्मिक विरासत से लेकर हस्तशिल्प और लोककलाओं तक की विविधता को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, पारंपरिक शिल्प, क्षेत्रीय खानपान और लोककलाओं की दृष्टि से बेहद समृद्ध है। भारत पर्व प्रदेश की इस विविधता को देशभर के लोगों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बताया 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) जैसी योजनाओं और सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के माध्यम से सरकार स्थानीय लोगों की आजीविका मजबूत करने के साथ उत्तर प्रदेश की पहचान और पर्यटन संभावनाओं को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का काम कर रही है।



## बुंदेलखंड के किसानों को टिकाऊ सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराएगी योगी सरकार

**लखनऊ/एजेंसी**

योगी सरकार के सहयोग से बुंदेलखंड के किसानों को किफायती और टिकाऊ सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में नई पहल की जा रही है। नरैनी विकासखंड की बिरौना पंचायत के पंचमपुर गांव में सौर ऊर्जा आधारित सामुदायिक सिंचाई मॉडल विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए कमांड एरिया मैपिंग और सोलर पंप की डिजाइनिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इसका उद्देश्य खेती में पारंपरिक बिजली और डीजल पर निर्भरता घटाकर किसानों को सिंचाई का



वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराना है। इस पहल की प्रेरणा बहराइच के सौर ऊर्जा आधारित एग्री-पीवी मॉडल से मिली है। पंचमपुर के किसान समूह ने वहां पहुंचकर मॉडल का प्रदर्शन देखा और उसकी कार्यप्रणाली समझी। इसके बाद किसानों ने योगी सरकार के सहयोग से बुंदेलखंड की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप इस तकनीक को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान यानी पीएम-कुसुम के अंतर्गत इसकी संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। पंचमपुर में प्रस्तावित गतिविधि के जरिए सौर आधारित सिंचाई की तकनीकी जरूरतों का आकलन किया जाएगा। कमांड एरिया मैपिंग तथा सोलर पंप डिजाइनिंग का कार्य किया जाना है।

## अब बेड की उपलब्धता के आधार पर होगा अस्पतालों में रेफरल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। प्रदेश सरकार अब चिकित्सा संस्थानों के बीच डिजिटल समन्वय स्थापित कर मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार की आवश्यकता के अनुरूप सही अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था विकसित कर रही है। इसी क्रम में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा विकसित (डिजिटल रोगी रेफरल प्रणाली) का पायलट प्रोजेक्ट 16 नवंबर 2026 से उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (वढवटर), सैफई को हब बनाकर शुरू किया जाएगा। इस व्यवस्था के माध्यम से मरीजों को अस्पतालों में उपलब्ध बेड, विशेषज्ञ चिकित्सकों और उपचार संबंधी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति के आधार पर उपयुक्त चिकित्सा संस्थान में रेफर किया जा सकेगा। इससे मरीजों को अस्पतालों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और प्रदेश में उपलब्ध सरकारी चिकित्सा संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।



पूर्व सैनिकों के सम्मान में आयोजित समारोह में शामिल होने मेरठ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. सोमेंद्र तोमर के शास्त्रीनगर स्थित आवास पहुंचकर उनके दिवंगत पिता महेंद्र सिंह तोमर को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## हिमाचल में बर्फबारी से ठंड बढ़ी, तीन दर्रों पर आवाजाही बंद, 16 से खुलेगा मौसम

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी के बाद तापमान में गिरावट आई है। लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान गिरकर माइनस 2.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। जनजातीय क्षेत्रों में ठंड बढ़ने के साथ लाहौल-स्पीति के शिंकुला पास, बारालाचा पास और कुंजुम टॉप की ओर जाने वाले रास्तों पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। मौसम विभाग ने आज और कल 15 नवंबर को प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में कुछ स्थानों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। इसके बाद 16 से 20 नवंबर तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है।

## भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान और आदर्श सदियों तक देशवासियों को करते रहेंगे प्रेरित: मोहन यादव



**भोपाल/एजेंसी**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मात्र 25 वर्ष के अल्प जीवन में भगवान बिरसा मुंडा ने संघर्ष, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की ऐसी मिसाल प्रस्तुत की, जिसे देश कभी नहीं भुला सकता। वे जनजातीय अस्मिता, स्वाभिमान और सुशासन के अमर प्रतीक हैं। उनके योगदान को जितना भी याद किया जाए, वह कम है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को जबलपुर में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कुल 133 करोड़ 5 लाख 97 हजार रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जनजातीय समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार देश के महान जनजातीय नायकों को उनका उचित सम्मान और पहचान दिलाने का कार्य कर रही है। जनजातीय समाज के वीर नायकों ने अंग्रेजी शासन और पूर्ववर्ती सत्ताओं के विरुद्ध संघर्ष करते हुए देश की स्वतंत्रता, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह सहित अनेक महान नायकों का इतिहास हमारी गौरवशाली विरासत है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए जनजातीय समाज को जागरूक एवं संगठित होने का संदेश दिया। उनका विचार था कि स्वाभिमान से बड़ा कोई धन नहीं और संस्कृति से बड़ा कोई गहना नहीं। अंग्रेजी शासन के अत्याचारों के विरुद्ध उनका संघर्ष आज भी हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करने, अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने और राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## चमकौर साहिब से टिकट कटने पर भड़के आप विधायक, चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**चंडीगढ़/एजेंसी**

पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी किए जाने के बाद पार्टी के भीतर नाराजगी सामने आने लगी है। चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र से टिकट कटने के बाद मौजूदा आप विधायक डॉ. चरणजीत सिंह ने पार्टी के फैसले पर नाराजगी जताई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह हर हाल में चमकौर साहिब से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। आम आदमी पार्टी ने वीरवार को जारी उम्मीदवारों की दूसरी सूची में चमकौर साहिब से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व पंजाब अध्यक्ष एवं पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी को उम्मीदवार बनाया है। गढ़ी को अगस्त में चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया था। डॉ. चरणजीत सिंह ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चरणजीत सिंह चन्नी को 7,900 से अधिक मतों के अंतर से हराकर बड़ी जीत दर्ज की थी। हालांकि, इस बार पार्टी ने उनका टिकट काटकर जसवीर सिंह गढ़ी पर भरोसा जताया है।

## भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान देशवासियों को करते रहेंगे प्रेरित: मोहन यादव

**भोपाल/एजेंसी**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मात्र 25 वर्ष के अल्प जीवन में भगवान बिरसा मुंडा ने संघर्ष, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की ऐसी मिसाल प्रस्तुत की, जिसे देश कभी नहीं भुला सकता। वे जनजातीय अस्मिता, स्वाभिमान और सुशासन के अमर प्रतीक हैं। उनके योगदान को जितना भी याद किया जाए, वह कम है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को जबलपुर में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कुल 133 करोड़ 5 लाख 97 हजार रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।



समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जनजातीय समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार देश के महान जनजातीय नायकों को उनका उचित सम्मान और पहचान दिलाने का कार्य कर रही है। जनजातीय समाज के वीर नायकों ने अंग्रेजी शासन और पूर्ववर्ती सत्ताओं के विरुद्ध संघर्ष करते हुए देश की स्वतंत्रता, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह सहित अनेक महान नायकों का इतिहास हमारी गौरवशाली विरासत है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए जनजातीय समाज को जागरूक एवं संगठित होने का संदेश दिया। उनका विचार था कि स्वाभिमान से बड़ा कोई धन नहीं और संस्कृति से बड़ा कोई गहना नहीं। अंग्रेजी शासन के अत्याचारों के विरुद्ध उनका संघर्ष आज भी हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार देश के महान जनजातीय नायकों को उनका उचित सम्मान और पहचान दिलाने का कार्य कर रही है। जनजातीय समाज के वीर नायकों ने अंग्रेजी शासन और पूर्ववर्ती सत्ताओं के विरुद्ध संघर्ष करते हुए देश की स्वतंत्रता, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह सहित अनेक महान नायकों का इतिहास हमारी गौरवशाली विरासत है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए जनजातीय समाज को जागरूक एवं संगठित होने का संदेश दिया। उनका विचार था कि स्वाभिमान से बड़ा कोई धन नहीं और संस्कृति से बड़ा कोई गहना नहीं। अंग्रेजी शासन के अत्याचारों के विरुद्ध उनका संघर्ष आज भी हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है।

## पहले बुटोला, अब संदीप नेगी... धामी की तारीफ से चमोली की सियासत में हलचल

**गोपेश्वर/एजेंसी**

चमोली की सियासत में इन दिनों कांग्रेस के दो नेताओं के बयानों को लेकर नई चर्चा छिड़ी हुई है। पहले बदरीनाथ के कांग्रेस विधायक लखपत बुटोला ने गोपेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में मंच से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की सराहना की थी। अब गौचर मेले के उद्घाटन मंच से कांग्रेस नेता और गौचर नगर पालिका अध्यक्ष संदीप नेगी ने मुख्यमंत्री की तारीफ कर राजनीतिक चचाओं को फिर हवा दे दी है। गौचर मेले के उद्घाटन समारोह में संदीप नेगी ने पालिका क्षेत्र में पूर्व में उठाई गई मांगों को पूरा करने और विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री धामी का आभार



जताया। एक स्थानीय निकाय के कांग्रेस समर्थित नेतृत्व की ओर से सरकार के कामकाज की सार्वजनिक सराहना को जिले की राजनीति में अलग-अलग नजरिये से देखा जा रहा है। इससे पहले जुलाई में विधायक बुटोला के बयान के बाद भी राजनीतिक चचाएं हुई थीं। हालांकि अगले ही दिन बुटोला ने स्पष्ट किया था कि उन्होंने सरकार की प्रशंसा नहीं, बल्कि अपनी विधानसभा में जनता के लिए हुए विकास कार्यों की बात रखी थी। उन्होंने मेडिकल कॉलेज, जिला विकास प्राधिकरण और बदरीनाथ मंदिर से जुड़े मुद्दे भी उठाए थे।

**सीएम के सामने भाजपा में आने का न्योता**

गौचर मेले के मंच पर संदीप नेगी की ओर से मुख्यमंत्री की सराहना किए जाने के बाद प्रभारी मंत्री भरत सिंह चैधरी ने उन्हें भाजपा में शामिल होने का न्योता दे दिया। मुख्यमंत्री धामी ने भी मंत्री के इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए संदीप नेगी को भाजपा में आने के लिए प्रेरित किया। मंच पर हुई इस राजनीतिक बातचीत का सीधा प्रसारण भी हुआ और इसके वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होते रहे।

## कांग्रेस ने 10 गारंटियों के नाम पर छला हिमाचल : अनुराग सिंह ठाकुर



**धर्मशाला/एजेंसी**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर तथा पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-प्रागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने जसवां-प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित युवा आक्रोश रैली के माध्यम से प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। रैली में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को सत्ता में आए चार वर्ष होने जा रहे हैं, लेकिन चुनावों के दौरान प्रदेश के युवाओं से किए गए वादों का आज तक कोई ठोस हिसाब नहीं दिया गया। कांग्रेस ने सत्ता हासिल करने के लिए युवाओं को पांच लाख सरकारी नौकरियां देने की गारंटी दी थी, लेकिन आज युवा नौकरी के लिए भटक रहा है और सरकार अपनी गारंटी का जवाब देने से बच रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के समय युवाओं को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे। बल्कि प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य और उनके परिवारों की उम्मीदों से जुड़ा विषय था।

## धामी ने जौलजीबी मेले का किया शुभारंभ, पिथौरागढ़ को 25 विकास योजनाओं की सौगात

**पिथौरागढ़/एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पिथौरागढ़ जिले के सीमांत क्षेत्र में काली और गोरी नदियों के संगम पर आयोजित ऐतिहासिक जौलजीबी मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों का विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जिले को 102.72 करोड़ रुपये की 25 विकास योजनाओं की सौगात दी। इनमें 102.48 करोड़ रुपये की 24 योजनाओं का शिलान्यास और 24 लाख रुपये की एक योजना का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने मेले के आयोजन के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जौलजीबी मेला भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत, आपसी सौहार्द और व्यापारिक संबंधों का जीवंत प्रतीक है। सदियों से यह मेला दोनों देशों के लोगों को सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ता आ रहा है। भारत, नेपाल और तिब्बत के बीच पुराने व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंधों में इस मेले का विशेष महत्व रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सीमांत क्षेत्र की लोकसंस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखने के साथ दोनों देशों के नागरिकों के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करता है। धामी ने कहा कि जौलजीबी मेले से उनका बचपन से विशेष लगाव रहा है। उन्होंने यहां की संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय रीति-रिवाजों को करीब से देखा है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ लोक कलाकारों, स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक व्यवसायों को प्रोत्साहन देने का माध्यम हैं।

## कंगना पर एफआईआर को लेकर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

**सुक्खू सरकार में राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कंगना की टिप्पणियों को झूठा और तथ्यहीन बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई का समर्थन किया**

**शिमला/एजेंसी**

भाजपा सांसद कंगना रनौत की सोशल मीडिया पोस्ट पर शिमला में दर्ज एफआईआर को लेकर हिमाचल प्रदेश में सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस ने पुलिस कार्रवाई को सही ठहराया है, जबकि विपक्षी दल भाजपा ने इसे राजनीतिक बदले की भावना से उठाया गया कदम बताया है। सुक्खू सरकार में राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कंगना की टिप्पणियों को झूठा और तथ्यहीन बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई का समर्थन किया है। वहीं नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने एफआईआर पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ



नेता सोनिया गांधी की ओर से जारी पुस्तक ऐतिहासिक है। इसमें कई दशकों की घटनाओं का विस्तार से उल्लेख किया गया है। पुस्तक में भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भूमिका का भी विश्लेषण किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुस्तक में दर्ज तथ्यों का जवाब देने के बजाय भाजपा और आरएसएस के नेता निचले स्तर की बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तक में लिखी बातों से भाजपा और आरएसएस तिलमिला गए हैं। नेगी ने कहा कि किसी व्यक्ति की छवि खराब करने के लिए झूठी और तथ्यहीन बातें प्रचारित करना उचित नहीं है। सोशल मीडिया पर की गई कोई टिप्पणी मानहानिकारक है या उसमें गलत तथ्य दिए गए हैं तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने एफआईआर को बदले की भावना से जोड़ने पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें बदले की भावना कहां से आ गई? देश के लिए योगदान देने वाले व्यक्ति और उनके परिवार के बारे में बिना तथ्यों के आरोप लगाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से लगाए गए आरोपों को साबित करना भी जरूरी है। उधर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। कंगना रनौत ने भी अपनी निजी राय रखी है लेकिन सुक्खू सरकार अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला कर रहे हैं जो लोग उनके खिलाफ बोलते हैं उन पर एफआईआर कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में सोशल मीडिया के माध्यम से सैकड़ों लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। कांग्रेस से जुड़े सोशल मीडिया पेजों पर भाजपा के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ भी गंभीर टिप्पणियां की जाती हैं, लेकिन भाजपा की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होती। कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। गौरतलब है कि इस मामले में मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ 13 नवंबर को शिमला के बालूगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। यह कार्रवाई कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के विदेशी मूल और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व राजीव गांधी सहित संजय गांधी की मौतों से जुड़ी सोशल मीडिया टिप्पणियों को लेकर की गई शिकायत पर हुई।

## आपदा प्रबंधन में तकनीक के साथ पारंपरिक ज्ञान का समन्वय जरूरी : राज्यपाल बिसेन

**देहरादून/एजेंसी**

राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने कहा कि राज्य में आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के साथ स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान और अनुभव का समन्वय जरूरी है। उन्होंने ग्राम स्तर पर स्वयंसेवकों को तैयार करने तथा आम लोगों को आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन से मुलाकात के दौरान राज्य में आपदा पूर्व तैयारियों, राहत एवं बचाव व्यवस्था, अर्ली वार्निंग सिस्टम, आधुनिक तकनीक के उपयोग और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की जानकारी ली।



इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोग आपदाओं के प्रति पहले से ही जागरूक और सतर्क रहे हैं। राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए आपदा प्रबंधन को केवल सरकारी तंत्र तक सीमित रखने के बजाय समुदाय को भी इसका सक्रिय भागीदार बनाया जाना चाहिए। राज्यपाल बिसेन ने कहा कि आपदा के समय सबसे पहले स्थानीय समुदाय ही प्रतिक्रिया देता है इसलिए लोगों को सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव और आपातकालीन संचार का नियमित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

# पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में शामिल होंगे सीएम योगी, 5.19 लाख पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान का जताया आभार

यूथ इंडिया, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को क्रांति धरा मेरठ में आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के माध्यम से प्रदेश के 5.19 लाख पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का विशाल सैनिक परिवार राष्ट्र की शक्ति और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। पूर्व सैनिकों का योगदान देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेश में लगभग 5.19 लाख पूर्व सैनिक हैं और उनके परिवारों को मिलाकर यह संख्या करीब 15 से 20 लाख तक पहुंचती है। ऐसे परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करना उनके लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि देश में प्रत्येक वर्ष लगभग 60 हजार सैनिक सेवानिवृत्त होते हैं, जिनमें 10 से 12 हजार सैनिक उत्तर प्रदेश के होते हैं। यह आंकड़ा राष्ट्र की रक्षा में प्रदेश के महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत सैनिकों के सम्मान, सुरक्षा और सामर्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने वन रैंक-वन पेंशन का उल्लेख करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित इस व्यवस्था को लागू कर पूर्व सैनिकों के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री ने सैनिकों और शहीद परिवारों के सम्मान को सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल बताया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उभरते केंद्र के रूप में भी प्रस्तुत किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम, उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर और लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल के निर्माण का जिक्र किया। उनका कहना है कि प्रदेश में रक्षा क्षेत्र से जुड़े उद्योगों के विकास से देश की सैन्य ताकत को मजबूती मिल रही है और रोजगार के नए अवसर भी तैयार हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार की ओर से उठाए गए कदमों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि शहीद सैनिकों के परिजनों को 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने और परिवार के एक आश्रित को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण तथा समूह %ख% के पदों पर पांच प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान भी किया गया है।

मुख्यमंत्री के अनुसार, प्रदेश में 31,700 से अधिक पूर्व सैनिकों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम किया गया है। सरकार का उद्देश्य सेवानिवृत्ति के बाद सैनिकों के अनुभव और अनुशासन का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में करना तथा उन्हें सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। मेरठ में आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह को इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण आयोजन माना जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और शहीद परिवारों के योगदान को सम्मानित करने का संदेश दिया जाएगा।

# अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मांग को लेकर वकीलों का जोरदार प्रदर्शन, बैरिकेडिंग तोड़ विधानसभा की ओर बढ़े अधिवक्ता

यूथ इंडिया, लखनऊ




उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में वकील सड़कों पर उतर आए। प्रदेश के विभिन्न अधिवक्ता संगठनों के समर्थन से आयोजित इस प्रदर्शन में अधिवक्ताओं ने सरकार से जल्द से जल्द अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान राजधानी के प्रमुख मार्गों पर काफी हलचल देखने को मिली। हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्कामुक्की हुई, वहीं विधानसभा की ओर बढ़ रहे वकीलों ने पुलिस की बैरिकेडिंग भी तोड़ दी।

प्रदर्शन की शुरुआत कैसरबाग स्थित न्यायालय परिसर से हुई। बड़ी संख्या में अधिवक्ता एकत्रित होकर पैदल मार्च करते हुए परिवर्तन चौक और अटल चौक के रास्ते हजरतगंज पहुंचे। मार्च में शामिल वकील अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। उनका कहना था कि न्यायिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एक प्रभावी कानून बनाया जाना बेहद जरूरी है। हजरतगंज चौराहे पर पहुंचने के बाद प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया। विधानसभा की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे अधिवक्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाई गई एक बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद कुछ प्रदर्शनकारी दूसरी बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और आगे बढ़ने का प्रयास करने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और वकीलों के बीच धक्कामुक्की भी हुई। प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर पीछे हटने को तैयार नहीं दिखे।

कैसरबाग से लेकर परिवर्तन चौक, अटल चौक, हजरतगंज चौराहे और जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। विधानसभा घेराव के ऐलान को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कराई थी। हजरतगंज सहित पूरे मार्च मार्ग पर विभिन्न थानों की पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। पुलिस अधिकारी लगातार प्रदर्शनकारियों को समझाने और उन्हें आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास करते रहे।

प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता विधानसभा के गेट नंबर-2 के सामने तक पहुंच गए। यहां भी पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से बैरिकेडिंग छीन ली और विधानसभा की ओर आगे बढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को भीड़ को नियंत्रित करने में मशक्कत करनी पड़ी। अधिवक्ताओं की प्रमुख मांग है कि प्रदेश सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करे। उनका कहना है कि वकालत के पेशे से जुड़े लोगों को अपने कार्य के दौरान सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनके लिए एक विशेष कानूनी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। अधिवक्ता संगठनों का मानना है कि इस कानून से वकीलों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में प्रभावी व्यवस्था बनाने में मदद मिल सकती है।

# लखनऊ में गृहकर और जलकर के बकायेदारों के लिए आज आखिरी मौका, ब्याज और सरचार्ज में मिलेगी छूट

यूथ इंडिया, लखनऊ




नगर निगम की एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना के तहत गृहकर और जलकर के बकाये पर ब्याज और सरचार्ज में छूट पाने का शनिवार को अंतिम मौका है। योजना का लाभ लेने के लिए बकायेदार आज ही आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद नए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। लोगों की सुविधा को देखते हुए महीने के दूसरे शनिवार को अवकाश होने के बावजूद नगर निगम के सभी आठ जोनल कार्यालय खुले रहेंगे। यहां पहुंचकर उपभोक्ता ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे। इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है।

नगर निगम की ओर से ओटीएस योजना के तहत बकायेदारों को राहत देने का अवसर दिया गया है। योजना के अनुसार, इस साल एक अप्रैल तक के लंबित गृहकर और जलकर की पूरी बकाया राशि जमा करने पर नियमानुसार ब्याज और सरचार्ज में छूट दी जाएगी। इससे उन भवन स्वामियों और उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है, जिनका लंबे समय से कर बकाया है और ब्याज तथा सरचार्ज जुड़ने के कारण भुगतान की रकम बढ़ गई है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शनिवार को आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा करने के लिए 15 दिसंबर तक का समय मिलेगा। यानी आज ओटीएस योजना में पंजीकरण कराने के बाद भी उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए निर्धारित अवधि उपलब्ध रहेगी। ऐसे में जिन लोगों ने अब तक योजना के लिए आवेदन नहीं किया है, उनके पास शनिवार को ही अंतिम अवसर है।

नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय राय ने बताया कि ओटीएस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी दी गई है। इच्छुक उपभोक्ता नगर निगम के पोर्टल https://upulbots.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सभी आठ जोनल कार्यालयों में ओटीएस हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। इन हेल्प डेस्क पर योजना से जुड़ी जानकारी लेने के साथ ही ऑफलाइन आवेदन जमा करने में भी सहायता मिलेगी। अवकाश के दिन भी जोनल कार्यालय खुले रखने का फैसला इसलिए किया गया है, ताकि अंतिम दिन अधिक से अधिक बकायेदारों को आवेदन करने में परेशानी न हो। उपभोक्ता अपने संबंधित जोनल कार्यालय पहुंचकर योजना की प्रक्रिया और बकाया कर से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# छठ पर्व पर लखनऊ में दो दिन बदली रहेगी यातायात व्यवस्था, कई रास्तों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित

यूथ इंडिया, लखनऊ




छठ पर्व के अवसर पर शहर में होने वाले आयोजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने दो दिनों के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की है। रविवार दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक और सोमवार तड़के तीन बजे से दोपहर 12 बजे तक कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। हजरतगंज, महानगर और चौक क्षेत्र में विशेष रूप से यातायात डायवर्जन लागू किया जाएगा। ऐसे में इन इलाकों से गुजरने वाले वाहन चालकों को निर्धारित समय के दौरान वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करना होगा।

छठ पर्व के दौरान घाटों और आयोजन स्थलों पर लोगों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने प्रमुख चौराहों और संपर्क मार्गों पर वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने का निर्णय लिया है। व्यवस्था के तहत कई स्थानों से लक्ष्मण मेला मैदान, झूलेलाल पार्क और कुड़ियाघाट की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा। बसों के संचालन पर भी कुछ मार्गों पर रोक रहेगी।

हजरतगंज क्षेत्र में चिरैयाझील तिराहे से लक्ष्मण मेला मैदान की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। सिकंदरबाग चौराहे से महानगर की ओर जाने वाला सामान्य यातायात संकल्प वाटिका कटिंग से चिरैयाझील तिराहे की तरफ नहीं जा पाएगा। इसी तरह 1090 चौराहे से पीएनटी यानी बालू अड्डा चौराहा, बैकुंठधाम तिराहा और संकल्प वाटिका ओवरब्रिज की ओर से आने वाले वाहन और बसें लक्ष्मण मेला मैदान की तरफ नहीं जा सकेंगी।

कैसरबाग बस अड्डे से चिरैयाझील तिराहा और संकल्प वाटिका ओवरब्रिज की ओर से 1090 चौराहे की तरफ बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। समतामूलक चौराहे से बैकुंठधाम तिराहा होते हुए लक्ष्मण मेला मैदान की ओर भी बसें और सामान्य वाहन नहीं जा सकेंगे। इन मार्गों पर रहने वाले लोगों और यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाने की सलाह दी गई है। महानगर क्षेत्र में भी कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लागू रहेगा। नदवा बंधा मोड़ से झूलेलाल पार्क की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा।

# तिहरे हत्याकांड में बड़ा खुलासा, मुख्य आरोपी ऋषभ शुक्ला के घर और 45 कारतूस बरामद

यूथ इंडिया, लखनऊ



सआदतगंज तिहरे हत्याकांड में पुलिस जांच के दौरान एक और बड़ा खुलासा सामने आया है। मामले के मुख्य आरोपी ऋषभ शुक्ला के घर से अवैध असलहे और 45 कारतूस बरामद होने के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। बरामदगी के बाद पुलिस ने ऋषभ शुक्ला, उसके चाचा राजेश कुमार शुक्ला और गिरीश कुमार शुक्ला के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अब पुलिस मुख्य आरोपी को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के घर की तलाशी के दौरान सिंगल बैरल बंदूक, एयरगन राइफल, अर्धनिर्मित एयरगन, 45 कारतूस, देसी रिवॉल्वर और एक तमंचा बरामद किया गया। इस संबंध में सआदतगंज थाने में तैनात दरोगा आलोक कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। बरामद हथियारों के बाद पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी के पास इतने असलहे कहां से आए और इन्हें किसने उपलब्ध कराया था।

पुलिस अब ऋषभ शुक्ला को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। जांच में आरोपी की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (ष्ठष्ठक्र) भी खंगाली जाएगी, ताकि उसके संपर्क में रहने वाले लोगों की जानकारी मिल सके। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास करेगी कि हथियारों की खरीद-फरोख्त में कौन-कौन लोग शामिल थे और आरोपी तक अवैध असलहे पहुंचाने का माध्यम क्या था। पुलिस को आशंका है कि पूछताछ और तकनीकी जांच से हथियारों के स्रोत से जुड़े अहम तथ्य सामने आ सकते हैं।

इस बीच पीड़ित परिवार के परिजनों ने पुलिस की शुरुआती कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। शिवाजी के रिश्तेदार अनिल अवस्थी ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि यदि वारदात के तुरंत बाद पुलिस आरोपियों के घर की तलाशी लेती तो संभव है कि असलहे उसी समय बरामद हो जाते। उनका आरोप है कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने शुरुआती स्तर पर प्रभावी तलाशी नहीं ली, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

तिहरे हत्याकांड के बाद अब अवैध हथियारों की बरामदगी ने मामले को और गंभीर बना दिया है। पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि आरोपी के पास इतने हथियार और कारतूस कहां से आए, उन्हें किसने उपलब्ध कराया और इस पूरे मामले में अन्य किन लोगों की भूमिका हो सकती है। फिलहाल पुलिस कॉल डिटेल, बरामदगी और पूछताछ के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है। आने वाले दिनों में रिमांड पर पूछताछ के बाद इस मामले में और महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है।

# 16 नवंबर से शुरू होगी जनगणना 2027 की स्वगणना, घर बैठे ऑनलाइन भर सकेंगे परिवार की पूरी जानकारी

यूथ इंडिया, लखनऊ




उत्तर प्रदेश में जनगणना 2027 के दूसरे चरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके तहत 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना यानी सेल्फ एन्यूमरेशन की प्रक्रिया शुरू होगी। इस दौरान प्रदेश के लोग घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार और सदस्यों से जुड़ी जानकारी खुद दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी 2027 तक गणनाकर्मी घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना और दर्ज की गई जानकारियों का सत्यापन करेंगे।

प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा के मुताबिक, पहली बार डिजिटल जनगणना में लोगों को स्वयं अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा दी जा रही है। इसका उद्देश्य जनगणना की प्रक्रिया को आसान, सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाना है। स्वगणना की यह प्रक्रिया अनिवार्य नहीं होगी। जो परिवार ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज नहीं कर पाएंगे, उनके घर पहुंचकर गणनाकर्मी आवश्यक विवरण एकत्र करेंगे। स्वगणना के लिए भारत सरकार का आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in उपलब्ध रहेगा। इस पोर्टल पर जाकर सबसे पहले उत्तर प्रदेश का चयन करना होगा। इसके बाद परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और अन्य जरूरी जानकारियां दर्ज करनी होंगी। मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिसके माध्यम से सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद परिवार अपनी पसंद की भाषा चुनकर आगे का फॉर्म भर सकेगा।

ऑनलाइन फॉर्म में परिवार के निवास स्थान से संबंधित जानकारी भी देनी होगी। इसमें जिले, गांव या शहर, मोहल्ले और आसपास के प्रमुख स्थानों का विवरण शामिल होगा। इसके अलावा डिजिटल नक्शे पर घर की सही लोकेशन भी चिह्नित करनी होगी। इसके बाद परिवार के सदस्यों से जुड़े सवालों के जवाब देने होंगे। सभी जानकारियों की जांच करने के बाद फॉर्म सबमिट किया जा सकेगा।

स्वगणना की प्रक्रिया पूरी होने पर परिवार को एक विशेष स्वगणना पहचान संख्या यानी एसई आईडी जारी की जाएगी। इस पहचान संख्या को सुरक्षित रखना जरूरी होगा। जब एक दिसंबर से गणनाकर्मी घर पहुंचेंगे तो परिवार को यह आईडी उपलब्ध करानी होगी। गणनाकर्मी इसी पहचान संख्या के आधार पर पहले से दर्ज जानकारियों का सत्यापन करेंगे। इससे परिवार को पूरी जानकारी दोबारा भरने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

जनगणना के दूसरे चरण में परिवार और उसके सदस्यों से संबंधित कुल 40 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें परिवार के सदस्यों के नाम, उम्र, लिंग, आपसी संबंध, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा, रोजगार, मातृभाषा, दिव्यांगता और अन्य सामाजिक-आर्थिक जानकारियां शामिल होंगी। इसके साथ ही जाति से संबंधित जानकारी भी जुटाई जाएगी। इन आंकड़ों के माध्यम से देश और प्रदेश की जनसंख्या के साथ लोगों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति का विस्तृत विवरण तैयार किया जाएगा। सरकार की इस डिजिटल पहल से जनगणना प्रक्रिया में आम लोगों की भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

# दीवाली के बाद काम पर लौटना हुआ मंहगा, लखनऊ से दिल्ली बस किराया 3599 तो मुंबई का 7999 रूपये तक पहुंचा

यूथ इंडिया, लखनऊ




दीपावली और भैया दूज का त्योहार मनाने के बाद दूसरे शहरों में नौकरी और कारोबार के सिलसिले में लौटने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। त्योहार खत्म होते ही ट्रेनों, बसों और विमानों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। ट्रेनों में कन्फर्म सीटें मिलना मुश्किल हो रहा है, वहीं हवाई सफर का किराया भी आम यात्रियों की जेब पर भारी पड़ रहा है। ऐसे में निजी बसों से यात्रा करना भी अब सस्ता विकल्प नहीं रह गया है। लखनऊ से दिल्ली और मुंबई जाने वाली निजी बसों के टिकटों की कीमतें हजारों रुपये तक पहुंच गई हैं।

त्योहार के बाद शुक्रवार को रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोग दीपावली और भैया दूज मनाकर दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, जयपुर और पटना जैसे शहरों में अपने काम पर लौट रहे हैं। ट्रेनों में सीटों की कमी के चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर निजी बसों के किराये पर भी दिखाई दे रहा है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग बसों के किराये में काफी अंतर देखने को मिल रहा है।

लखनऊ से दिल्ली जाने वाली निजी बसों का किराया 699 रुपये से लेकर 3599 रुपये तक पहुंच गया है। आलमबाग नहरिया से रात 10:55 बजे रवाना होने वाली एसी सीटर बस का टिकट 699 रुपये में उपलब्ध है। वहीं, रात 9:45 बजे चलने वाली स्लीपर बस का किराया 2042 रुपये और रात 11 बजे रवाना होने वाली एसी स्लीपर बस का टिकट 1900 रुपये है। इसके अलावा रात 11:20 बजे चलने वाली स्लीपर बस का किराया सबसे अधिक 3599 रुपये तक पहुंच गया है। लखनऊ से दिल्ली की दूरी तय करने में बस से करीब सात से आठ घंटे का समय लगता है।

मुंबई जाने वाले यात्रियों की परेशानी इससे भी ज्यादा है। लखनऊ से मुंबई के लिए निजी बसों का किराया 7999 रुपये तक पहुंच गया है। गोमतीनगर से रात 10:15 बजे चलने वाली एसी स्लीपर बस का टिकट 5999 रुपये है। वहीं, अमौसी से रात 11:15 बजे रवाना होने वाली बस का किराया 5199 रुपये और सरोजनीनगर से रात 10:15 बजे चलने वाली स्लीपर बस का टिकट 4999 रुपये है। शाम 5:55 बजे रवाना होने वाली बस का किराया बढ़कर 7999 रुपये तक पहुंच गया है। चंडीगढ़ और जयपुर जाने वाले यात्रियों को भी महंगे सफर का सामना करना पड़ रहा है।

# गोमती नदी में कूदा युवक, मल्लाह ने बचाई जान

यूथ इंडिया, लखनऊ

राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब इलाके में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने मांझीघाट स्थित गोमती नदी के पुल से छलांग लगा दी। घटना से पहले युवक ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर नदी में कूदने की जानकारी दी थी। साथ ही परिवार के लोगों को परेशान न करने की अपील भी की थी। हालांकि, नदी किनारे मौजूद एक मल्लाह की तत्परता से युवक की जान बच गई।

जानकारी के मुताबिक, मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी राम सिंह शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मांझीघाट स्थित गोमती पुल पर पहुंचा। कुछ देर बाद उसने नदी में छलांग लगा दी। युवक को नदी में कूदता देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। इसी दौरान नदी किनारे मौजूद मल्लाह ललित निषाद ने साहस दिखाते हुए उसे बचा लिया और सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक से पूछताछ की। चौकी प्रभारी कठवारा धीरेंद्र मिश्र के मुताबिक, पूछताछ में राम सिंह ने बताया कि वह मूलरूप से माल के बर्दैया टिकारी गांव का रहने वाला है। वर्तमान में वह पत्नी और दो बेटों के साथ मड़ियांव के फैजुल्लागंज में रहता है और गार्ड की नौकरी करता है। पुलिस के अनुसार, युवक ने पारिवारिक कलह के चलते यह कदम उठाया था। घटना से पहले उसने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर अपनी मंशा की जानकारी दी थी और परिवार को परेशान नहीं करने की अपील की थी।

# युवक का अपहरण कर जानलेवा हमला, कार सवार पांच युवकों ने असलहें की बट से सिर पर किया वार, पुरानी रंजिश में वारदात की आशंका

यूथ इंडिया, लखनऊ

राजधानी लखनऊ में अपराध का एक और मामला सामने आया है। महानगर स्थित गीता कुंज अपार्टमेंट निवासी विकास मोहन श्रीवास्तव ने पांच युवकों पर अपने बेटे वंश को अगवा कर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि कार सवार पांच युवकों ने पहले वंश को रास्ते में घेरा, फिर जबरन कार में बैठाकर अपने साथ ले गए। इसके बाद जनेश्वर मिश्र पार्क के पास उसकी बेरहमी से पिटाई की और असलहे की बट से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उसे वहीं छोड़कर धमकी देते हुए फरार हो गए।

विकास मोहन श्रीवास्तव के मुताबिक, उनका बेटा वंश 10 नवंबर की रात करीब नौ बजे घर से कुछ सामान खरीदने के लिए निकला था। वह घर से कुछ ही दूरी पर मेघा पार्क व्यू अपार्टमेंट के पास पहुंचा था, तभी कार सवार पांच युवकों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और जबरन कार में बैठाकर अपने साथ ले गए। इसके बाद आरोपी उसे जनेश्वर मिश्र पार्क के पास ले पहुंचे, जहां उसके साथ दोबारा मारपीट की गई। हमले के दौरान आरोपियों ने असलहे की बट से उसके सिर पर वार किया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। शुरुआती छानबीन में सामने आया कि वंश और आरोपी एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पहले मड़ियांव इलाके में दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इसी पुराने विवाद को वारदात की संभावित वजह माना जा रहा है। हालांकि, हमले के पीछे की वास्तविक वजह जानने के लिए पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

एसपी महानगर अंकित कुमार ने बताया कि कार सवार पांच युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों की भूमिका, घटना के दौरान इस्तेमाल की गई कार और हमले में प्रयुक्त असलहे से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है।

राजधानी में युवक को अगवा कर सुनसान स्थान पर ले जाने और फिर असलहे की बट से हमला करने की इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।

# छठ पूजा को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, खरीदारी के लिए उमड़ी महिलाओं की भीड़, पूजन सामग्री की दुकानों पर दिखी चहल-पहल

यूथ इंडिया, लखनऊ



लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पर्व की तैयारियों के बीच शनिवार को बाजारों में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। सुबह से ही दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाली पूजन सामग्री और अन्य जरूरी सामानों की खरीदारी की। त्योहार को लेकर बाजारों में चहल-पहल का माहौल बना हुआ है।

छठ पूजा को लेकर घरों में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। व्रती महिलाएं पूजा से जुड़ी आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी में जुटी हैं। बाजारों में फल, पूजा सामग्री, बांस से बने सूप और दउरा सहित अन्य सामानों की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। महिलाएं अपनी जरूरत के अनुसार सामान खरीदती नजर आईं।

ठ महापर्व में पूजा सामग्री का विशेष महत्व होता है। इस पर्व पर श्रद्धालु भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना करते हैं। परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ महिलाएं कठिन व्रत रखती हैं। इसी को देखते हुए पर्व से पहले बाजारों में खरीदारी का सिलसिला तेज हो गया है।

शनिवार को बाजारों में महिलाओं की भीड़ के चलते दुकानदारों में भी उत्साह देखने को मिला। पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक से त्योहार का माहौल साफ नजर आने लगा है।

# दिल्ली एनसीआर का फूल रहा दम

## राजधानी की हवा बेहद खराब, कई जगह एक्यूआई 400 पार

**शनिवार सुबह दिल्ली की वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार दर्ज किया गया। राजधानी का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 348 दर्ज किया गया। एक दिन पहले दिल्ली का कुल एक्यूआई 400 के पार चला गया था।**

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से लोगों का बुरा हाल है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के शनिवार सुबह आठ बजे के आंकड़े के मुताबिक, राजधानी का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 348 दर्ज किया गया। इससे पहले शुक्रवार सुबह 403 एक्यूआई दर्ज किया गया था।

**दिल्ली में कहां कितना एक्यूआई?**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के शनिवार सुबह आठ बजे के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली के अलीपुर में 371, आनंद विहार में 378, अशोक विहार 340, आया नगर 356, बदरपुर 309, बवाना 388, चांदनी चौक 391, डीटीयू 403, द्वारका सेक्टर-8 में 299 एक्यूआई दर्ज किया गया। वही, आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल-3 पर 352, आईटीओ 416, जहांगीरपुरी 383, लोधी रोड 284, मुंडका 361, ओखला फेज-2 में 315, पटपड़गंज में 333, पंजाबी बाग 392, रोहिणी 367, विवेक विहार 391, नरेला 361, नॉर्थ कैंपस 421 एक्यूआई दर्ज किया गया।




**नोएडा के सेक्टर 62 में हालात ज्यादा खराब**

सीपीसीबी के शनिवार सुबह आठ बजे के आंकड़ों के अनुसार, नोएडा के सेक्टर 110 में 318, सेक्टर 116 में 251, सेक्टर 125 में 222, सेक्टर 150 में 276, सेक्टर-1 में 235, सेक्टर 39 में 283, सेक्टर 62 में 439 एक्यूआई दर्ज किया गया।

**गाजियाबाद में कहा कितना एक्यूआई**

सीपीसीबी के शनिवार सुबह आठ बजे के आंकड़ों के अनुसार, गोविंदपुरम में 210, इंदिरापुरम में 365, लोनी में 375 , संजय नगर में 318, वसुंधरा में 368 और वेव सिटी में 383 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और एक छोटी सी भूल... दिल्ली की पुलिस ने ऐसे दबोचे स्कूटी सवार मोबाइल झपटमार

**पूर्वी दिल्ली।** मयूर विहार थाना पुलिस ने मोबाइल झपटमारी के एक मामले में सीसीटीवी कैमरों की 200 फुटेज खंगाल कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से झपटा गया रेडमी-15 मोबाइल फोन और चोरी की दो स्कूटी बरामद की हैं। आरोपितों की पहचान त्रिलोकपुरी निवासी फैजान उर्फ फैज, दिशान उर्फ बाबा और शाहरुख उर्फ अम्मू के रूप में की है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि सात नवंबर को अन्नू नाम की महिला ने मयूर विहार थाने में मोबाइल झपटमारी की शिकायत दी थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अपने कार्यालय से मयूर विहार एक्सटेंशन मेट्रो स्टेशन की ओर जा रही थीं। शाम करीब 4:45 बजे पेट्रोल पंप के पास स्कूटी सवार एक बदमाश उनके हाथ से रेडमी-15 मोबाइल फोन झपटकर फरार हो गया। पुलिस ने 200 फुटेज खंगाले।

**पुलिस ने ऐसे पकड़े तीनों आरोपी**

इसी बीच 10 नवंबर को मयूर विहार इलाके से एक अन्य स्कूटी चोरी हुई। उसकी सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर फैजान उर्फ फैज की पहचान



हुई। जांच आगे बढ़ी तो झपटमारी और स्कूटी चोरी की वारदातों में उसके साथ दिशान, शाहरुख की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया।

पुलिस ने फैजान की निशानदेही पर महिला से झपटा गया मोबाइल और कालकाजी व मयूर विहार इलाके से चोरी की गई दो स्कूटी बरामद की हैं। आरोपितों की निशानदेही पर पांडव नगर से चोरी की गई वारदात में इस्तेमाल स्कूटी अभी बरामद नहीं हुई है।

पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जांच में आरोपितों के खिलाफ पहले से भी झपटमारी और चोरी समेत अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज होने की जानकारी मिली है।

## बुराड़ी इलाके में एक महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, सिर पर पत्थर से किए थे कई वार

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने बुराड़ी इलाके में महिला की हत्या करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में सामना आया है कि आरोपी ने महिला के साथ गलत हरकत करने की कोशिश की थी और इसी दौरान उसकी हत्या कर दी थी। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, बुराड़ी इलाके में एक महिला की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने महिला के सिर पर कई बार पत्थर से वार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह गलत इरादे से महिला के पास गया था और फिर उसकी हत्या कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की आगे की जांच




चल रही है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, 7/11 की रात को यह हत्या तब हुई जब पीड़िता नशे की हालत में सड़क किनारे पड़ी थी। 36 वर्षीय आरोपी प्रमोद रात के समय वहां से गुजर रहा था, तभी उसने पीड़िता को उठाया और पास के एक खाली प्लॉट में ले गया। पीड़िता ने उसे छूने और एक तरफ ले जाने का विरोध किया, जिसके बाद दोनों के बीच झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की और उसकी हत्या कर दी।

## दो नाबालिगों ने की बदमाश 'सोनू कांचा' की हत्या, रुपये छीनने का था विवाद, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी दिल्ली।** दिल्ली में नंद नगरी इलाके में रुपये छीनने से परेशान होकर दो नाबालिगों ने देर रात एक बदमाश की पार्क में चाकू से ताबड़तोड़ वार करके हत्या कर दी। नशा करने का पदार्थ खरीदने के लिए बदमाश ने दीवाली पर नाबालिगों से रुपये छीने थे। मृतक की पहचान नेपाल मूल के सोनू कांचा के रूप में हुई है। नंद नगरी थाना पुलिस ने हत्या समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को पकड़ा है। उनकी उम्र 16 व 17 वर्ष है। पुलिस ने नाबालिगों के पास से चाकू भी बरामद कर लिया है। बदमाश सोनू कांचा पर लूट झपटमारी समेत 15 आपराधिक केस दर्ज थे।

**पुलिस को देर रात सूचना मिली**

पुलिस ने बताया कि देर रात




12:30 बजे सूचना मिली कि गगन सिनेमा के पास पार्क में खून से लथपथ एक युवक का शव पड़ा है। पास ही शराब की बोतल व ग्लास भी है। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**नाबालिगों से छीने थे रुपये**

वहीं, दोनों नाबालिगों ने पूछताछ में बताया कांचा उनसे मारपीट करता था और कहता था कि वे उसके लिए लूट व झपटमारी करें। दीवाली पर दोनों नाबालिगों को घर से जो रुपये मिले थे, कांचा ने वो रुपये दोनों से छीन लिए। इसके बाद दोनों नाबालिगों ने कांचा की हत्या की योजना बनाई। उन्होंने एक दुकान से तीन सौ रुपये का चाकू खरीदा। चाकू लेकर वह पार्क गए। कांचा शराब पी रहा था, उसी दौरान उन्होंने पेट, सीने, व कमर पर पांच से छह वार कर कांचा की हत्या कर दी।

## जन्म से पहले गर्भ में शिशु की रीढ़ की हड्डी की सर्जरी, एम्स दिल्ली ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** एम्स दिल्ली के डॉक्टरों ने चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए गर्भ में पल रहे 25 सप्ताह के शिशु की रीढ़ की हड्डी की ओपन सर्जरी की है। 12 नवंबर को न्यूरोसाइंस सेंटर में 6 घंटे तक चली इस जटिल सर्जरी को भारत में पहली बार की गई ओपन फीटल सर्जरी बताया गया है। इसमें गर्भस्थ शिशु की रीढ़ की हड्डी में जन्मजात खराबी को जन्म से पहले ही ठीक करने का प्रयास किया गया। इस सर्जरी में 30 से अधिक डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की बहुविषयक टीम शामिल रही। बच्चे को मायलोमेनिंगोसील नामक गंभीर जन्मजात बीमारी थी। इसमें रीढ़ की हड्डी का कुछ हिस्सा और उसे ढकने वाली झिल्लियां रीढ़ की हड्डी में बने खुले स्थान से बाहर निकल आती हैं। इससे तंत्रिका ऊतकों को नुकसान पहुंचता है। जन्म के बाद ऐसे बच्चों में पैरों में लकवा, चलने-फिरने में परेशानी और दिमाग में पानी भरने (हाइड्रोसेफलस) जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सामान्य तौर पर इसकी सर्जरी बच्चे के जन्म के बाद की जाती है, लेकिन तब तक नसों को नुकसान पहुंच चुका हो सकता है।

**पांच सप्ताह की तैयारी 6 घंटे का ऑपरेशनः** एम्स के अनुसार, इस सर्जरी की तैयारी पांच सप्ताह से अधिक समय तक चली। इसमें गर्भस्थ शिशु की विस्तृत जांच, अल्ट्रासाउंड और अन्य इमेजिंग, मां को बीमारी और सर्जरी के संभावित जोखिमों की जानकारी देने, एनेस्थीसिया की तैयारी और आपरेशन का अभ्यास शामिल था। न्यूरोसाइंस सेंटर में उच्च क्षमता वाली माइक्रोस्कोपी और लगातार अल्ट्रासाउंड की सहायता से सर्जरी की गई। मातृ-भ्रूण चिकित्सा एवं प्रसूति देखभाल की जिम्मेदारी प्रो. नीना मल्होत्रा और प्रो. के. अपर्णा शर्मा ने संभाली। एनेस्थीसियोलाजी विभाग की प्रो. विमि रेवरी और प्रो. रश्मि रामचंद्र और न्यूरोएनेस्थीसिया विभाग के प्रो. मिहिर प्रकाश पांडिया और प्रो. ज्ञानेंद्र पाल सिंह ने एनेस्थीसिया संबंधी जिम्मेदारी निभाई। रेडियोडायग्नोसिस विभाग की एडिशनल प्रोफेसर डॉ. स्मिता मनचंदा ने सर्जरी से पहले की जांच और योजना बनाने में सहयोग किया। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. शशांक चौहान और बाल रोग विभाग के प्रो. रमेश के. अग्रवाल भी टीम में शामिल रहे। इसके अलावा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की एडिशनल प्रोफेसर डॉ. अनुभूति राणा, एडिशनल प्रोफेसर डॉ. दीपली गर्ग और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सलोनी कंबोज ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 450 पन्ने, 57 गवाह और खौफनाक साजिश... गैंगरेप मामले की चार्जशीट में हुए बड़े खुलासे

**दक्षिणी दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपितों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उसे और उसके दोस्त को डराया था। तीनों आरोपियों ने पहले किशोरी के दोस्त को पकड़कर थप्पड़ मारे और कहा कि यहां आना मना है।

इसके बाद दोनों के मोबाइल फोन छीन लिए। फिर किशोरी को चाकू दिखाकर पार्क के सुनसान हिस्से में ले गए। मामले में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को साकेत कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल कर दिया। 400 से अधिक पन्नों के आरोपपत्र में किशोरी के बयान के आधार पर वारदात से पहले और उसके दौरान आरोपियों की भूमिका का विस्तार से उल्लेख किया गया है। पुलिस ने आरोपपत्र में 55 से अधिक गवाहों के बयान शामिल किए हैं। इनमें किशोरी और उसका दोस्त भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों की मोबाइल फोन लोकेशन, काल डिटेल रिकॉर्ड और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी जांच का अहम हिस्सा बनाया है। घटनास्थल से जुटाए गए जैविक साक्ष्यों का भी आरोपपत्र में उल्लेख किया गया है।

**जन्मदिन पर मंदिर दर्शन के बाद पहुंची थी पार्क**



आरोपपत्र के मुताबिक, घटना वाले दिन किशोरी का जन्मदिन था। वह अपने दोस्त के साथ शाम करीब 5:45 बजे कालकाजी मंदिर पहुंची थी। दोनों ने वहां दर्शन किए, जो शाम सात बजे तक चले। इसके बाद उन्होंने बाहर से चिप्स और पानी की बोतल खरीदी और आस्था कुंज पार्क पहुंच गए। किशोरी ने अपने बयान में बताया कि दोनों कुछ देर पार्क में बैठने के लिए बेंच पर पहुंचे थे। इसी दौरान तीनों आरोपी पीछे से आए और उसके दोस्त को पकड़कर पीटने लगे। उन्होंने खुद को पुलिसकर्मी बताया और कहा कि यहां आना मना है।

**पिस्टल दिखाकर डराया**

किशोरी के बयान के मुताबिक, आरोपियों ने दोनों के मोबाइल फोन अपने पास रख लिए। इसके बाद दो आरोपियों ने उसे पास की झाड़ियों की ओर जाने को कहा। किशोरी ने बताया कि वह काफी डर गई थी और उसने आरोपियों से अपनी मां से बात कराने की गुहार लगाई। इसी दौरान आसिफ ने अपनी कमर से काली पिस्टल निकालकर उसे दिखाई और फिर वापस रख ली। इसके बाद आरोपी चाकू निकालकर उसे पार्क के अंधेरे हिस्से की ओर ले गए। आरोपपत्र में कहा गए है कि आरोपी आसिफ ने दूसरे आरोपी को निगरानी करने के लिए कहा और किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने किशोरी की गर्दन पर चाकू लगाकर उसे धमकाया। बाद में अन्य आरोपियों ने भी चाकू से धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आसिफ, हेमंत और मुकेश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 70(2) (सामूहिक दुष्कर्म), 61(2) (आपराधिक साजिश), 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 351(3) (आपराधिक धमकी) और पोक्सो अधिनियम की धारा 6/17 के तहत आरोपपत्र दाखिल किया है।

## दिल्ली में रेस्तरां और ढाबों के लिए एमसीडी की नई एसओपी जारी, 41 बिंदुओं पर होगी जांच

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के रेस्तरां, होटल और अन्य खानपान प्रतिष्ठानों में अब केवल किचन की साफ-सफाई ही नहीं, बल्कि खाद्य सामग्री की खरीद से लेकर उसे तैयार करने, स्टोर करने और ग्राहकों तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया भी जांच के दायरे में होगी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के जनस्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इसमें 41 बिंदुओं वाला निरीक्षण प्रपत्र भी तैयार करके सभी उप स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी इस एसओपी का पालन सुनिश्चित करें। साथ ही 41 में से अति गंभीर श्रेणी की लापरवाही मिलने पर इसे सुधारने के लिए 21 दिन का समय दें। अगर फिर भी सुधार नहीं होता है तो प्रतिष्ठान बंद कराएं। एमसीडी के एक वरिष्ठ




अधिकारी ने कहा कि एमसीडी में रेस्तरां और ईटिंग एस्टैब्लिशमेंट को लेकर डी-रेगुलेशन हो गया है। यानी अब लाइसेंस एमसीडी जारी नहीं करती है। संचालक अब भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के जरिये लाइसेंस ले सकता है। लेकिन एफएसएसएआई से लाइसेंस लेकर खाने की गुणवत्ता में स्वच्छता मानकों का पालन हो, इसकी जांच एमसीडी सुनिश्चित करेगी।

**अति गंभीर श्रेणी में रखा गया**

इसके लिए हमने एसओपी बनाकर जारी कर दी है। दिल्ली में करीब डेढ़ लाख लाइसेंसधारी हैं। इनमें फफूंदी लगा खाना परोसने से लेकर संस्थान में ड्रेनेज ब्लाकेज और तिलचट्टे दिखने की स्थिति को अति गंभीर श्रेणी में रखा गया है। इसमें लापरवाही पर लाइसेंस रद हो सकेगा। वहीं, एक्सपायर हो चुकी वस्तु, कोल्ड स्टोरेज का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से कम, क्लीनिंग और वाशिंग एरिया खाना बनने की जगह से एक मीटर दूर न होने, गंदे हाथों और गंदे बढ़े हुए नाखूनों से खाना परोसने जैसे उल्लंघन गंभीर श्रेणी में रखे गए हैं। जबकि अन्य उल्लंघनों को सामान्य श्रेणी में रखा गया है। अधिकारी ने बताया कि एसओपी के अनुसार जांच में सबसे पहले प्रतिष्ठान के जरूरी दस्तावेज देखे जाएंगे। इनमें एफएसएसएआई पंजीकरण या लाइसेंस, खाद्य व्यापार लाइसेंस, वैध परिसर संबंधी दस्तावेज, भवन की संरचनात्मक सुरक्षा प्रमाणपत्र, कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस और टाइफाइड टीकाकरण के रिकॉर्ड, पेस्ट कंट्रोल प्रमाणपत्र और पानी की जांच रिपोर्ट शामिल हैं। वहीं, शाकाहारी और मांसाहारी भोजन बनाने के लिए अलग-अलग इलाके और बर्तनों का प्रयोग करना भी अनिवार्य होगा।

## गाजियाबाद की ड्राई फ्रूट्स पैकिंग फैक्ट्री में लगी आग, दमकलकर्मियों की मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित ड्राई फ्रूट्स पैकिंग फैक्ट्री में आज सुबह करीब 7 बजे आग लग गई। फैक्ट्री परिसर में लगे बड़े जनरेटर में लगी आग की लपटें आसपास तारों तक पहुंच गईं। इससे आग के फैक्ट्री के अन्य हिस्सों में फैलने का खतरा पैदा हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझने से फैक्ट्री में बड़ा नुकसान होने से बच गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आज सुबह करीब 7 बजे फायर स्टेशन कोतवाली को बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री गोल्डन वैली ओवरसीज में आग लगने की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी कोतवाली शेषनाथ यादव के नेतृत्व में दो फायर टेंडर और एक वाटर बाउजर मौके के लिए रवाना किए गए। दमकलकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि फैक्ट्री में स्थापित बड़े जनरेटर में आग लगी हुई थी।

## सार संक्षेप

### वायु प्रदूषण से 16 प्रतिशत तक बढ़ सकता है टाइप-2 डायबिटीज का खतरा, नई स्टडी में हुआ बड़ा खुलासा

**दक्षिणी दिल्ली।** खानपान की गड़बड़ी और असंतुलित जीवनशैली को मधुमेह का प्रमुख कारण माना जाता रहा है, लेकिन वायु प्रदूषण भी इस बीमारी का बड़ा कारक बनता जा रहा है। एपेक्स टी2डी अध्ययन के अनुसार, हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों (पीएम 2.5) के लंबे समय तक संपर्क में रहने से टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है। फोर्टिस सी-डाक हॉस्पिटल फार डायबिटीज एंड एलायड साइंसेज के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं निदेशक पद्मश्री डॉ. अनूप मिश्रा और स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के डॉ. यशेंद्र सेठी के मुताबिक, पीएम 2.5 के संपर्क में हर 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की वृद्धि के साथ यह जोखिम लगभग 10 से 16 प्रतिशत बढ़ सकता है। पीएम 2.5 के कण फेफड़ों में गहराई तक पहुंचते हैं और कुछ रक्तप्रवाह में प्रवेश कर जाते हैं। ये शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ाते हैं। इससे ऊर्जा पैदा करने वाली कोशिकीय संरचना माइटोकांड्रिया, रक्त वाहिकाओं की अंदरूनी परत और तंत्रिका तंत्र प्रभावित हो सकते हैं। लिवर, मांसपेशियों, वसा ऊतकों और अग्न्याशय की इंसुलिन बनाने वाली बीटा कोशिकाओं में इंसुलिन सिग्नलिंग पर असर पड़ता है। इससे ब्लड शुगर नियंत्रित करने की शरीर की क्षमता धीरे-धीरे कमजोर हो सकती है। अध्ययन के मुताबिक, दक्षिण एशिया में इसका असर अधिक दिखता है, जहां प्रदूषण का स्तर ऊंचा है और डायबिटीज के मामले बढ़ रहे हैं। भारत में 10 करोड़ से ज्यादा लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, जबकि करीब 13.6 करोड़ लोग इसकी चपेट में आने की स्थिति में हैं।

**मई 2026 तक के डाटा का अध्ययन :** मई 2026 तक के आंकड़ों पर आधारित एपेक्स-टी2डी अध्ययन में दुनिया भर के 200 करोड़ प्रतिभागियों के आंकड़े शामिल करने वाली 13 प्रमुख समीक्षाओं का विश्लेषण किया गया। शोध दल में डॉ. मिश्रा और डॉ. सेठी के अलावा सेंट विंसेंट हॉस्पिटल, अमेरिका की डॉ. नीरजा काका, सुभारती मेडिकल कालेज, मेरठ के डॉ. सौरभ सिंघला और डॉ. मानवी वासुदेव तथा आइआरसीसीएस मारिया सेसिलिया हास्पिटल, इटली के प्रो. जियुसेपे बायोंडी-जोकाई शामिल थे। प्रदूषण अधिक होने पर बाहर व्यायाम या लंबे समय तक बाहर रहने से बचें। रोजाना एयर क्वालिटी इंडेक्स जांचें और खराब हवा में बाहर निकलते समय एन-95 मास्क पहनें। घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें और हवा का आवागमन बनाए रखें। संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ वजन पर ध्यान दें। प्री-डायबिटीज, डायबिटीज या पारिवारिक इतिहास वाले लोग नियमित ब्लड शुगर जांच कराएं।

### विभिन्न सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत

**नोएडा।** नोएडा के विभिन्न जगहों पर हुए विभिन्न सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। पुलिस इन तमाम मामलों की जांच कर रही है। थाना ईकोटेक- 3 के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अरमान पुत्र साबिर ने आज सुबह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मूल रूप से जनपद पूर्णिया बिहार के रहने वाले हैं तथा मौजूदा समय में हल्द्वानी गांव में किराए के मकान में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार 13 नवंबर की रात को उनके पिता साबिर (45) पुत्र रफीक आलम अपनी ठेली लेकर जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शमशाद अली ने आज सुबह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए गेझा रोड के पास उसके भाई शमसुद्दीन (40) को बीती रात को टक्कर मार दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में बीती रात शिवकुमार पंडित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह नगला चरण दास गांव में रहते हैं। उनके अनुसार बीती रात उनका बेटा सुगन पंडित (18) और भतीजा शिवानंद स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे। तभी एक ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी में टक्कर मार दिया। इस घटना में उनके बेटे शुभम पंडित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात उमेश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मूल रूप से जनपद संभल के रहने वाले हैं। उनका भाई हरिओम पुत्र चंद्रपाल औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर में ठेली लगाकर अपना जीवन यापन करता था। उनके अनुसार वह अपनी ठेली लेकर बीती रात पैदल जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में अमन कुमार (21) पुत्र अमित कुमार मूल निवासी जनपद बागपत गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# डीएम और एसपी ने सकरावा समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

**● तीन शिकायतें आईं, दो का मौके पर निस्तारण; निर्माणाधीन थाना भवन का किया निरीक्षण, व्यापार मंडल ने अधिकारियों को किया सम्मानित**

यूथ इंडिया, सौरिख



सकरावा थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायत के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। डीएम और एसपी ने कर्मचारियों को शिकायतों का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की हिदायत दी।

साथ ही अधिकारियों ने निर्माणाधीन थाना सकरावा के नए भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए भवन का निर्माण समय से पूरा कराने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

वहीं त्योहारों के दौरान कस्बे में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने डीएम, एसपी और थानाध्यक्ष भागमल सिंह को सम्मानित किया। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन की सक्रियता की सराहना करते हुए आभार जताया।

इस मौके पर थानाध्यक्ष भागमल सिंह, उपनिरीक्षक मुनीश सिंह, वीरेंद्र द्विवेदी तथा व्यापार मंडल के मोहित गुप्ता, सतीश शर्मा, पिंटू मिश्रा, परवेज अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आरपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

यूथ इंडिया, सौरिख



आरपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को गुब्बारों, फूलों और रंग-बिरंगी झंडियों से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत, कविता और नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

बाल दिवस पर बाल विवाद प्रतियोगिता, फुटबॉल, कबड्डी, लूडो, कैरम, खो-खो, दौड़, चित्रकला, कविता पाठ और नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य विवेक यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण कर अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए।

इस मौके पर प्रबंधक संतोष यादव, उपप्रधानाचार्य सोनम सिंह, मोहित, सर्वेश कुमार, अशोक दुबे, दुष्यंत सिंह, अभिषेक यादव, स्नेहा सिंह, खुशबू, मोनिका, गोल्डी, सृष्टि, श्रेया, आकांक्षा शाक्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## तालग्राम सब्जी मंडी में आदर्श रामलीला का शुभारंभ, ताड़का वध की लीला का हुआ भव्य मंचन

**तालग्राम, कन्नौज।** जनपद कन्नौज के तालग्राम कस्बे की सब्जी मंडी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदर्श रामलीला का रात्रिकालीन आयोजन भव्य तरीके से प्रारंभ हो गया है। रामलीला के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। शाम होते ही रामलीला मैदान में दर्शकों की भीड़ जुटने लगी है। भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी लीलाओं का मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय लोग पहुंच रहे हैं। आदर्श रामलीला मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष दिनेश सिंह यादव एडवोकेट के नेतृत्व में इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है। उनके प्रयासों से प्रतिवर्ष होने वाली इस धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। रामलीला में बाहर से आए कलाकार अपनी शानदार अभिनय कला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। रामलीला के दौरान बीती शाम कलाकारों द्वारा ताड़का वध की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया कि किस प्रकार महर्षि विश्वामित्र भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ लेकर यज्ञ की रक्षा के लिए जाते हैं। इसी दौरान राक्षसी ताड़का द्वारा ऋषि-मुनियों को परेशान किए जाने पर भगवान श्रीराम उसका वध कर धर्म और सत्य की रक्षा करते हैं। कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से पूरे प्रसंग को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया।

# दवा का छिड़काव कर किसान की सरसों की फसल नष्ट करने का आरोप

**● ढाई बीघा खेत में लहलहाती फसल हुई बर्बाद, कार्रवाई के लिए चौकी और अधिकारियों के चक्कर काट रहा पीड़ित**

यूथ इंडिया, सौरिख



थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में किसान की सरसों की खड़ी फसल में जहरीली दवा का छिड़काव कर नष्ट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने पड़ोसी गांव के कुछ लोगों पर फसल बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। किसान का आरोप है कि शिकायत के बावजूद अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

कुतुबपुर गांव निवासी किसान अनिल कुमार इंस्पेक्टर सिंह ने करीब 25 से 30 दिन पहले अपने ढाई बीघा खेत में सरसों की फसल बोई थी। आरोप है कि सात नवंबर को पड़ोसी गांव आलूपुर निवासी कुछ दबंगों ने खेत में जहरीली दवा का छिड़काव कर दिया, जिससे लहलहाती फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। किसान के मुताबिक, फसल बर्बाद होने से उसे आर्थिक नुकसान हुआ है।

अनिल कुमार ने घटना की लिखित शिकायत भाउलपुर चौकी में देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। किसान का आरोप है कि शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस पर दूसरे लोगों के माध्यम से 20 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप भी लगाया है। कार्रवाई न होने से परेशान किसान अपने भाइयों इंद्रजीत सिंह और सुनील कुमार के साथ न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है।

पुलिस पर लगाए गए रिश्वत मांगने के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि मामले उनके संज्ञान में नहीं है जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी हत्याकांड में दो और गिरफ्तार

**● अवध बिहारी के कब्जे से लाइसेंसी बंदूक, अवैध तमंचा और 37 कारतूस बरामद, पुलिस ने दोनों को न्यायालय में किया पेश**

यूथ इंडिया, छिबरामऊ (कन्नौज)




अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी हत्याकांड में छिबरामऊ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो और वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी अमोल दीक्षित के पिता अवध बिहारी दीक्षित और उसकी 18 वर्षीय पुत्री उन्नति दीक्षित को गिरफ्तार किया है।

अवध बिहारी के कब्जे से एक लाइसेंसी एक नाली बंदूक, एक अवैध तमंचा और अलग-अलग बोर के कुल 37 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ मयंक मिश्रा के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 14 नवंबर को अवध बिहारी दीक्षित को छिबरामऊ के पश्चिमी बाईपास के पास से गिरफ्तार किया। वहीं विवेचना के दौरान प्रकाश में आई उन्नति दीक्षित को मोहल्ला इब्राहिमगंज में जीटी रोड की तरफ से पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक अवध बिहारी दीक्षित के कब्जे से 12 बोर की एक लाइसेंसी एक नाली बंदूक और उसके 12 जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके अलावा एक अवैध 315 बोर का तमंचा और पांच जिंदा कारतूस तथा 7.65 एमएम के 20 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद असलहों और कारतूसों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की।

पुलिस प्रेस नोट के अनुसार, 9 नवंबर 2026 को वादी अंकित चतुर्वेदी पुत्र गणेश शंकर चतुर्वेदी निवासी मोहल्ला सुभाषनगर, छिबरामऊ ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें बताया गया कि अमोल दीक्षित द्वारा उनके चचेरे भाई अभिषेक चतुर्वेदी के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत को लेकर वह अपने भाई अनुज चतुर्वेदी, दीपक पाठक और चचेरे भाई अभिषेक के साथ अमोल दीक्षित के घर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां अमोल दीक्षित गाली-गलौज करने लगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार चतुर्वेदी, विशेष कुमार, मनुज कुमार, महिला उपनिरीक्षक दीपांजलि वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# पत्नी समेत सपा में शामिल होंगे भाजपा नेता पंकज राजपूत

यूथ इंडिया, सौरिख



कन्नौज की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। भाजपा के पूर्व किसान मोर्चा जिला महामंत्री एवं अखिल भारतीय लोधी कल्याण महासभा के जिलाध्यक्ष पंकज राजपूत ने समाजवादी पार्टी में शामिल होने का ऐलान किया है। उन्होंने शनिवार को बातचीत के दौरान बताया कि वह बहुत जल्द अपनी पत्नी और भारी संख्या में समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उनकी पत्नी नीलेश कुमारी राजपूत वर्तमान में भाजपा से वार्ड नंबर 17 की जिला पंचायत सदस्य हैं।

कस्बे के तिर्वा रोड निवासी पंकज राजपूत को ऊर्जा राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और उनके पिता राजवीर सिंह का बेहद करीबी माना जाता है। ऐसे में उनके सपा में शामिल होने के ऐलान को क्षेत्र की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

दरअसल, कुछ समय पहले लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के बाहर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ पंकज राजपूत की तस्वीर वाली होर्डिंग लगाई गई थी। होर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल होते ही राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं शुरू हो गई थीं। भाजपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके पंकज राजपूत की अखिलेश यादव के साथ तस्वीर सामने आने के बाद उनके सपा में जाने के कयास लगाए जाने लगे थे।

अब शनिवार को पंकज राजपूत ने खुद इन चर्चाओं पर मुहर लगाते हुए स्पष्ट किया कि वह अपनी पत्नी जिला पंचायत सदस्य नीलेश कुमारी राजपूत और बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ जल्द ही समाजवादी पार्टी में शामिल होंगे। उनके इस ऐलान के बाद जिले की राजनीति में नए समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# सत्ता परिवर्तन के लिए आजाद समाज पार्टी ने भरी हुंकार

**● 26 को लखनऊ में होने वाली महारैली में पहुंचने की अपील**

यूथ इंडिया, कन्नौज



लखनऊ में 26 नवंबर को प्रस्तावित आजाद समाज पार्टी की बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाने के लिए सीपुर पचौर में सत्ता परिवर्तन सभा का आयोजन किया गया।

आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में हुई सभा में वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया।

सभा के मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी छबिराम जाटव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज को शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के तीन मूल मंत्र दिए थे। इन्हीं सिद्धांतों के सहारे समाज आगे बढ़ सकता है।

जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि 26 नवंबर संविधान दिवस पर लखनऊ में होने वाली बहुजन स्वराज संकल्प महारैली नया इतिहास लिखेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील की।

उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी।

इस मौके पर भाईचारा मंडल प्रभारी पवन गौतम, मंडल उपाध्यक्ष पातीराम बौद्ध, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूजा गौतम, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार, पूनम गौतम, विधानसभा अध्यक्ष सुनील कुमार सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पटेल नगर तिराहे पर अवैध बस स्टैंड का आरोप, मनमाना किराया वसूलकर काटे जा रहे टिकट

यूथ इंडिया, कन्नौज




थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के पटेल नगर तिराहे पर अवैध बस स्टैंड संचालित होने का आरोप सामने आया है। यहां स्लीपर बसें घंटों सड़क किनारे खड़ी रहती हैं। इतना ही नहीं, आरोप है कि बसों के टिकट काटने वाले लोग सड़क पर ही बैठकर यात्रियों के टिकट काटते हैं और उनसे मनमाना किराया वसूलते हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, बिना किसी निर्धारित बस स्टैंड के सड़क पर ही टिकट बुकिंग का काम किया जा रहा है। स्लीपर बसों के खड़े रहने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और राहगीरों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि खुलेआम चल रही इस व्यवस्था पर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। थाना प्रभारी की कथित मिलीभगत को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

लोगों ने जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक और परिवहन विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, मनमाना किराया वसूलने वालों पर कार्रवाई करने तथा सड़क पर अवैध रूप से टिकट काटने और बसें खड़ी करने की व्यवस्था पर रोक लगाने की मांग की है।

# एडुमेटा द आई स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

**● बच्चों का हुआ दंत परीक्षण, टूथपेस्ट बांटकर किया जागरूक**

**● मनरेगा पार्क में बच्चों ने खेलकूद का लिया आनंद**

यूथ इंडिया, कन्नौज



बाल दिवस के अवसर पर एडुमेटा द आई स्कूल कन्नौज में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. वरुण सिंह कटियार ने विद्यालय के सभी बच्चों का दंत परीक्षण कर उन्हें दांतों की स्वच्छता और देखभाल के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने बच्चों को टूथपेस्ट वितरित करने के साथ ही सही तरीके से ब्रश करने की जानकारी देने वाले लीफलेट भी बांटे।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नियमित रूप से दांतों की सफाई करने, सही तरीके से ब्रश करने और मुंह की स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया गया।

इसके बाद बच्चों को विकास भवन के निकट स्थित मनरेगा पार्क ले जाया गया, जहां उन्होंने विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में हिस्सा लेकर बाल दिवस का आनंद उठाया।

इस अवसर पर बच्चों को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और बच्चों के प्रति उनके स्नेह के बारे में भी जानकारी दी गई। बच्चों ने चाचा नेहरू के व्यक्तित्व और विचारों से जुड़े प्रसंग साझा किए।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**● कौशल महाराज के भागवत प्रवचन सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु**

यूथ इंडिया, कन्नौज



मानीमऊ स्थित श्री आनंदेश्वर धाम आश्रम ऋषिनगर में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच निकली यात्रा में दण्डी स्वामी वेदाश्रम महाराज भी शामिल हुए।

कलश यात्रा के समापन के बाद आनंदेश्वर धाम के पीठाधीश्वर कौशल महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया। प्रथम दिवस उन्होंने भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कथा श्रवण के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और सदाचार की राह दिखाने वाला दिव्य ग्रंथ है। इसके श्रवण से मनुष्य के भीतर आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है और उसे जीवन के वास्तविक उद्देश्य का बोध होता है।

कौशल महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति, सत्कर्म और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान भक्ति प्रसंगों और भजनों से आश्रम परिसर भक्तिमय हो उठा। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। अंत में आरती के पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

इससे पूर्व मुख्य यजमान प्रमुख इत्र व्यवसाई मनोज दीक्षित ने कथा व्यासपीठ का पूजन किया एवं आरती उतारी। श्री दीक्षित ने कथा का श्रवण करा रहे पीठाधीश्वर कौशल महाराज का सम्मान किया।

## ससुराल में विवाहिता के साथ मारपीट का आरोप, छत से नीचे धकेलने का लगाया आरोप



**छिबरामऊ, कन्नौज।** जनपद कन्नौज के छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहबलपुर में ससुराल पक्ष द्वारा एक विवाहिता के साथ मारपीट और अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां संतोषी देवी निवासी चंदपुरा, थाना तालग्राम ने छिबरामऊ कोतवाली पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने अपने दामाद पर बेटी के साथ मारपीट करने और छत से नीचे धकेलने का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायती पत्र के अनुसार संतोषी देवी की पुत्री रजनी की शादी बहबलपुर निवासी विमलेश पुत्र मुन्ना लाल के साथ हुई है। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति विमलेश आए दिन अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज और झगड़ा करता रहता है। पीड़िता की मां का आरोप है कि 9 नवंबर 2026 को दोपहर करीब दो बजे विमलेश ने बिना किसी बात के अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत में बताया गया है कि घटना के समय रजनी खाना बना रही थी। इसी दौरान उसने रोटियां सेंकी थीं, जिन्हें उसके पति ने फेंक दिया। जब रजनी ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि विमलेश ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, आरोप है कि उसने रजनी को छत से नीचे की ओर धकेल दिया। इस घटना में रजनी को अंदरूनी और शारीरिक चोटें आईं। परिजनों के अनुसार उसकी हालत इतनी खराब है कि उसे चलने-फिरने में भी काफी परेशानी हो रही है। पीड़िता की मां संतोषी देवी ने प्रार्थना पत्र में यह भी आशंका जताई है कि उनकी बेटी का पति भविष्य में उसके साथ कोई और अनहोनी कर सकता है। और संतोषी देवी ने बताया की छिबरामऊ कोतवाली में अभी तक ना ही बेटी के ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज हुआ और ना ही आगे की कानूनी कार्यवाही की गई।

# शिव बारात के साथ रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ, जयकारों से गूंजा सिकंदरपुर

**● पूर्व चेयरमैन रजनीकांत दुबे ने पूजा-अर्चना और आरती कर किया शिव बारात का उद्घाटन, नगर भ्रमण के बाद रामलीला मैदान में हुआ भूमि पूजन**

यूथ इंडिया, सिकंदरपुर (कन्नौज)



कस्बा सिकंदरपुर में शनिवार को भव्य रामलीला महोत्सव का धार्मिक उल्लास के साथ शुभारंभ हुआ। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य शिव बारात निकाली गई। नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन रजनीकांत दुबे ने पूजा-अर्चना और आरती करने के बाद शिव बारात का उद्घाटन किया।

इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।भगवान शिव की भव्य यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। इसके बाद शिव बारात जीटी रोड मार्ग से होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। यहां विधि-विधान से धरती पूजन किया गया, जिसके बाद रामलीला महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। शिव बारात के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए और धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम में रामलीला समिति के अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी, अभय दुबे,पूर्व अध्यक्ष सिंटू दुबे सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा।

रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से सपरिवार और इष्ट-मित्रों सहित रामलीला महोत्सव में पहुंचकर धार्मिक आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की।

# मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम रोकने को सीएचसी संचालकों को प्रशिक्षण

**● फार्म-6 भरते समय मोबाइल नंबर, दस्तावेज और पते की शुद्धता पर जोर**

**● गलत आवेदन करने पर दी गई हिदायत**

यूथ इंडिया, कन्नौज

मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम शामिल कराने की प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाने के लिए शनिवार को जन सुविधा केंद्र संचालकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। गूगल मीट के माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर बृजेश कुमार ने फार्म-6 भरने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण में विशेष रूप से एक ही आवेदक के नाम पर बार-बार आवेदन किए जाने से मतदाता सूची में होने वाली बहुप्रविष्टियों (डुप्लीकेट एंट्री) को रोकने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी आवेदक का फार्म-6 जमा करने से पहले यह जांचना जरूरी है कि उसका आवेदन पहले से तो नहीं किया गया है।

सीएचसी संचालकों को हिदायत दी गई कि आवेदन में आवेदक का स्वयं का सही और सक्रिय मोबाइल नंबर ही दर्ज करें। अपने मोबाइल नंबर या गलत नंबर का इस्तेमाल न करें। ओटीपी के जरिए सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के साथ आवेदन जमा होने के बाद रेफरेंस नंबर और उसकी स्थिति की जानकारी आवेदक को उपलब्ध कराएं।

अधिकारियों ने नाम, जन्मतिथि, अभिभावक का नाम और निवास संबंधी विवरण प्रमाण-पत्रों के अनुरूप भरने के निर्देश दिए। साथ ही डाक पते और पिन कोड की शुद्धता सुनिश्चित करने तथा स्पष्ट फोटो एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही से बचें। पात्र नागरिकों को सही जानकारी देकर नियमानुसार आवेदन भरवाएं, ताकि मतदाता सूची में गलत प्रविष्टियों और दोहराव की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## सम्पादकीय

# आखिरी गेंद तक जूझा भारत, नौवीं बार एशिया का सरताज बना हिंदुस्तान



शरद कटियार
सम्पादक/संस्थापक
यूथ इण्डिया
youthindianews@gmail.com

क्रिकेट महज बल्ले और गेंद का खेल नहीं, बल्कि धैर्य, साहस, आत्मविश्वास और आखिरी क्षण तक हार न मानने के जज्बे का नाम है। भारतीय अंडर-19 टीम ने एशिया कप 2026 के फाइनल में पाकिस्तान को एक विकेट से शिकस्त देकर इसी जज्बे की शानदार मिसाल पेश की। 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी गेंद पर मिली यह जीत केवल एक खिताबी सफलता नहीं, बल्कि भारतीय युवा क्रिकेट की मजबूत इच्छाशक्ति और संघर्षशील चरित्र का प्रमाण भी है। इस जीत के साथ भारत ने रिकॉर्ड नौवीं बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया।

फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 338 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। इतना बड़ा स्कोर किसी भी टीम के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन भारतीय युवा खिलाड़ियों ने इस चुनौती को स्वीकार किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय पारी के मध्यक्रम में विकेटों का लगातार गिरना टीम के लिए चिंता का विषय बन गया। एक समय 252 रन पर आठ विकेट गिर जाने के बाद मुकाबला भारत के हाथों से निकलता दिखाई देने लगा था। ऐसे मुश्किल समय में अक्सर टीमों का आत्मविश्वास डगमगा जाता है, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने उम्मीद का दामन नहीं छोड़ा।

यही वह मोड़ था, जहां मनल चौहान और मोहित उल्वा ने अपने खेल से मुकाबले की दिशा बदल दी। मनल चौहान ने 47 रनों की उपयोगी पारी खेलकर टीम को संभाला, वहीं मोहित उल्वा ने नाबाद 49 रन बनाकर जीत की उम्मीदों को जीवित रखा। दोनों खिलाड़ियों ने यह साबित किया कि बड़े मुकाबले केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि दबाव में सही फैसले लेने और संयम बनाए रखने से जीते जाते हैं।

इस जीत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू आखिरी गेंद तक भारतीय टीम का संघर्ष रहा। जब परिस्थितियां प्रतिकूल हों और जीत के रास्ते बंद होते नजर आएं, तब भी प्रयास जारी रखना ही किसी खिलाड़ी और टीम की असली पहचान होती है। भारतीय अंडर-19 टीम ने इसी सोच के साथ मैदान पर अपना दमखम दिखाया और एक विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

भारत की यह सफलता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अंडर-19 क्रिकेट किसी भी देश के भविष्य की क्रिकेट प्रतिभाओं को सामने लाने का बड़ा मंच है। आज जो युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव का सामना करना सीख रहे हैं, वही आने वाले समय में भारतीय सीनियर टीम की ताकत बन सकते हैं। इस खिताबी जीत ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेट की मजबूत प्रतिभा और उसकी अगली पीढ़ी की संभावनाओं को उजागर किया है।

पाकिस्तान के खिलाफ मिली इस जीत ने पिछली हार का हिसाब भी बराबर किया और भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को जश्न मनाने का अवसर दिया। लेकिन इस जीत का सबसे बड़ा संदेश ट्रॉफी से कहीं आगे है। यह संदेश है कि मुकाबला कितना भी कठिन क्यों न हो, लक्ष्य कितना भी बड़ा क्यों न हो और परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हों, यदि विश्वास और प्रयास कायम रहें तो सफलता की राह निकल सकती है।

नौवीं बार एशिया कप जीतकर भारतीय युवा टीम ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा दिया है। मनल चौहान और मोहित उल्वा जैसे खिलाड़ियों का संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। निश्चित रूप से यह जीत भारतीय क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य की एक और मजबूत दस्तक है।

**प्रधान संपादक**

## (जनजातीय गौरव दिवस पर विशेष)

# जनजातीय स्वाभिमान की विरासत और मोदी सरकार



सुरेन्द्र शर्मा

भारत के स्वाधीनता संग्राम में देश के सभी लोगों का अहम योगदान रहा है। स्वाधीनता की लड़ाई केवल विदेशी दासता से मुक्ति के लिये नहीं लड़ी गई, स्वाधीनता के साथ साथ स्वधर्म, स्वराज और स्व संस्कृति की रक्षा के लिये भी लड़ी गई। 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा जैसे जनजातीय जननायकों का योगदान देश के इतिहास में स्वर्णिम है, लेकिन दशकों तक उन्हें वह उचित सम्मान नहीं मिला, जिसके कि वह हक़दार थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इस ऐतिहासिक भूल को सुधारते हुए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को %जनजातीय गौरव दिवस% के रूप में मनाने की शुरुआत की। यह दिवस जनजातीय समाज के सम्मान, स्वाभिमान और सर्वांगीण विकास के प्रति सरकार के संकल्प का प्रतीक है।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम को समझने के लिए हमें छोटानागपुर के गाँवों और निमाड़ के पहाड़ों तक भी जाना होगा। इन अंचलों में जनजातीय समुदायों ने अंग्रेजी शासन की उन व्यवस्थाओं को चुनौती दी, जो उनकी जमीन, आजीविका और अपने ढंग से जीने के अधिकार पर चोट कर रही थीं। भगवान बिरसा मुंडा इसी संघर्ष के सबसे प्रेरक नायकों में हैं। उनकी जन्मजयंती, 15 नवंबर, को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने वर्ष 2021 में ÷जनजातीय गौरव दिवस÷ घोषित किया।

भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को वर्तमान झारखंड के उलीहातू गाँव में हुआ। छोटानागपुर में मुंडा समुदाय की पारंपरिक भूमि व्यवस्था में गाँव बसाने और खेती योग्य जमीन तैयार करने वाले परिवारों के अधिकारों को मान्यता थी। अंग्रेजी शासन के विस्तार के साथ जमींदारों और महाजनों का प्रभाव बढ़ा। लगान और कर्ज का दबाव बढ़ने से अनेक परिवारों की जमीन पर उनका अधिकार कमजोर पड़ने लगा।

भगवान बिरसा मुंडा ने इस पीड़ा को संगठित प्रतिरोध का स्वर दिया। उन्होंने अपने समुदाय से एकजुट होने, अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने और शोषण के विरुद्ध खड़े होने का आह्वान किया। उनके नेतृत्व में 1899-1900 में हुए आंदोलन को 'उलगुलान' के नाम से जाना जाता है। बिरसा मुंडा जी के अनुयायी उन्हें श्रद्धा से 'धरती आबा' कहते थे। 9 जून 1900 को राँची की जेल में उनका निधन हुआ। उस समय उनकी आयु मात्र 24 वर्ष थी।

मध्यप्रदेश के लिए जनजातीय गौरव दिवस का विशेष महत्व है। निमाड़ में जननायक टंट्या भील और वीर भीमा नायक का स्मरण अंग्रेजी शासन के विरुद्ध स्थानीय प्रतिरोध की याद दिलाता है। औपनिवेशिक अभिलेखों ने ऐसे जननायकों को अपराधी की तरह दर्ज किया, जबकि भील समाज की स्मृतियों और लोकगीतों ने उनके संघर्ष को सम्मान के साथ सँजोया।

वीर भीमा नायक, खाज्या नायक, राजा शंकर शाह और कुँवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती मध्यप्रदेश के प्रमुख जननायक माने जाते हैं। इसी तरह देश के अन्य अंचलों में भगवान बिरसा मुंडा, तिलका माँझी, सिदो-कान्हू, चाँद-भैरव और फूलो-झानो, वीर बुधु भगत, यू तिरोत सिंह, रानी गाइदिन्ल्यू, वीर नारायण सिंह, गोविंद गुरु, थलक्कल चंदू, अल्लूरी सीताराम राजू, कोमाराम भीम और शहीद लक्ष्मण नायक ने औपनिवेशिक शासन का प्रतिरोध किया।

जनजातीय समाज के विकास के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने अनेक कार्य किये हैं। दूरस्थ बस्तियों तक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ कैसे पहुँचें? वन उपज जुटाने वाले परिवारों की आय कैसे बढ़े? गाँव के विकास में वहाँ के लोगों की भागीदारी कैसे सुनिश्चित हो? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान शुरू किए हैं। वित्त वर्ष 2026-27 में जनजातीय कार्य मंत्रालय के लिए 15,421.97 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

पीएम-जनमन,देश के 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए शुरू किया गया। 18 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में लागू इस अभियान का स्वीकृत परिव्यय 24,104 करोड़ रुपये है। इसमें पक्के आवास, पेयजल, सड़क, बिजली, दूरसंचार, आँगनवाड़ी, स्वास्थ्य सेवाओं और आजीविका को शामिल किया गया है। इसका एक उदाहरण मध्यप्रदेश का शिवपुरी जिला है। लोकसभा में प्रस्तुत आँकड़ों के अनुसार, 30 जून 2026 तक जिले में पीएम-जनमन के अंतर्गत 44,129 आवास स्वीकृत हुए और 35,054 पूरे हो चुके थे। लगभग 209.5 किलोमीटर स्वीकृत सड़कों में से 95 किलोमीटर का निर्माण पूरा हुआ था। उसी तारीख तक जिले में 10 चलित चिकित्सा इकाइयाँ संचालित थीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया। इसका कुल स्वीकृत परिव्यय 79,156 करोड़ रुपये है। पाँच वर्षों में 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 63,843 गाँवों में पाँच करोड़ से अधिक जनजातीय नागरिकों तक सुविधाएँ पहुँचाने का लक्ष्य है। अभियान के तहत 17 मंत्रालयों के माध्यम से 25 प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं। इनमें बुनियादी ढाँचे की कमियाँ दूर करना, आँगनवाड़ी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच बढ़ाना तथा आजीविका के अवसर विकसित करना शामिल है।

**प्रस्तुतिः यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप**

# अलमारीः अधूरे सपनों का संग्रहालय



डॉ. प्रियंका सौरभ

डॉ. प्रियंका सौरभ

हर साल दिवाली से पहले घर की सफाई का सिलसिला शुरू हो जाता था। घर के कोने-कोने से पुरानी चीजें निकाली जातीं, अनुपयोगी सामान छँटा जाता और उन वस्तुओं को बाहर का रास्ता दिखाया जाता, जिनकी उपयोगिता अब समाप्त हो चुकी थी। प्रियंका भी इस बार पूरे उत्साह के साथ सफाई में जुटी हुई थी। रसोई से लेकर बैठक तक सब कुछ व्यवस्थित करने के बाद उसकी नजर कमरे के एक कोने में रखी बड़ी-सी अलमारी पर पड़ी। यह अलमारी किताबों से भरी हुई थी। कुछ किताबें करीने से रखी थीं तो कुछ के पन्नों पर धूल की मोटी परत जम चुकी थी। कई पुरानी पत्रिकाएँ, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, सामान्य ज्ञान के संकलन, पुराने प्रश्नपत्र और हाथ से तैयार किए गए नोट्स वर्षों से उसी अलमारी में जगह घेरे हुए थे।

प्रियंका ने अलमारी का दरवाजा खोला और कुछ किताबें बाहर निकालते हुए बड़बड़ाई, पता नहीं इन किताबों को कब तक सँभालकर रखोगे? अब इनका क्या काम है? कितने साल हो गए इन्हें हाथ लगाए हुए। न तुम इन्हें पढ़ते हो और न ही किसी और के काम आती हैं। बेवजह इतनी जगह रोक रखी है। इस बार दिवाली पर अलमारी खाली कर ही दो।

सत्यम ने उसकी बात सुनी, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। वह धीरे-धीरे अलमारी के पास आया। सामने रखी किताबों को देखने लगा। उसने एक पुरानी पुस्तक उठाई। उसके ऊपर धूल जमी हुई थी। उसने अपनी हथेली से धूल साफ की और किताब के पन्ने पलटने लगा। कुछ ही क्षणों में उसके चेहरे पर एक अलग-सी गंभीरता उतर आई। वह किताब पढ़ नहीं रहा था, बल्कि उसके पन्नों के बीच अपने बीते हुए दिनों को तलाश रहा था।

उस पुस्तक के पहले पन्ने पर उसका नाम लिखा था। नीचे खरीदने की तारीख भी दर्ज थी। उसे याद आया कि यह किताब उसने कितने उत्साह से खरीदी थी। उस समय उसके भीतर कुछ कर गुजरने का जुनून था। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उसके जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य हुआ करती थी। सुबह जल्दी उठना, घंटों अध्ययन करना, कठिन विषयों के नोट्स बनाना, पुराने प्रश्नपत्र हल करना और परीक्षा की तारीखों का इंतजार करना उसकी दिनचर्या का हिस्सा था। किताबों के बीच उसे अपना भविष्य दिखाई देता था। हर नया विषय उसे एक नई संभावना की तरह लगता था।

उस समय उसे लगता था कि मेहनत और लगन से वह अपनी मंजिल जरूर प्राप्त कर लेगा। उसने अपने लिए कई लक्ष्य निर्धारित किए थे। कभी किसी प्रशासनिक पद पर बैठने का सपना देखा, कभी समाज में अपनी अलग पहचान बनाने की इच्छा पाली। उसे विश्वास था कि एक दिन वह अपने परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा और अपने सपनों को वास्तविकता में बदल देगा।

लेकिन जिंदगी हमेशा हमारी योजनाओं के अनुसार नहीं चलती। कई बार परिस्थितियाँ ऐसी करवट लेती हैं कि मनुष्य अपने लक्ष्य से अधिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देने लगता है। सत्यम के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ।

समय बीतता गया। पढ़ाई के साथ नौकरी की तलाश, फिर नौकरी मिलने के बाद उसकी जिम्मेदारियाँ, परिवार की आवश्यकताएँ और जीवन की दूसरी व्यस्तताएँ बढ़ती चली गईं। धीरे-धीरे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिलने वाला समय कम होता गया। पहले वह रोज कई घंटे पढ़ता था, फिर कुछ घंटे और अंततः कभी-कभार किताबें खोलने तक सीमित रह गया।

**प्रस्तुतिः यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप**

## बाल दिवस पर नन्हे खिलाड़ियों का जलवा

# आखिरी गेंद तक संघर्ष, नौवीं बार एशिया का सरताज बना भारत



सूर्या पंडित
(डिप्टी एडिटर)
यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप



बाल दिवस के अवसर पर भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने अपनी ऐतिहासिक जीत से देश को गौरवान्वित कर दिया। एशिया कप 2026 के फाइनल में भारतीय युवा खिलाड़ियों ने पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर नौवीं बार खिताब अपने नाम किया। आखिरी गेंद तक चले इस रोमांचक मुकाबले में नन्हे सितारों ने अपने हुनर, हौसले और शानदार खेल से साबित कर दिया कि देश का भविष्य प्रतिभाशाली हाथों में है। भारतीय टीम की इस उपलब्धि ने बाल दिवस के उत्साह को और भी खास बना दिया।

फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 338 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शुरुआत के बाद मध्यक्रम में लगातार विकेट गिरने से मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एक समय भारत का स्कोर 252 रन पर आठ विकेट हो गया था। ऐसे कठिन दौर में जीत की उम्मीदें कमजोर पड़ती दिखाई देने लगीं, लेकिन युवा खिलाड़ियों ने हार मानने के बजाय संघर्ष जारी रखा।

संकट की इस घड़ी में मनल चौहान और मोहित उल्वा ने अपनी बल्लेबाजी से मुकाबले का रुख बदल दिया। मनल चौहान ने 47 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि मोहित उल्वा ने नाबाद 49 रन बनाकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। दोनों खिलाड़ियों ने दबाव के बीच जिस धैर्य और आत्मविश्वास का परिचय दिया, वह युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। आखिरकार भारत ने एक विकेट से मुकाबला जीतकर इतिहास रच दिया।

बाल दिवस के अवसर पर भारतीय युवा टीम की यह कामयाबी बच्चों की प्रतिभा, मेहनत और सपनों की ताकत का शानदार उदाहरण है। नौवीं बार एशिया कप जीतकर इन युवा खिलाड़ियों ने दिखा दिया कि उम्र छोटी हो सकती है, लेकिन हौसले और उपलब्धियों की कोई सीमा नहीं होती। मनल चौहान और मोहित उल्वा जैसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन देश के उन हजारों बच्चों को प्रेरित करेगा, जो खेल के मैदान में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। भारतीय टीम की यह जीत बाल दिवस के जश्न को यादगार बनाने वाली उपलब्धि बन गई।

# दिल्ली की दमघोंटू आबोहवाः बारिश की राहत नहीं, प्रदूषण के स्थायी समाधान की दरकार

यूथ इंडिया

देश की राजधानी दिल्ली एक बार फिर जहरीली हवा के संकट से जूझ रही है। विकास, आधुनिकता और चमकती अर्थव्यवस्था की पहचान बनने वाली राजधानी की आबोहवा आज इस कदर प्रदूषित हो चुकी है कि खुलकर सांस लेना भी चुनौती बनता जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शनिवार को दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 367 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। शुक्रवार के 373 के मुकाबले इसमें मामूली सुधार जरूर हुआ, लेकिन यह राहत की उम्मीद जगाने के लिए पर्याप्त नहीं है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बारिश की संभावना जताई है, जिससे प्रदूषण के स्तर में कुछ कमी आ सकती है। हालांकि, सवाल यह है कि क्या बारिश के भरोसे राजधानी को स्वच्छ हवा मिल पाएगी?

दिल्ली की प्रदूषण संबंधी स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार को 59 निगरानी केंद्रों में से 17 केंद्रों पर हवा गंभीर और 38 केंद्रों पर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई। पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे सूक्ष्म कण वातावरण में लगातार बने हुए हैं। ये कण केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और सामान्य जीवन को प्रभावित करने वाले गंभीर कारक हैं। बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए ऐसी हवा विशेष रूप से चिंताजनक है। विडंबना यह है कि हर साल सर्दियों के आगमन के साथ प्रदूषण का संकट गहराता है और फिर बैठकों, प्रतिबंधों तथा अस्थायी उपायों का दौर शुरू हो जाता है, लेकिन स्थायी समाधान अब भी दूर दिखाई देता है।

प्रदूषण के कारणों पर नजर डालें तो वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, औद्योगिक उत्सर्जन और पराली जलाने की घटनाएं प्रमुख रूप से सामने आती हैं। निर्णय समर्थन प्रणाली के अनुसार, शनिवार को दिल्ली के प्रदूषण में परिवहन क्षेत्र की हिस्सेदारी 20.5 प्रतिशत रही, जबकि पराली जलाने का योगदान 13.3 प्रतिशत दर्ज किया गया। छह राज्यों में एक ही दिन पराली जलाने की 537 घटनाएं सामने आना इस समस्या के व्यापक स्वरूप को दर्शाता है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में फसल अवशेषों के प्रबंधन की चुनौती बनी हुई है। ऐसे में प्रदूषण को केवल दिल्ली की स्थानीय समस्या मानना उचित नहीं होगा। इसके समाधान के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर तालमेल तथा साझा कार्ययोजना आवश्यक है।

वास्तविकता यह है कि बारिश या हवा की दिशा में बदलाव प्रदूषण को कुछ समय के लिए कम कर सकते हैं, लेकिन इससे समस्या की जड़ समाप्त नहीं होती। जरूरत है कि प्रदूषण नियंत्रण को मौसमी अभियान के बजाय स्थायी प्रशासनिक प्राथमिकता बनाया जाए। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने, स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने, पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण, निर्माण स्थलों पर धूल प्रबंधन तथा पराली के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए किसानों को आर्थिक और तकनीकी सहायता देने जैसे उपाय गंभीरता से लागू किए जाएं। सरकारों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी और नागरिकों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक व्यवहार अपनाना होगा। अब समय आ गया है कि प्रदूषण पर केवल आंकड़ों और घोषणाओं की राजनीति बंद हो तथा धरातल पर परिणाम दिखाई दें। किसी भी राष्ट्र की प्रगति का पैमाना उसकी ऊंची इमारतें और चौड़ी सड़कें नहीं, बल्कि उसके नागरिकों को मिलने वाली स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन होना चाहिए। आखिर सांसों से बड़ा कोई विकास नहीं और स्वच्छ हवा कोई सुविधा नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का जीवनाधिकार है।

**प्रस्तुतिः यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप**

# एआई का साथः दोस्ती और अपनों से दूर ले जा रहा है इंसान को?



विजय गर्ग

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने आधुनिक जीवन को एक नई दिशा दी है। शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार, संचार और मनोरंजन सहित लगभग हर क्षेत्र में इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। आज एआई केवल जानकारी प्राप्त करने या काम आसान बनाने का साधन नहीं रहा, बल्कि कई लोगों के लिए बातचीत करने, अपनी भावनाएँ व्यक्त करने और अकेलेपन को कम करने का साथी भी बनता जा रहा है। लेकिन एक महत्वपूर्ण सवाल सामने आ रहा है कि क्या एआई से बढ़ती दोस्ती हमें अपने परिवार, मित्रों और वास्तविक सामाजिक संबंधों से दूर कर रही है?

आज अनेक लोग एआई चैटबॉट से घंटों बातचीत करते हैं। वे उससे अपने विचार साझा करते हैं, व्यक्तिगत समस्याओं पर चर्चा करते हैं और कभी-कभी भावनात्मक सहारा भी तलाशते हैं। एआई की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह किसी भी समय उपलब्ध रहता है। वह धैर्यपूर्वक जवाब देता है, सवालों का उत्तर देता है और बातचीत को आगे बढ़ाता है। उसे न समय की चिंता होती है और न ही वह सामान्य मानवीय बातचीत की तरह थकान या व्यस्तता व्यक्त करता है। यही कारण है कि कुछ लोगों को एआई के साथ बातचीत करना आसान और सुविधाजनक लगता है।

हालाँकि, इस सुविधा का एक दूसरा पहलू भी है। वास्तविक दोस्ती और पारिवारिक रिश्ते केवल बातचीत तक सीमित नहीं होते। उनमें भावनाएँ, विश्वास, जिम्मेदारियाँ, त्याग, समझौते और एक-दूसरे के सुख-दुख में भागीदारी शामिल होती है। किसी मित्र के साथ बैठकर चाय पीना, परिवार के साथ भोजन करना, बच्चों के साथ खेलना या किसी परेशान व्यक्ति को गले लगाना ऐसी मानवीय अनुभूतियाँ हैं, जिनकी जगह कोई डिजिटल प्रणाली पूरी तरह नहीं ले सकती।

एआई से बातचीत में व्यक्ति को अक्सर अपनी बात कहने का अवसर मिलता है, लेकिन यह अनुभव वास्तविक मानवीय संबंधों का विकल्प नहीं बन सकता। यदि कोई व्यक्ति अपनी हर समस्या के लिए एआई पर निर्भर होने लगे और परिवार या मित्रों से बातचीत कम कर दे, तो धीरे-धीरे सामाजिक दूरी बढ़ सकती है। विशेष रूप से बच्चे और किशोर, जो भावनात्मक तथा सामाजिक विकास के दौर से गुजर रहे होते हैं, इस बदलाव से प्रभावित हो सकते हैं।

आज परिवारों में एक विचित्र स्थिति देखने को मिलती है। एक ही कमरे में बैठे लोग अपने-अपने मोबाइल फोन में व्यस्त रहते हैं। माता-पिता बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते और बच्चे भी वास्तविक मित्रों के साथ खेलने या बातचीत करने के बजाय डिजिटल दुनिया में अधिक समय बिताने लगते हैं। यदि इस वातावरण में एआई भी भावनात्मक साथी बन जाए, तो आमने-सामने बातचीत और सामाजिक गतिविधियों के अवसर और कम हो सकते हैं।

हालाँकि, एआई को पूरी तरह दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। यह तकनीक शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, रचनात्मक कार्यों और दैनिक समस्याओं के समाधान में उपयोगी भूमिका निभा सकती है। कई लोग इससे नई चीजें सीखते हैं, अपनी भाषा सुधारते हैं और कठिन विषयों को समझते हैं। समस्या तकनीक के अस्तित्व में नहीं, बल्कि उसके अत्यधिक उपयोग और उस पर भावनात्मक निर्भरता में है।

यह समझना भी आवश्यक है कि एआई मानवीय भावनाओं को समझने और उनका जवाब देने जैसा व्यवहार कर सकता है, लेकिन उसके पास मनुष्य जैसी चेतना, व्यक्तिगत अनुभव और वास्तविक भावनात्मक संबंध नहीं होते। इसलिए उससे मिलने वाले उत्तरों को मानवीय प्रेम, मित्रता और संवेदना के समान नहीं मानना चाहिए।

माता-पिता और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को तकनीक के सही उपयोग के बारे में जागरूक करें। बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम की सीमाएँ निर्धारित की जानी चाहिए। परिवार में साथ बैठकर भोजन करना, बातचीत करना, खेलना और पुस्तकें पढ़ना जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहिए। युवाओं को भी वास्तविक मित्रता, सामाजिक भागीदारी और पारिवारिक संबंधों का महत्व समझना चाहिए।

एआई का उपयोग जीवन को सरल और बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए, न कि जीवन के वास्तविक संबंधों का स्थान लेने के लिए। तकनीक हमारी सहायक बन सकती है, लेकिन उसे हमारे जीवन का केंद्र नहीं बनना चाहिए।

**प्रस्तुतिः यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप**

## (बिरसा मुंडा जयंती पर विशेष)

# जनजातीय जागरूकता के महानायक भगवान बिरसा मुंडा



डॉ.राघवेंद्र शर्मा

हम में इतिहास में पढ़ाया गया है कि देश की आजादी में एक संगठन विशेष का हाथ रहा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के रूप में भी चंद नेताओं के नाम गिना दिए जाते हैं। जबकि यह पूरा सच नहीं है। सत्यता तो यह है कि देश के हर जाति वर्ग संप्रदाय तथा उनके नेताओं ने अपने-अपने स्तर पर आजादी की लड़ाई लड़ी।

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के साथ-साथ जनजातीय जागरूकता के फलक पर भगवान बिरसा मुंडा का नाम भी प्रखर सूर्य की तरह अंकित है, जिन्होंने अपनी कम आयु और सीमित संसाधनों के बावजूद औपनिवेशिक सत्ता की चूलें हिला दी थीं। छोटा नागपुर के पठार पर जन्में इस जननायक ने न केवल जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों और उनके पिट्ठू जमींदारों के विरुद्ध उलगुलान यानी महाविद्रोह का शंखनाद किया, बल्कि आदिवासी समाज को उसकी खोई हुई अस्मिता, सांस्कृतिक गौरव और आत्मसम्मान से भी परिचित कराया। हर साल पंद्रह नवंबर को उनकी जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो उनके महान कृतित्व और बलिदान को स्मरण करने का पावन अवसर होता है। उनका पूरा जीवन शोषितों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए बीता था।

उन्नीसवीं सदी के अंतिम दौर में ब्रिटिश नीतियों और स्थानीय महाजनों के शोषण के कारण आदिवासी समाज भुखमरी, बेदखली और अमानवीय अत्याचारों का शिकार हो रहा था। पारंपरिक व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर आदिवासियों को उनकी ही भूमि पर बेगाना बना दिया गया था। ऐसे विकट समय में बिरसा मुंडा ने समाज के भीतर गहराई तक उतरकर उसकी पीड़ा को समझा। उन्होंने यह महसूस किया कि बाहरी ताकतों से लड़ने से पहले समाज को भीतर से मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने आदिवासियों को रूढ़ियों, अंधविश्वासों और नशे जैसी सामाजिक कुरीतियों से बाहर निकालने का बीड़ा उठाया। उन्होंने लोगों को स्वच्छता, सादगी और एकजुटता का संदेश दिया तथा अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा दी।

आदिवासी उत्थान में उनका योगदान बहुआयामी था। उन्होंने आदिवासियों को संगठित कर यह सिखाया कि संगठित शक्ति के आगे बड़े से बड़े साम्राज्य को भी झुकना पड़ता है। उनका %उलगुलान% आंदोलन केवल मालगुजारी या कर के खिलाफ नहीं था, बल्कि यह जल, जंगल और जमीन पर आदिवासी समुदाय के पारंपरिक और जन्मजात अधिकारों को पुनः स्थापित करने की महागाथा थी। उनके इन प्रयासों का ही परिणाम था कि ब्रिटिश हुकूमत को झुकना पड़ा और बाद में %छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम% अस्तित्व में आया, जिसने आदिवासियों की जमीनों के गैर-कानूनी हस्तांतरण पर रोक लगाई। यद्यपि नौ जून उन्नीस सौ को बहुत कम उम्र में ही उनका रहस्यमय परिस्थितियों में देहावसान हो गया, लेकिन उनके विचार आज भी भारत के जनजातीय समाज के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

भगवान बिरसा मुंडा के इन्हीं आदर्शों और संकल्पों को आगे बढ़ाते हुए समकालीन सरकारों ने उनके सपनों के अनुरूप आदिवासियों के चहुंमुखी विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विशेष रूप से मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनजातीय उत्थान, संस्कृति के संरक्षण और युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में प्रमुख है जहाँ आदिवासी आबादी का एक बड़ा हिस्सा निवास करता है, और यही कारण है कि यहाँ जनजातीय कल्याण शासन की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रहा है।

मध्य प्रदेश सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति और उनके नाम को चिरस्थाई बनाते हुए आदिवासी युवाओं के लिए भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना का संचालन किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवाओं को स्वयं का व्यवसाय या उद्योग स्थापित करने के लिए कम ब्याज दर पर बैंकों के माध्यम से भारी ऋण उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत विनिर्माण इकाइयों के लिए एक लाख से पचास लाख रुपए तक तथा सेवा एवं खुदरा व्यवसाय के लिए एक लाख से पच्चीस लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस योजना में सरकार द्वारा लाभार्थियों को पांच प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम सात वर्षों तक दिया जाता है, साथ ही गारंटी फीस का वहन भी सरकार करती है। इससे जनजातीय युवा नौकरी मांगने वाले के बजाय नौकरी देने वाले उद्यमी बन रहे हैं।

स्वरोजगार के साथ-साथ मध्य प्रदेश सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और कृषि विकास पर भी अभूतपूर्व काम किया है। हाल ही में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में राज्य के विभिन्न अंचलों में बड़े विकास कार्यों की सौगात दी गई है, जिसमें नर्मदा घाटी और अन्य सिंचाई परियोजनाओं के जरिए आदिवासी बहुल क्षेत्रों के सूखे खेतों तक पानी पहुंचाना शामिल है ताकि किसानों की आय बढ़ सके।

**प्रस्तुतिः यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप**

# प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों ने सात घंटे तक किया हंगामा

यूथ इंडिया, शाहजहांपुर




मदनापुर कस्बे में एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई। शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया और चीख पुकार मच गई उन्होंने अस्पताल परिसर में करीब सात घंटे तक हंगामा करते हुए डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परिजनों को समझाया। बाद में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया।

जानकारी के अनुसार, मदनापुर थाना क्षेत्र के ढुकुरी कला गांव निवासी शीतल उम्र (25) वर्ष पत्नी अजय सिंह को 13 नवंबर को प्रसव पीड़ा होने पर कटरा रोड मदनापुर स्थित जीवन अनमोल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोपहर करीब एक बजे भर्ती हुई शीतल ने दो घंटे बाद सामान्य प्रसव से बेटे को जन्म दिया। नवजात सुरक्षित था। परिजनों के मुताबिक, रात में बरेली से खून भी मंगवाकर शीतल को चढ़ाया गया, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी।

पति अजय सिंह और बहन अर्चना का आरोप है कि हालत गंभीर होने पर अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने उन्हें दूसरे अस्पताल ले जाने की भी सलाह दी, लेकिन दिनांक 14 नवंबर शनिवार को सुबह करीब साढ़े छह बजे शीतल की मौत हो गई। महिला की मौत से नाराज परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी वहां से फरार हो गए।

परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। शुरुआत में उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार कर दिया, लेकिन पुलिस के काफी समझाने के बाद परिजन राजी हो गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ट्यूलिप चिल्ड्रन्स एकेडमी में बाल दिवस की धूम, बच्चों ने फूड और गेम्स के स्टॉल लगाकर दिखाई प्रतिभा

यूथ इंडिया, शाहजहांपुर पुवायां



ट्यूलिप चिल्ड्रन्स एकेडमी में शनिवार को बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों की उमंग, उत्साह और रचनात्मकता से सराबोर नजर आया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों और मनोरंजक खेलों के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की पहल और उत्साह ने पूरे विद्यालय परिसर को मेले के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने आकर्षक ढंग से फूड स्टॉल सजाए और विभिन्न प्रकार के खेलों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। इस गतिविधि के जरिए विद्यार्थियों को न केवल अपनी रचनात्मक क्षमता दिखाने का अवसर मिला, बल्कि उन्होंने व्यवहारिक ज्ञान, टीम भावना और उद्यमशीलता के गुण भी सीखे। कार्यक्रम में अभिभावकों और शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की और बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

विद्यालय की चेयरपर्सन वर्षा गोस्वामी एवं प्रधानाचार्या शिवानी सिंह ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए किताबी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता भी बेहद आवश्यक है। इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना और व्यावहारिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रेया मिश्रा, दीपु शुक्ला, प्रिया मिश्रा, अदिति गुप्ता, जसकीरत कौर, अर्पिता सिंह, शगुन गुप्ता, रिमझिम गुप्ता, नम्रता अवस्थी, बुदल मिश्रा, छाया गुप्ता, कल्पना शर्मा, ज्योतिका पांडेय और ललिता देवी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

अंत में सभी ने बच्चों के साथ बाल दिवस की खुशियां साझा कीं। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ अपनी प्रतिभा निखारने, नए अनुभव हासिल करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का यादगार अवसर बन गया।

# थाना दिवस पर सीओ परशुरामपुरी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



यूथ इंडिया, शाहजहांपुर, परशुरामपुरी

जलालाबाद में शनिवार, 14 नवंबर को थाना दिवस के अवसर पर थाना परशुरामपुरी में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी दीपक कुमार सिंह ने थाने पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक फरियादी की समस्या का निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए, ताकि पीड़ित लोगों को न्याय के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े।

# सिंचाई मशीन चोरी करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल और दो पंपिंग सेट बरामद

यूथ इंडिया, हरदोई



जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत टड़ियावां पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने खेत से सिंचाई मशीन चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पवन यादव निवासी ग्राम बिजौली, थाना पिसावां, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, बीते 12 नवंबर को महमदापुर निवासी श्री उपकार पुत्र छंगा ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके खेत से सिंचाई मशीन चोरी हो गई है।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा संख्या 571/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम ने साक्ष्यों और अन्य जानकारियों के आधार पर जांच-पड़ताल की। इसी दौरान पवन यादव का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल और दो अदद पंपिंग सेट बरामद किए गए।

# डिपो में आयोजित हुआ स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम

यूथ इंडिया, बहराइच



यातायात माह के अंतर्गत शनिवार को बहराइच डिपो में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिपो के कर्मचारियों एवं वाहन चालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित यातायात के लिए आवश्यक सावधानियों एवं यातायात नियमों की जानकारी देना रहा।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. पीयूष साहू ने कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किया। वहीं नेत्र परीक्षण अधिकारी संजय श्रीवास्तव एवं फार्मासिस्ट अरुण कुमार यादव द्वारा उपस्थित कर्मचारियों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा आवश्यक उपचार एवं दवाओं के संबंध में परामर्श दिया गया।

इस अवसर पर जिला संक्रामक रोग प्रभारी आफाक अहमद की भी उपस्थिति रही। उन्होंने कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, आंखों की रोशनी का विशेष ध्यान रखने तथा वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, बेहतर दृष्टि और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता सुरक्षित परिवहन व्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं।

**स्कूल में गैंगबाजी का आरोप!**

# आरआर इंटर कॉलेज के छात्र को छह युवकों ने घेरकर पीटा

- बेल्ट, डंडों और लात-घूंसों से हमले का आरोप, मारपीट का वीडियो इंस्टाग्राम पर किया वायरल

यूथ इंडिया, हरदोई



जिले में शिक्षण संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा और अनुशासन व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। आरआर इंटर कॉलेज में कक्षा 10 के छात्र के साथ कथित तौर पर आधा दर्जन युवकों ने घेरकर बेरहमी से मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित छात्र के पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

लाइन पुरवा निवासी आदित्य विक्रम सिंह चौहान के मुताबिक, उनका पुत्र शांतनु सिंह चौहान आरआर इंटर कॉलेज में कक्षा 10 (एफ) का छात्र है। आरोप है कि विद्यालय के कुछ छात्रों ने समूह बना रखा है, जो दूसरे विद्यार्थियों के साथ अभद्रता और मारपीट करते हैं। इसी क्रम में करीब छह युवकों ने शांतनु को घेर लिया और बेल्ट, डंडों तथा लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

पीड़ित के पिता का कहना है कि उन्होंने घटना की जानकारी कॉलेज के प्रधानाचार्य को दी, लेकिन विद्यालय प्रशासन ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। आरोप है कि उन्हें पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने की सलाह देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया।

शिकायत में फरहान, साहिल गाजी और लव कुमार समेत अन्य युवकों का जिक्र किया गया है। पिता का आरोप है कि मारपीट का वीडियो बनाकर साहिल नामक युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा कर दिया। इससे छात्र को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पीड़ित परिवार ने एसपी से निष्पक्ष जांच, अज्ञात युवकों की पहचान और वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस की जांच और कार्रवाई का इंतजार है।

# खेल महोत्सव में नन्हे खिलाड़ियों ने बिखेरी प्रतिभा, बाल मेले में दिखी रौनक

यूथ इंडिया, मिहींपुरवा,बहराइच



बाल दिवस के अवसर पर लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल, अटल चौक में शनिवार को %लॉर्ड बुद्धा खेल महोत्सव एवं बाल मेला-2026% का भव्य आयोजन किया गया। उत्साह, उमंग और खेल भावना से सराबोर इस समारोह में विद्यालय की चारों शाखाओं के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

बच्चों के उत्साह और रोमांचक खेल मुकाबलों ने पूरे विद्यालय परिसर को उत्सव के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल प्रतियोगिताओं में प्राथमिक वर्ग के बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर और बॉटल चैलेंज आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं वरिष्ठ वर्ग में कबड्डी, खो-खो, जूडो-कराटे और एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी फुर्ती, कौशल और खेल भावना का परिचय दिया।

अटल चौक मुख्य शाखा, गुरुद्वारा ब्रांच, हिंदी माध्यम शाखा और गायघाट ब्रांच के विद्यार्थियों की सहभागिता ने आयोजन को यादगार बना दिया। खेल प्रतियोगिताओं के साथ आयोजित बाल मेले में बच्चों ने खानपान और मनोरंजक खेलों के स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मकता एवं प्रबंधन क्षमता का परिचय दिया। अभिभावकों ने भी बच्चों के उत्साहवर्धन के साथ मेले का आनंद लिया। समारोह के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि विद्यालय का ध्येय वाक्य वी बिलीव इन इनोवेशन बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने की प्रेरणा देता है।

# बाल दिवस पर विज्ञान मेले का आयोजन



यूथ इंडिया, गोण्डा

बाल दिवस के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय डड़वा कानूनगो में अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। विज्ञान मेले में बच्चों ने बड़े उत्साह और रचनात्मकता के विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल तैयार किया तथा अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रमुख मॉडलों में फ्लोटिंग हाउस, फायर अलार्म, मानव हृदय, मानव उत्सर्जन तंत्र, ट्रैफिक नियम, वेजिटेबल कटर (सब्जी काटने की मशीन), ज्वालामुखी एवं आदर्श गांव शामिल रहे।

बच्चों ने अपने-अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली और उनमें छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाया। इस अवसर पर एआरपी रिचा सिंह, इंचार्ज प्रधानाध्यापिका बेबी बानो, साजिया, कुसमा देवी, कुसुम, दीपा, सरिता, उपस्थित रहीं

# स्वास्थ्य विभाग में भर्ती को लेकर उठे गंभीर सवाल

- 69 पदों के सापेक्ष 500 से अधिक लोगों की नियुक्ति का आरोप

यूथ इंडिया, गोंडा



जिले के स्वास्थ्य विभाग में भर्ती प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) गोंडा के अधीन 69 पदों के सापेक्ष 500 से अधिक लोगों की भर्ती किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। यदि यह आरोप सही है तो भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और नियमों के पालन को लेकर जांच जरूरी हो जाती है।

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि निर्धारित पदों की संख्या से कई गुना अधिक लोगों की नियुक्ति आखिर किस आधार पर की गई? क्या इन भर्तियों के लिए शासन से अनुमति ली गई थी? क्या चयन प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार पूरी हुई या फिर इसमें अनियमितताओं की भूमिका रही?

आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि कुछ लोगों की नियुक्ति कथित रूप से पैसे लेकर कराई गई। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस पूरे मामले में एक और गंभीर चिंता उन लोगों के भविष्य को लेकर है, जिन्होंने नियुक्ति के आधार पर अपनी नौकरी और परिवार की जिम्मेदारियों से जुड़ी उम्मीदें लगा रखी हैं। यदि जांच में भर्तियां अवैध या नियमविरुद्ध पाई जाती हैं तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी और उनके भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा? साथ ही, यदि जिम्मेदार अधिकारी मामले से बचने के लिए पद छोड़कर चले जाते हैं या जवाबदेही से बचते हैं, तो जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी किसकी होगी?

अब आवश्यकता है कि शासन और जिला प्रशासन पूरे प्रकरण का संज्ञान लेकर भर्ती से संबंधित विज्ञापन, स्वीकृत पदों, चयन सूची, नियुक्ति आदेश और वित्तीय लेनदेन की निष्पक्ष जांच कराएं। जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई हो तथा जिन अभ्यर्थियों ने नियमों के तहत नियुक्ति प्राप्त की है, उनके अधिकारों और भविष्य को भी ध्यान में रखा जाए।

# प्रधान प्रतिनिधि फारुक खान ने संस्था के माध्यम से भेंट किए अंगवस्त्र



यूथ इंडिया, शुकुलबाजार अमेठी

विकासखंड शुकुलबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत मरदानपुर के प्रधान प्रतिनिधि फारुक खान ने अपने जन्मदिन को सेवा और सामाजिक सरोकार के रूप में मनाते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच अंगवस्त्र वितरित किए।

इस अवसर पर उन्होंने कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक एवं समाजसेवी पी.के.तिवारी के माध्यम से जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया इस सराहनीय पहल के माध्यम से फारुक खान ने जन्मदिन की खुशियों को समाज के जरूरतमंद लोगों के साथ साझा करने का संदेश दिया अंगवस्त्र प्राप्त करने वाले लोगों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली।

वहीं लाभार्थियों ने फारुक खान के दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए इस नेक पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया साथ ही समाजसेवी पी.के. तिवारी के प्रति भी धन्यवाद प्रकट किया।इस अवसर पर सामाजिक सेवा सहयोग और आपसी भाईचारे की भावना देखने को मिली।

## जंगली जानवर के हमले में बालिका समेत दो घायल

**बहराइच।** हरदी इलाके के नथुवापुर में शुक्रवार की देर रात जंगली जानवर के हमले में एक पांच वर्षीय बालिका समेत दो लोग घायल हो गए। घायल का सीएचसी रमपुरवा में उपचार कराया गया। वन विभाग ने सियार या कुत्ते की ओर से हमले की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार नथुवापुर निवासी घर के पास खड़े 22 वर्षीय संजय पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। शोर मचाने पर वह भाग निकला। इसके बाद जंगली जानवर ने अंगनू राव की पांच वर्षीय बेटी सौम्या पर हमला कर दिया। चीख सुनकर परिवारीजन मौके पर दौड़े। जंगली जानवर झाड़ियों की ओर भाग निकला। परिजनों ने घायलों को सी एच सी रमपुरवा ले जाकर उपचार कराया। सूचना पाकर भाजपा नेता अखंड प्रताप सिंह ने घायलों के घर पहुंच जानकारी ली। वन विभाग को बचाव के निर्देश दिए।रेंजर मोहम्मद शाकिब ने बताया कि टीम को मौके पर भेजा गया है।

# जसराना के स्कूल में बच्चों ने बाल मेला लगाया

- क्विज, कला और खान-पान के स्टॉल लगे

यूथ इंडिया, फिरोजाबाद



जसराना के Genius Institute of Education में बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने खेल, प्रतियोगिताओं और रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। पूर्व चेयरमैन अवनीश गुप्ता ने बच्चों की गतिविधियों और स्कूल के प्रयासों की सराहना की।मेले में दौड़, गेम्स, क्विज, कला और क्राफ्ट की गतिविधियां हुईं। बच्चों के लिए खान-पान के स्टॉल और मनोरंजन कार्यक्रम भी रखे गए।

बच्चों ने इन गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई कार्यक्रम में बच्चों ने मिल-जुलकर काम करने, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता का परिचय दिया।इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन मुनेश यादव, डायरेक्टर राहुल यादव, प्रधानाचार्या सुधा बघेल, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनकी प्रतिभा की सराहना की।जसराना के पूर्व चेयरमैन अवनीश गुप्ता ने मेले में बच्चों की गतिविधियां देखीं।

उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आयोजन में सहयोग किया।

## 101 निर्धन बेटियों का सामूहिक विवाह कराने पर समाजसेवी विनय अग्रवाल को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर।** एक सौ एक निर्धन एवं असहाय बेटियों का सामूहिक विवाह कराकर सामाजिक सरोकारों की अनूठी मिसाल पेश करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी विनय अग्रवाल परी नमकीन वाले और कुणाल अग्रवाल के सराहनीय प्रयासों की हर ओर प्रशंसा हो रही है। इसी क्रम में सहयोग संस्था की ओर से विनय अग्रवाल को अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष स्तुति गुप्ता ने कहा कि एक सौ एक बेटियों के हाथ पीले कराकर विनय अग्रवाल ने मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका यह पुनीत कार्य समाज के अन्य लोगों, विशेषकर युवाओं को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की प्रेरणा देता है।

# अधिकारियों ने दो आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का दौरा किया

- फिरोजाबाद के छिकाऊ और सलेमपुर में स्वास्थ्य सेवाओं और राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा

यूथ इंडिया, फिरोजाबाद




14 नवंबर 2026 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर छिकाऊ और सलेमपुर का सहयोगात्मक दौरा किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा हुई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला के चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (ब्लॉक्क) और ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (ब्लॉक्क) ने यह दौरा किया।इसका उद्देश्य ग्रामीण लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देना और राष्ट्रीय कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से चलाना था।इसका उद्देश्य ग्रामीण लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देना और राष्ट्रीय कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से चलाना था।अधिकारियों ने दोनों केंद्रों पर उपलब्ध सेवाओं, जरूरी दस्तावेजों और रजिस्टरों के रखरखाव की जांच की। उन्होंने परिसर की सफाई, दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और अन्य जरूरी सामान की उपलब्धता भी देखी।दौरे के दौरान संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (ष्टाह्र) को सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और राष्ट्रीय कार्यक्रमों के तय लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए गए। आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल रखने को भी कहा गया।ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और पात्र लोगों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया गया। जरूरतमंद लोगों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की बात भी कही गई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद के निर्देशन में जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा की जा रही है। इस दौरे का उद्देश्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारना था।

# शराब की दुकानों और गोदामों का आबकारी विभाग ने किया निरीक्षण




यूथ इंडिया, फिरोजाबाद

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को आबकारी विभाग की टीम ने जनपद में शराब गोदामों और देशी व कंपोजिट शराब की फुटकर दुकानों का निरीक्षण किया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम एमपी सिंह ने स्टाफ के साथ दुकानों और कैंटीन परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान साफ-सफाई रखने, दुकान के बाहर मदिरापान न होने देने और मांग के अनुसार ब्रांड व पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। साथ ही सीसीटीवी कैमरे चालू रखने, पीओएस मशीन से शत-प्रतिशत बिक्री करने, अभिलेख अपडेट रखने, ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने और निर्धारित मूल्य पर ही शराब बेचने के निर्देश दिए गए। टीम ने आईजीआरएस शिकायतों की मौके पर जांच भी की।

# शासन के निर्देश पर गोंडा की टीम ने सीएचसी रामसनेहीघाट का किया निरीक्षण

यूथ इंडिया। रामसनेहीघाट-बाराबंकी



शासन के निर्देश पर शनिवार को गोंडा से पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामसनेहीघाट का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल की ओपीडी, इमरजेंसी, ऑपरेशन थियेटर सहित विभिन्न वार्डों और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक मिली और जगह-जगह गंदगी नहीं दिखाई दी।

निरीक्षण टीम में सीएचसी मनकापुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसएन सिंह तथा सीएमओ कार्यालय गोंडा के एआरओ डॉ. चंदन कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे। टीम के अस्पताल पहुंचने पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र, डॉ. रईस खान समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने उनका स्वागत किया।टीम ने सबसे पहले ओपीडी पहुंचकर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इसके बाद इमरजेंसी कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई), ईटीसी वार्ड तथा नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई (एनबीएसयू) का निरीक्षण किया।

अस्पताल के अन्य कक्षों और सुविधाओं को भी जांचा गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शासन की निर्धारित जांच सूची के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पताल की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया। साफ-सफाई की स्थिति पर टीम ने विशेष रूप से ध्यान दिया, जिसमें परिसर की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण से संबंधित विवरण शासन के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर दर्ज किया जाएगा।

सीएचसी रामसनेहीघाट के निरीक्षण के बाद टीम ने इससे जुड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भी जायजा लिया।

# शिक्षा और संस्कारों से ही बनेगा सशक्त राष्ट्रः रामबाबू द्विवेदी

यूथ इंडिया। बाराबंकी



अहमदपुर चैराहा स्थित चन्द्र भानु गुप्त स्मारक विद्यालय का स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और कठिन परिश्रम के बल पर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। आज विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे ही कल डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि बनकर देश की सेवा करेंगे।

इसलिए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रतिस्पर्धा के दौर में किताबी ज्ञान के साथ अनुशासन, ईमानदारी, परिश्रम, नैतिकता और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना भी विद्यार्थियों के जीवन का हिस्सा होनी चाहिए। गुरु का स्थान समाज में सर्वोच्च है, क्योंकि शिक्षक ही विद्यार्थी को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाकर उसके भविष्य को नई दिशा प्रदान करता है।

वार्षिकोत्सव को बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास का उत्सव बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी कला, रचनात्मकता और प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में कभी अपनी क्षमता को कम नहीं आंकना चाहिए। बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा एवं मेहनत से जुट जाएं, क्योंकि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक और अभिभावकों को मिलकर प्रयास करना होगा। विद्यालय के प्रबंधक तेज प्रताप शुक्ल एवं संचालक ज्ञान प्रकाश शुक्ल के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज का भविष्य संवारना एक महत्वपूर्ण सामाजिक जिम्मेदारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक की टक्कर के विवाद ने पकड़ा तूल, युवक पर चाय की केतली से किया वार

**नैनी।** बाइक की मामूली टक्कर को लेकर हुआ विवाद कुछ ही देर में मारपीट और हमले तक पहुंच गया। आरोप है कि आधे घंटे बाद रास्ते में कुछ युवकों ने दो भाइयों को घेरकर उनकी बाइक में तोड़फोड़ की और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक युवक ने आर्यन के चेहरे पर चाय की केतली से वार कर दिया, जिससे उसके चेहरे पर गहरा घाव हो गया। पीड़ित पक्ष ने नैनी थाने पहुंचकर शिकायत की, जिसके बाद पुलिस कुछ युवकों को थाने ले आई। हालांकि, करीब एक घंटे बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया। जानकारी के मुताबिक, नई बाजार निवासी मनोज कुमार जायसवाल के घर के बाहर उनका बेटा हिमांशु और आर्यन बाइक लेकर खड़े थे। इसी दौरान पीछे से आई दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। हालांकि, मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया और सभी को वहां से हटा दिया। आरोप है कि इस घटना के करीब आधे घंटे बाद आर्यन अपने बड़े भाई हिमांशु के साथ बाइक से शहर की ओर जा रहा था। जैसे ही दोनों मेवालाल की बगिया स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के पास पहुंचे, तभी कुछ युवकों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। इसके बाद उनकी बाइक में तोड़फोड़ करते हुए दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक युवक ने आर्यन के चेहरे पर चाय की केतली से हमला कर दिया, जिससे उसका चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया।

### थाना समाधान दिवस में 11 शिकायतें आईं, चार का मौके पर निस्तारण



**रामसनेहीघाट-बाराबंकी।** कोतवाली रामसनेहीघाट परिसर में माह के दूसरे शनिवार थाना समाधान दिवस का आयोजन प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस से संबंधित कुल 11 शिकायतें प्रस्तुत हुईं, जिनमें चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान पुलिस टीम के साथ राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल भी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने राजस्व से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि ऐसे मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर जांच की जाए और समस्या का जल्द समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार-बार अधिकारियों और थाने के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

### लापता युवक का कुएं में शव मिलने से गांव में फैली सनसनी



**माधौगढ़,जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के रमेतपुरा गांव के पास शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक लापता युवक का शव कुएं में उतराता मिला। चारा काटने गई महिलाओं की नजर कुएं में पड़े शव पर पड़ी तो उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों की मदद से कुएं से शव निकालने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद टीम ने शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान 33 वर्षीय सोबरन दोहरे के रूप में हुई है। बताया गया कि युवक बीती 12 तारीख से लापता था, जिसकी परिजन लगातार तलाश कर रहे थे। अचानक कुएं में उसका शव मिलने की खबर से परिवार में चीख-पुकार मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना को लेकर गांव में भी तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### कार ई-रिक्शा में टक्कर में एक महिला सहित छह लोग घायल



**कसया, कुशीनगर।** हेतिमपुर से सवारी लेकर कसया जा रहा ई-रिक्शा को कार ने पीछे ठोकर मार दिया। इससे वह पलट गया। उसमें सवार एक महिला सहित छह लोग घायल हो गए। कसया सीएचसी के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन की स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां एक युवक की स्थिति नाजुक होने पर गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वहां जाते समय रास्ते में ही युवक ने दमतोड़ दिया। उधर घटना के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस कार्रवाई में जुटी है। शनिवार को हेतिमपुर से ई-रिक्शा में सवार होकर कसया के लिए चले 28 वर्षीय मुकेश यादव निवासी कसया थाने के खेदनी, 38 वर्षीय शिवकुमार राय निवासी भैंसहा सदर टोला, 50 वर्षीया सकीना खातून निवासी अहिरौली राय, देवरिया जिले के महुआडीह थाने के पड़ौली निवासी 18 वर्षीय आदित्य सिंह, हेतिमपुर रमौली निवासी 35 वर्षीय लक्ष्मण सिंह व मुंडेराचंद निवासी 40 वर्षीय उपेंद्र कुमार घायल हो गए। उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मुकेश, शिवकुमार राय व उपेंद्र की स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मदरसों में व्यापतअनियमितता का मामला शासन तक पहुँचा

**तुर्कपट्टी, कुशीनगर।** गतवर्ष दुदही विकासखंण्ड में जाँच के दौरान एक ही मान्यता पर दो विद्यालय संचालित होते पाया गया था।इस बार फाजिलनगर विकासखंड के ग्राम शिवपुर बुजुर्ग में संचालित दो मदरसों में अनेक अनियमितता का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता द्वारा उसकी कार्यप्रणाली को शासन के संज्ञान में लाते हुए जांच की मांग की गई है। मिली जानकारी के अनुसार फाजिलनगर विकासखंड के ग्रामसभा शिवपुर बुजुर्ग में संचालित मदरसा वकील वारसी पब्लिक स्कूल व मदरसा वकील वारसी निस्वा स्कूल को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा दोनों संस्थानों की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक के शैक्षणिक क्रियाकलाप,वित्तीय और प्रशासनिक कामकाज की परत-दर-परत जांच शासन से कराने की मांग की गई है।शिकायत में किये गये कुल सोलह विन्दुओं में मामला केवल कागजी मान्यता और पंजीकरण तक सीमित नहीं है बल्कि प्रबन्ध समिति की वैधता,प्रधानाचार्यो सहित सभी शिक्षकों की नियुक्ति, उनकी शैक्षिक योग्यता के सत्यापन के साथ ही विद्यार्थियों के वास्तविक नामांकन प्रक्रिया तक सवाल उठाए गए हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता की मौत, दहेज के लिए हत्या का आरोप

यूथ इंडिया। तुर्कपट्टी, कुशीनगर



तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के अवरवा सोफीगंज में शुक्रवार की रात्रि में एक नव विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के खुशीपट्टी निवासी कन्हैया लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि मैने अपनी बेटी करिश्मा उम्र 21 की शादी तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के अवरवा सोफीगंज निवासी अरविन्द पुत्र स्व वीर गुप्ता से 20 अप्रैल 2025 को अपनी सामर्थ्य के अनुसार उपहार और घरेलू सामान दिया गया था। आरोप है कि शादी के बाद करीब एक महीने तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने का ताना देकर विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट भी की जाती थी।

पति और ससुराल के अन्य सदस्य उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करते थे और बार बार, सास बेबी गुप्ता, जेठानी, देवर तथा पति द्वारा मारपीट इस बीच कर उसे दो लाख रूपया और एक अपाची गाड़ी अपने मायके से मांगने का दवाब बनाते थे।

# एसएसपी ने थाना माखी में नवनिर्मित मुख्य द्वार और मीटिंग हॉल का किया उद्घाटन

यूथ इंडिया। उन्नाव



पुलिस थानों की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और पुलिसकर्मियों को व्यवस्थित कार्यस्थल उपलब्ध कराने की दिशा में थाना माखी परिसर में नवनिर्माण कार्य कराए गए हैं। शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने थाना माखी पहुंचकर नवनिर्मित मुख्य द्वार, बाउंड्रीवॉल एवं मीटिंग हॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया।

उद्घाटन के बाद एसएसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण कर कराए गए निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने नवनिर्मित मुख्य द्वार, परिसर की सुरक्षा के लिए बनाई गई बाउंड्रीवॉल और बैठक एवं विभागीय कार्यों के लिए तैयार किए गए मीटिंग हॉल की व्यवस्थाएं देखीं। इन निर्माण कार्यों से थाना परिसर की व्यवस्था और सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में नवनिर्मित सुविधाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी शैलेन्द्र लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी सफीपुर दीपक यादव, क्षेत्राधिकारी अपराध मधुपनाथ मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह के खिलाफ विद्यार्थियों ने ली जागरूकता की सीख, कानून और हेल्पलाइन की दी गई जानकारी

यूथ इंडिया। उन्नाव



बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को परियर स्थित बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी के आदेश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों और इसकी रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का आयोजन चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट के प्रभारी दिवाकर ओझा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन की सुपरवाइजर सलमा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि बाल विवाह बच्चों के बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। कम उम्र में विवाह होने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि इस सामाजिक बुराई को रोकने के लिए कानून के साथ-साथ जनजागरूकता भी बेहद जरूरी है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ से अपील की कि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना संबंधित विभाग या हेल्पलाइन पर दें, ताकि समय रहते इसे रोका जा सके। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि परिवार, शिक्षकों और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी भागीदारी निभानी होगी।

कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई।

# छठ महापर्व की पहचान है ठेकुआ, गुड़ और आटे की मिठास में रची-बसी है सदियों पुरानी परंपरा

यूथ इंडिया। नैनी/प्रयागराज



छठ महापर्व का नाम जुबां पर आते ही नदी और तालाबों के घाट, डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालु और सूप में सजे फल-फूल व पारंपरिक प्रसाद की तस्वीर आंखों के सामने तैरने लगती है। इन तमाम प्रसादों के बीच एक ऐसी मिठास भी है, जिसके बिना छठ पूजा की कल्पना अधूरी लगती है। जी हां, हम बात कर रहे हैं बिहार की मिट्टी और संस्कृति की पहचान बन चुके पारंपरिक ठेकुआ की। गुड़, गेहूं के आटे और शुद्ध घी से तैयार होने वाला ठेकुआ महज एक पकवान नहीं, बल्कि छठी मैया के प्रति श्रद्धा, समर्पण और सदियों पुरानी लोक परंपरा का प्रतीक है।

छठ पर्व में ठेकुआ का अपना अलग ही महत्व है। इसकी तैयारी में स्वाद से ज्यादा शुद्धता, पवित्रता और नेम-निष्ठा का ध्यान रखा जाता है। नहाय-खाय के साथ ही छठव्रती घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। खरना के प्रसाद के बाद ठेकुआ बनाने की तैयारी जोर पकड़ने लगती है। गेहूं को साफ कर सुखाना, पिसवाना, गुड़ का घोल तैयार करना और फिर आटा गूंथकर ठेकुआ बनाना, हर काम पूरी सावधानी और पवित्रता के साथ किया जाता है। कई घरों में इसके लिए अलग चूल्हे और शुद्ध ईंधन का इस्तेमाल भी किया जाता है।

ठेकुआ बनाने की परंपरा परिवार को एक सूत्र में पिरोने का भी काम करती है। घर की महिलाएं और परिवार के अन्य सदस्य मिलकर इस प्रसाद को तैयार करते हैं। कोई आटा गूंथता है तो कोई गुड़ का घोल तैयार करता है और कोई लकड़ी के पारंपरिक सांचे से ठेकुआ को खास आकार देता है। इसके बाद शुद्ध घी में इसे सुनहरा होने तक तला जाता है। लकड़ी के सांचे पर बनी सूर्य, फूल-पत्ती और अन्य पारंपरिक आकृतियां ठेकुआ को अलग पहचान देती हैं। चूल्हे पर पकते ठेकुआ की खुशबू से पूरा घर महक उठता है और घर-आंगन का माहौल भक्तिमय हो जाता है।

धार्मिक मान्यता और लोक परंपरा के अनुसार छठ पूजा में ठेकुआ को विशेष प्रसाद के रूप में सूर्यदेव और छठी मैया को अर्पित किया जाता है। श्रद्धालु इसे पूरी आस्था और पवित्रता के साथ सूप में सजाकर घाट तक ले जाते हैं। अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान ठेकुआ भी पूजा सामग्री का अहम हिस्सा होता है।

# बाल मेले में नन्हे दुकानदारों ने दिखाई प्रतिभा

- बाल मेले में नन्हे दुकानदारों ने दिखाई प्रतिभा दिशा दर्शन स्मार्ट स्कूल में बच्चों ने सीखा लेन-देन और प्रबंधन का हुनर

यूथ इंडिया। उरई (जालौन)



दिशा दर्शन स्मार्ट स्कूल में शनिवार को बाल मेले का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। मेले का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. श्रीराम तिवारी, राहुल शुक्ला, नेहा द्विवेदी, प्रधानाचार्य अनुपम द्विवेदी और प्राथमिक विभाग की प्रधानाचार्या सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पहले विद्यालय में पूजन-अर्चन किया गया। अतिथियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये।

बाल मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के खानपान के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। बच्चों ने स्वयं दुकानदार की भूमिका निभाते हुए ग्राहकों का स्वागत किया और खाद्य सामग्री की बिक्री की। मेले में चिप्स, बिस्कुट, पेटीज, मोमोज, सैंडविच, मंचूरियन, गोलगप्पे, गुलाब जामुन, ढोकला और पाव भाजी के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा पानी, कोल्ड ड्रिंक और कोल्ड कॉफी के स्टॉल भी लगाए गए।

कक्षा तीन के बच्चों ने शिक्षिका अर्पिता, कक्षा चार के विद्यार्थियों ने शिक्षक शशांक श्रीवास्तव, कक्षा पांच के बच्चों ने शिक्षिका पूनम द्विवेदी के मार्गदर्शन में स्टॉल लगाए। वहीं कक्षा छह ए में विकास सर और छह बी में अश्मिता द्विवेदी के निर्देशन में बच्चों ने विभिन्न खाद्य पदार्थों की दुकानें सजाईं। कक्षा सात की शिक्षिका अंजलि और कक्षा आठ के शिक्षक विनीत सहाय के मार्गदर्शन में भी स्टॉल लगाए गए। इस अवसर पर पंकज शुक्ला, विनीत सहाय, अश्मिता द्विवेदी, पूनम, दीक्षा, अंजलि, निधि, अर्पिता, महिमा, शशांक, विकास, आनंद चतुर्वेदी, प्रवीण, अनीता और रमा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार बाल मेले का उद्देश्य बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान देना है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, व्यवहार कुशलता और समय प्रबंधन जैसे गुण विकसित होते हैं। मेले में बच्चों का उत्साह देखते ही बना।

# बाल मेले में बच्चों ने मचाई धूम, लकी ड्रॉ में जीते फ्रिज, टीवी और वाशिंग मशीन

यूथ इंडिया। नैनी/प्रयागराज



बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को सेमस्टार ग्लोबल स्कूल में विशाल बाल मेले का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। मेले में विद्यालय के बच्चों ने जमकर मस्ती की और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों की चहल-पहल और उल्लास देखते ही बन रहा था।

बाल मेले को खास बनाने के लिए शिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के खेलों और मनोरंजन के आकर्षक स्टॉल लगाए थे। बच्चों ने इन स्टॉलों पर पहुंचकर खूब आनंद उठाया। खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियों के बीच बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मेले का सबसे बड़ा आकर्षण लकी ड्रॉ रहा, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

लकी ड्रॉ के परिणाम घोषित होने पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में फ्रिज, द्वितीय पुरस्कार में टेलीविजन और तृतीय पुरस्कार के रूप में वाशिंग मशीन प्रदान की गई। इसके अलावा 18 अन्य आकर्षक पुरस्कार भी विद्यार्थियों ने अपने नाम किए। पुरस्कार जीतने वाले बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

मेले के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सिंथिया डीक्रूज़ एवं प्रबंधक ज्ञानेश्वर तिवारी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियां भी बेहद जरूरी हैं। इस तरह के आयोजन बच्चों की प्रतिभा निखारने के साथ उनमें आपसी मेलजोल और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं।

# बाल मेले में बच्चों ने सजाए खानपान के स्टॉल

- श्री नटराज इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस पर आयोजन, अभिभावकों ने लिया मेले का आनंद

यूथ इंडिया। उरई (जालौन)



श्री नटराज इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद चाचा नेहरू के चित्र पर भी पुष्प अर्पित की गई।

बाल मेले में बच्चों का उत्साह देखते ही बना। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभिभावकों ने टोकन खरीदकर विभिन्न स्टॉलों से खानपान की वस्तुएं खरीदीं और मेले का आनंद उठाया।

मेले में बच्चों ने जूस, चाट, समोसा, शिकंजी, फरूट्स, कप केक, कुकीज और पानीपुरी सहित विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। विद्यार्थियों ने स्वयं स्टॉलों का संचालन कर बिक्री की। इससे उन्हें लेन-देन, प्रबंधन और व्यावहारिक ज्ञान का अनुभव मिला।

कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर राहुल सिंह एवं भूपेंद्र सिंह, रमाकांत सिंह, प्रधानाचार्य विनीता, कोऑर्डिनेटर कुनिका सहित अर्पित, प्रवेश, भीम, त्रिशभ, वेदांत, दीप्ति, बबीता, आकांक्षा, स्मृति, महक, मुस्कान, साक्षी, त्रिया, राशना, मेघा, वैशाली, अंजली और आरती सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# बौद्ध कथा और भिक्षु सम्मेलन में उमड़े उपासक-उपासिकाएं

यूथ इंडिया। उरई (जालौन)



कुकरगांव स्थित बुद्ध विहार में पूज्य भदंत आनंद देव की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय विशाल भिक्षु सम्मेलन एवं सामूहिक बौद्ध दीक्षा समारोह के दूसरे दिन शनिवार को बड़ी संख्या में उपासक-उपासिकाएं पहुंचे। कथावाचक अरविंद बौद्ध ने बौद्ध धर्म की शिक्षाओं और भगवान बुद्ध के विचारों के माध्यम से लोगों को सदाचार एवं समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

ग्रामवासियों के सहयोग से 13 से 15 नवंबर तक आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह बुद्ध पूजा एवं वंदना, भिक्षु संघ के लिए भोजन और दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक बौद्ध कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन रामबिहारी बोधाचार्य ने किया, जबकि अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री चैनसुख भारती ने की।

मध्य प्रदेश के भिंड से आए कथावाचक अरविंद बौद्ध ने अपने प्रवचनों में बुद्ध के जीवन दर्शन और संविधान के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों को बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान ग्वालियर की बहुजन मिशनरी गायिका विशाखा बौद्ध और बहुजन गायक सुमित बौद्ध ने अपनी प्रस्तुतियों से उपासक-उपासिकाओं का उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम में प्रज्ञा शरण गोपालपुरा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन के प्रबंधक भंते ज्ञान ज्योति के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हो रहा है।

## बच्चे का अपहरण कर 50 हजार में बेचने का आरोप, महिला समेत दो गिरफ्तार

यूथ इंडिया, सुल्तानपुर



जिले के कादीपुर में एक वर्षीय मासूम तौफीक के अपहरण और उसे 50 हजार रुपये में बेचने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ऊषा पत्नी सीताराम और जितेन्द्र पुत्र सोमई के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 50 हजार रुपये नकद भी बरामद किए हैं। शनिवार को दोपहर 12.30 बजे पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि 5 नवंबर 2026 को ऊषा ने कादीपुर के पटेल चैराहे पर एक छोटी बच्ची को बहलाया और उसकी गोद में मौजूद एक वर्षीय तौफीक को लेकर चली गई। इसके बाद उसने बच्चे को कादीपुर खुर्द निवासी जितेन्द्र को 50 हजार रुपये में बेच दिया। आरोप है कि जितेन्द्र बच्चे को बेचने के लिए मुंबई तक ले गया था, लेकिन सौदा तय नहीं होने पर वह वापस लौट आया और दोबारा बच्चे को बेचने की कोशिश कर रहा था।

मामले में 7 नवंबर 2026 को जौनपुर जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ककोरगहना निवासी रूबीना पत्नी रोशन ने कादीपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि वह अपने एक वर्षीय बेटे तौफीक को कादीपुर रोडवेज बस स्टैंड के बाहर करीब आठ वर्षीय बेटी के पास छोड़कर पानी लेने गई थीं। वापस लौटने पर बच्चा गायब मिला। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक बृजनारायण सिंह की देखरेख में कई टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ सर्विलांस की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की। इसी क्रम में ऊषा को गिरफ्तार किया गया।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत

यूथ इंडिया, सुल्तानपुर

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार शाम दो बाइकों के बीच हुई जोरदार टक्कर में 16 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लंभुआ क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी गौरव यादव (16) अपने साथी सचिन यादव (20) के साथ शुक्रवार शाम लंभुआ बाजार से घर लौट रहा था। इसी दौरान करीब 5.30 बजे सैतापुर सराय के पास बाबा जनवारीनाथ धाम के मुख्य द्वार के निकट उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए गौरव और सचिन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने गौरव यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि सचिन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय गौरव और सचिन दोनों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। बताया जाता है कि गौरव के पिता विजय यादव हैदराबाद में ट्रक चालक हैं। गौरव घर पर अपनी मां और भाई-बहनों चांदनी यादव (20) तथा सौरभ (18) के साथ रहता था। बेटे की मौत की खबर पिता को फोन के माध्यम से दी गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत होने की जानकारी मिली है। फिलहाल पुलिस को कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। दूसरी बाइक के सवार की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## खेल के मैदान में दिखा नन्हे सितारों बाल दिवस पर सजी खुशियों की महफिल

- म्यूजिकल चेयर से लेकर कबड्डी और रस्साकशी तक बच्चों ने दिखाया दमखम
- प्रबंधक बी.के. श्रीवास्तव एवं निदेशक अजय कुमार वर्मा ने बच्चों का बढ़ाया हौसला

यूथ इंडिया, भटनी,देवरिया




कहीं जीत की खुशी तो कहीं मुकाबले का रोमांच शनिवार को नगर पंचायत भटनी स्थित के.के. पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस का आयोजन उत्साह और उल्लास के बीच किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, फुर्ती और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के कार्यकारी निदेशक अजय कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी प्रतिभा को पहचानकर सही दिशा देना विद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिक्षा के साथ खेलकूद भी बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक बी.के. श्रीवास्तव ने बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है।

ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी क्षमता दिखाने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर म्यूजिकल चेयर नींबू चम्मच दौड़, बोरी दौड़ रस्साकशी रिले रेस, बैलून रेस कबड्डी और खो खो जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। खेल मैदान बच्चों की तालियों उत्साह और उमंग से गूंज उठा। नन्हे विद्यार्थियों से लेकर बड़े बच्चों तक सभी ने पूरे जोश के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों ने टीम भावना अनुशासन और आपसी सहयोग का परिचय दिया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्रधानाचार्य कोऑर्डिनेटर शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यालय कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## मास्क पहनकर फरियादियों के बीच पहुंचे एसपी अभिजीत आर. शंकर भटनी थाने से छठ घाट तक किया औचक निरीक्षण

यूथ इंडिया, भटनी,देवरिया



त्योहारों की तैयारियों के बीच देवरिया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर अचानक भटनी थाने पहुंच गए। मास्क पहने एसपी ने समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों के बीच बैठकर एक एक शिकायत सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसपी के अचानक पहुंचने से थाना परिसर में पुलिसकर्मियों और फरियादियों के बीच हलचल देखने को मिली। समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें दो मामलों का मौके पर निस्तारण कराया गया। अधिकांश शिकायतें जमीन विवाद, पारिवारिक,मारपीट गाली गलौज, से संबंधित थीं।

पिपरा बिट्ठल निवासी अंकुश कुमार सिंह ने भी भूमि विवाद की शिकायत रखी जिस पर एसपी ने राजस्व विभाग को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने भटनी थाने का औचक निरीक्षण किया। बैरक मालखाना थाना कार्यालय रजिस्टर और अभिलेखों की व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिसकर्मियों को साफ सफाई और रिकॉर्ड दुरुस्त रखने की हिदायत दी। थाने के निरीक्षण के बाद एसपी नगर पंचायत स्थित जंगली जालपा दुर्गा मंदिर के छठ घाट पहुंचे।

यहां उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा भीड़ प्रबंधन और घाट पर उपलब्ध व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता, उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल,राजस्व निरीक्षक जितेंद्र सिंह, कृष्ण मुरारी पांडेय, लेखपाल रजनीश मिश्र, समीर सिद्धार्थ, सत्यानंद तिवारी और प्रमोद कुमार सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सिटी पब्लिक स्कूल में लगा भव्य बाल मेला, बच्चों के व्यंजन व क्राफ्ट स्टाल बने आकर्षण का केंद्र

यूथ इंडिया, जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)



स्थानीय कटरा स्थित सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। मेले में बच्चों ने अपने हाथों से निर्मित एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए, जिनका अभिभावकों और अतिथियों ने खूब लुत्फ उठाया।

इसके साथ ही विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और रद्दी कागजों के सदुपयोग का संदेश देते हुए वेस्ट पेपर से आकर्षक फूल, टोकरी, पतंग, गमला, डस्टबिन और सेल्फी प्वाइंट तैयार किए, वहीं खूबसूरत पेंटिंग के जरिए पूरे परिसर की सजावट भी की। आयोजन के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस और जम्पिंग आदि झूले की भी व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्त पिंटू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभा और व्यावहारिक ज्ञान का विकास होता है, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है।

बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी कला और मेहनत से इस आयोजन को यादगार बना दिया है। वहीं प्रिंसिपल रमेश मिश्र व शिव चंद तिवारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ इस तरह की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना पैदा करती हैं। इस अवसर पर आदित्य गुप्त, सुभाष मिश्र, रंजीत गुप्ता सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## पटाखे चलाने से मना करने पर घर में घुसकर मारपीट, पति घायल

यूथ इंडिया, जैदपुरा

गांव में दरवाजे पर पटाखे चलाने से मना करने पर चार लोगों ने एक घर में घुसकर महिला के साथ गाली-गलौज और अभद्रता की। विरोध करने पर आरोपितों ने महिला के पति जबर सिंह को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

पीड़िता विनीता के अनुसार, 9 नवंबर की रात करीब आठ बजे उनके दिव्यांग ससुर रामलड़ैते घर के दरवाजे पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के रामकिशोर, कुलदीप, राजेश और किशनपाल वहां पहुंचकर पटाखे, नलकी और हाथ गोले चलाने लगे।

दरवाजे पर पटाखे चलाने से मना करने पर चारों आरोपित घर के अंदर घुस आए और महिला के साथ गाली-गलौज व अभद्रता करने लगे। महिला के पति जब सिंह ने विरोध किया तो आरोपितों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। परिजनों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार देर रात तीन सगे भाइयों समेत चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## छठ पर्व की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

यूथ इंडिया, जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)



लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा, मुंगरा बादशाहपुर प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे तथा नायब तहसीलदार दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से दौलतिया स्थित श्री हनुमान मंदिर छठ घाट का आकस्मिक निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने पूरे छठ मेला परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के उपरांत क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर घाट पर गोताखोरों की तैनाती के साथ तालाब में ट्यूब और रस्सी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।

इसके अतिरिक्त मेला परिसर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और मोबाइल टॉयलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पर्व के दौरान घाट पर 20 महिला और 50 पुरुष कांस्टेबलों की तैनाती रहेगी। वहीं, साफ सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने खंड विकास अधिकारी सूर्य कांत पाण्डेय को निर्देशित किया कि छठ घाट पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए 20 सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए और गोताखोरों की व्यवस्था भी समय से पूरी कर ली जाए।

इस निरीक्षण के दौरान आलोक कुमार गुप्त, इंजीनियर व सभासद उमाशंकर गुप्त, नव युवक डाला छठ पूजा समिति के अध्यक्ष संदीप कसेरा और संजय पांडे सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### सहकार भारती ने सदस्य का जन्मदिन उनके आवास पर मनाया

**सुल्तानपुर।** सहकार भारती, सुल्तानपुर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन के सक्रिय सदस्य विनय कुमार यादव का जन्मदिन उनके आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि सहकार भारती सुल्तानपुर द्वारा विगत कई महीनों से जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, महामंत्री शिवमूर्ति पाण्डेय एवं प्रांतीय सदस्य अशोक कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संगठन के सदस्यों का जन्मदिन उनके आवास पर पहुंचकर मनाने की अभिनव परंपरा प्रारंभ की गई है। इस पहल का उद्देश्य संगठन के सदस्यों के बीच आत्मीयता, पारिवारिक संबंध एवं संगठनात्मक एकजुटता को मजबूत करना है। कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम पाण्डेय (जिला प्रमुख, पर्यावरण प्रकोष्ठ) ने बताया कि इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अशोक कुमार श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, महामंत्री शिवमूर्ति पाण्डेय, कोषाध्यक्ष श्रीराम शुक्ला, आईटी प्रमुख संतोष पाण्डेय, उपाध्यक्ष इन्द्रदेव मिश्रा, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, विनय कुमार यादव, उनके पिता राकेश कुमार यादव, छोटे भाई विवेक यादव, अवधेश कुमार मिश्रा एवं कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम पाण्डेय उपस्थित रहे।

## श्रृंगीरामपुर में धूमधाम से निकली राम बारात

- कई पीढ़ियों पुरानी रामलीला का हुआ शुभारंभ

यूथ इंडिया, कमालगंज



कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम श्रृंगीरामपुर में शनिवार को भव्य राम बारात निकाली गई। इसके साथ ही गांव की ऐतिहासिक और कई पीढ़ियों से चली आ रही रामलीला का विधिवत शुभारंभ हो गया।

राम बारात के निकलते ही पूरा गांव राममय हो गया। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और जय श्रीराम के जयकारों के बीच भगवान श्रीराम की मनमोहक झांकी ने सभी का मन मोह लिया। झांकी में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता जी और हनुमान जी के स्वरूपों को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया और आरती उतारी।

इस भव्य यात्रा में श्रृंगीरामपुर के साथ ही आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूरी यात्रा के दौरान गांव की गलियों में मेले जैसा माहौल रहा।

राम बारात में रामलीला कमेटी अध्यक्ष विनय मिश्रा, मनोज पाठक,अमित मिश्रा उर्फ राजा, मोनू मिश्रा, शिवम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और रामलीला कमेटी के सदस्य शामिल रहे। सभी ने यात्रा को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

कई पीढ़ियों पुरानी है श्रृंगीरामपुर की रामलीला

श्रृंगीरामपुर की रामलीला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि गांव की पहचान और परंपरा है। बुजुर्गों के अनुसार यह रामलीला कई पीढ़ियों से लगातार होती आ रही है। दादा-परदादा के समय से शुरू हुई यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ निभाई जा रही है।

पहले जहां गांव के ही कलाकार रामलीला में पात्र निभाते थे, वहीं आज भी नई पीढ़ी उसी उत्साह के साथ इस परंपरा को आगे बढ़ा रही है। रामलीला के मंचन के दौरान राम जन्म, सीता स्वयंवर, वनवास, सीता हरण, लंका दहन और रावण वध जैसे प्रसंगों का जीवंत मंचन किया जाता है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि रामलीला के दिनों में पूरा गांव एक परिवार की तरह जुड़ जाता है। यही इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता है। राम बारात के साथ शुरू हुई रामलीला आने वाले दिनों में रोजाना रात में मंचित की जाएगी। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से रामलीला देखने और धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## पूर्व विधायक पं. विमल प्रसाद तिवारी की स्मृति में बनेगा स्मृति द्वार, मार्ग का नामकरण भी होगा

- नगर पालिका अध्यक्ष ने किया प्रस्ताव का स्वागत
- सैकड़ों लोगों ने तालियां बजाकर जताया समर्थन

यूथ इंडिया, फर्रुखाबाद



पूर्व विधायक स्वर्गीय पं. विमल प्रसाद तिवारी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए पं. विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान की ओर से महत्वपूर्ण पहल की गई। शनिवार को संस्था की ओर से उनके नाम पर मार्ग का नामकरण करने और स्मृति द्वार बनवाने का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव का नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल ने स्वागत किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने कहा कि पं. विमल प्रसाद तिवारी को उन्होंने भले ही नहीं देखा, लेकिन उनके विराट व्यक्तित्व और कार्यों को शहर के लोग आज भी अपने आसपास जीवंत महसूस करते हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात अवस्थी ने तिवारी जी से जुड़े संस्मरण सुनाए। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने कहा कि पं. विमल प्रसाद तिवारी के व्यक्तित्व से शहर के लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। वह दलगत राजनीति से ऊपर सभी के चहेते थे।

स्मृति संस्थान के सचिव आदेश तिवारी ने नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल को स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षक एवं कवि बृजकिशोर सिंह किशोर ने नगर पालिका क्षेत्र के कादरीगेट स्थित ठंडी सड़क और फतेहगढ़ मार्ग के बीच किसी उपयुक्त स्थान पर पं. विमल प्रसाद तिवारी स्मृति द्वार बनवाने का प्रस्ताव रखा। साथ ही द्वार पर उनका ऑयल चित्र लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित करने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने करतल ध्वनि के साथ प्रस्ताव का समर्थन किया। कार्यक्रम के अंत में नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कवि वैभव सोमवंशी ने किया।

इस अवसर पर संजय गर्ग, चित्रा अग्निहोत्री, मीरा सिंह, क्षमा तिवारी, रोली सक्सेना, मानसी तिवारी, अतुल शंकर दुबे, असलम अंसारी, मुकेश सक्सेना, विवेक मिश्रा, धर्मेंद्र गुप्ता, राघवीर खाँ, विनोद वर्मा, राजेंद्र वर्मा, विजय मिश्रा, अंकुर तिवारी, कैलाश मिश्रा, सुतीक्षण तिवारी, देवेंद्र मिश्रा, सतेन्द्र बाजपेई सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आधी रात सड़क पर सपरिवार फंसे रोहित को हेड कांस्टेबल ने फरिश्ता बनकर पहुंचाई मदद

यूथ इंडिया, सुल्तानपुर



आधी रात, सुनसान सड़क और गाड़ी खराब होने से परेशान पूरा परिवार... ऐसे मुश्किल वक्त में सुलतानपुर पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी हर तरफ सराहना हो रही है।

बाराबंकी के रामसनेहीघाट निवासी रोहित तिवारी के लिए हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी उर्फ रिंकू संकट की घड़ी में फरिश्ता बनकर सामने आए। दूसरे जिले में तैनाती के बावजूद उन्होंने मदद के लिए तत्काल प्रयास किए और परिवार को सुरक्षित घर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। दरअसल रोहित तिवारी अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा से लौट रहे थे।

रायबरेली और ऊंचाहार के बीच रात करीब 11 से 12 बजे अचानक उनकी गाड़ी खराब हो गई। काफी कोशिशों के बाद भी वाहन ठीक कराने की व्यवस्था नहीं बन सकी। परिवार के साथ सुनसान रास्ते पर फंसे रोहित की परेशानी बढ़ती जा रही थी। इसी बीच उन्होंने हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी को फोन किया। फोन पर परेशानी की जानकारी मिलते ही कैसर अब्बास सक्रिय हो गए।

उन्होंने अपने संपर्कों के जरिए मददगारों को मौके पर भेजा और गाड़ी ठीक कराने की व्यवस्था कराई। काफी मशक्कत के बाद वाहन दुरुस्त हुआ और रोहित अपने पूरे परिवार के साथ सकुशल घर पहुंच गए। इस मदद से भावुक रोहित तिवारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर कैसर अब्बास रिजवी का आभार जताया।

## बाल दिवस पर देहली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में लगा भव्य मेला, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- सैकड़ों बच्चों की मौजूदगी में सजा एडवेंचर पार्क, ड्रोन शो और विज्ञान आधारित गतिविधियों ने मोहा मन

यूथ इंडिया, फर्रुखाबाद





बाल दिवस के अवसर पर याकूतगंज स्थित देहली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में 14 नवंबर को भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों के मनोरंजन, रचनात्मकता, तकनीकी ज्ञान और प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई। जनपद के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मेले में वर्मी ब्रिज, बॉडी बैलेंस, ड्राप्ट हिट, टेंट पिचिंग, कैटापुलिंग, आर्चरी, गन शूटिंग, टनल, कमांडो क्रॉलिंग, बेली क्रॉलिंग, कमांडो नेट, बाल क्लाईबिंग, बोर्ड बैलेंसिंग, बम्बू बैलेंसिंग, जॉबिंग बॉल, स्मार्ट टायर और जिप लाइन जैसी रोमांचक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के ड्रोन शो का आयोजन किया गया। ड्रोन के माध्यम से किसानों से लेकर सैनिकों तक के उपयोग में आने वाली आधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखकर अभिभावक और बच्चे काफी उत्साहित नजर आए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद नीरज कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी फर्रुखाबाद संजय कुमार सिंह ने विद्यालय के निदेशक विजय कटियार, निदेशिका सुनीता कटियार, प्रबंधक कार्तिकेय कटियार, डॉ. कनिका कटियार तथा प्रधानाचार्य अनुभव लाल के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय परिसर में बनाए गए एडवेंचर पार्क और हजारों बच्चों की मौजूदगी देखकर अतिथियों ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की।

विद्यालय के निदेशक विजय कटियार ने बताया कि जनपद में इस प्रकार का भव्य बाल मेला पहली बार देहली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल की ओर से आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम एक बेहतर अवसर और मंच प्रदान करते हैं।

विद्यालय के डायरेक्टर कार्तिकेय कटियार ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेलकूद और समाजसेवा के लिए भी प्रेरित किया। वहीं प्रधानाचार्य अनुभव लाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे। पूरे आयोजन में बच्चों का उत्साह और उमंग देखते ही बन रही थी।

# छठ महापर्व पर यात्रियों से ज्यादा किराया वसूला तो होगी कार्यवाही, दिल्ली से पूर्वांचल के लिए चलेंगी अतिरिक्त बसें, घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

यूथ इंडिया, लखनऊ



छठ महापर्व पर घर जाने वाले यात्रियों को राहत देने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छठ पर्व की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बसों में यात्रियों से निर्धारित किराये से अधिक वसूली किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि यात्रियों से तय किराये से ज्यादा पैसे वसूले जाने की शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली से पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के लिए अतिरिक्त बसें चलाने के निर्देश दिए हैं, ताकि त्योहार मनाने के लिए अपने घर लौटने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने परिवारों के साथ घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में परिवहन व्यवस्था से लेकर सुरक्षा और साफ-सफाई तक सभी इंतजाम समय से पूरे किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बताया कि 15 नवंबर की शाम और 16 नवंबर की सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए नदियों, तालाबों और अन्य जलाशयों के किनारे पहुंचेंगे। इसे देखते हुए सभी जिलों में घाटों की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। लखनऊ, वाराणसी, गाजीपुर, गोरखपुर, बलिया, आजमगढ़, चंदौली, कानपुर सहित अन्य जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों में कंट्रोल रूम स्थापित करने को कहा है, ताकि छठ पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। घाटों पर प्राथमिक चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और किसी कारण से बिजली बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं।

घाटों और उनके आसपास साफ-सफाई को लेकर भी मुख्यमंत्री ने विशेष जोर दिया। नगर विकास और पंचायती राज विभाग को सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। घाटों पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को भी दुरुस्त कराया जाएगा।

नदियों और तालाबों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पानी की गहराई का आकलन करने और खतरनाक स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे स्थानों पर बैरिकेडिंग कराने के साथ चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके अलावा घाटों पर गोताखोर, नाव और जल पुलिस की तैनाती की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देने को कहा है। घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ महिला पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों को स्वयं मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने और स्थानीय पूजा समितियों के साथ समन्वय बनाकर काम पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

छठ पर्व के दौरान शहरों में यातायात व्यवस्था बनाए रखना भी प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती रहेगा। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अलग से यातायात कार्ययोजना तैयार करने को कहा है।

# 21 नवंबर को लखनऊ आएंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कौशल दीक्षांत समारोह में 64 टॉपर छात्रों को करेंगे सम्मनित

- आईजीपी छह बुकिंग निरस्त होने से परिवारों की बढ़ी परेशानी

यूथ इंडिया, लखनऊ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 नवंबर को राजधानी लखनऊ के दौरे पर आएंगे। वह शाम करीब पांच बजे लखनऊ पहुंचेंगे और इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। शाम सात बजे होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों और देशभर के विभिन्न ट्रेडों के टॉपर छात्रों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री एयरपोर्ट पहुंचकर नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए राजधानी में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नगर निगम, पुलिस, जिला प्रशासन और लखनऊ विकास प्राधिकरण को अलर्ट कर दिया गया है। प्रधानमंत्री के निर्धारित रूट पर सड़कों की मरम्मत और साफ-सफाई का काम शुरू करा दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री की ओर से अधिकारियों की बैठक बुलाकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई है। अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का असर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पहले से निर्धारित निजी आयोजनों पर भी पड़ा है। सुरक्षा और कार्यक्रम की तैयारियों को देखते हुए 20 और 21 नवंबर की सभी बुकिंग निरस्त कर दी गई हैं। एलडीए की ओर से कुल छह आयोजनों का आवंटन रद्द करने का आदेश जारी किया गया है। इनमें चार शादियां, एक हल्दी-मेहंदी समारोह और जुपिटर हॉल में आयोजित होने वाला एक सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है। बुकिंग निरस्त होने से प्रभावित परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कई परिवारों ने करीब एक साल पहले ही इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजन के लिए जगह बुक कराई थी। शादी की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी थीं और मेहमानों को निमंत्रण पत्र भी बांटे जा चुके थे। कार्ड पर आयोजन स्थल के रूप में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान का पता छपवाया गया था। अब शादी से महज आठ दिन पहले बुकिंग रद्द होने से परिवारों के सामने नया आयोजन स्थल तलाशने की चुनौती खड़ी हो गई है।

परिवारों को अब न केवल कम समय में दूसरी जगह की व्यवस्था करनी होगी, बल्कि रिश्तेदारों और मेहमानों तक आयोजन स्थल में हुए बदलाव की जानकारी भी पहुंचानी होगी। इससे उनकी आर्थिक और व्यवस्थागत परेशानियां बढ़ गई हैं। एलडीए अधिकारियों के मुताबिक, प्रभावित परिवारों को बुकिंग की पूरी धनराशि बिना किसी कटौती के वापस की जाएगी। हालांकि, एलडीए की ओर से वैकल्पिक आयोजन स्थल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। परिवारों को अपने स्तर पर ही दूसरी जगह की व्यवस्था करनी होगी।

इस बार कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन भी खास होने जा रहा है। अब तक यह कार्यक्रम नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होता रहा है, लेकिन पहली बार इसे दिल्ली से बाहर लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में देशभर की आईटीआई के करीब 1500 छात्र शामिल होंगे। इनमें उत्तर प्रदेश के लगभग 1300 और दूसरे राज्यों के करीब 200 छात्र हिस्सा लेंगे। कौशल विकास मंत्रालय की ओर से 40 ट्रेड और छह जोन के कुल 64 टॉपर छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें उत्तर प्रदेश के छह छात्र शामिल हैं।

# शिवा शर्मा हत्याकांड में बड़ा अपडेट, श्रद्धा दुबे के फ्लैट पर डमी गिराकर किया गया सीन रिक्रिएशन

यूथ इंडिया, लखनऊ




राजधानी के चर्चित शिवा शर्मा हत्याकांड की जांच में पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शुक्रवार को अहम कार्रवाई की। मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए फॉरेंसिक टीम ने श्रद्धा दुबे के फ्लैट पर घटनास्थल का सीन रीक्रिएशन किया। इस दौरान डमी को ऊंचाई से गिराकर घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की गई। टीम ने फ्लैट में करीब एक घंटे तक रहकर जरूरी साक्ष्य जुटाए और घटनाक्रम को समझने का प्रयास किया।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम फॉरेंसिक टीम गुपचुप तरीके से श्रद्धा दुबे के फ्लैट पर पहुंची। वहां विशेषज्ञों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और डमी के माध्यम से घटना को दोहराया। डमी को ऊंचाई से गिराकर यह समझने की कोशिश की गई कि घटना किन परिस्थितियों में हुई होगी। इस दौरान वैज्ञानिक साक्ष्यों और घटनास्थल की परिस्थितियों का मिलान किया गया।

सीन रीक्रिएशन का मुख्य उद्देश्य घटना से जुड़े तथ्यों की जांच करना और आरोपियों के बयानों की उपलब्ध साक्ष्यों से तुलना करना था। फॉरेंसिक टीम ने करीब एक घंटे तक फ्लैट में रहकर जांच की। इस प्रक्रिया से पुलिस को मामले की परिस्थितियों को समझने में मदद मिलने की उम्मीद है।

वहीं, इस हत्याकांड में गिरफ्तार तीनों आरोपियों की पुलिस रिमांड भी 13 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। अब पुलिस आरोपियों से आगे पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाएगी। जांच एजेंसियां घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, फॉरेंसिक रिपोर्ट और आरोपियों के बयानों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी हैं।

शिवा शर्मा हत्याकांड में सीन रीक्रिएशन और आरोपियों की बढ़ी रिमांड के बाद जांच ने नया मोड़ ले लिया है। अब फॉरेंसिक जांच की रिपोर्ट और पूछताछ से सामने आने वाले तथ्यों पर पुलिस की आगे की कार्रवाई निर्भर करेगी। हालांकि, घटना से जुड़े सभी पहलुओं की अंतिम पुष्टि जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही हो सकेगी।

# एलडीए के नए उपाध्यक्ष बने अनुज सिंह, प्रथमेश कुमार को मिली सीतापुर की जिम्मेदारी, यूपी में कई आईएएस अधिकारियों के तबादले

यूथ इंडिया, लखनऊ




उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। शुक्रवार देर शाम शासन की ओर से कई भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादले किए गए। इस प्रशासनिक बदलाव में मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रहे अनुज सिंह को लखनऊ विकास प्राधिकरण का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, अब तक एलडीए के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रथमेश कुमार को सीतापुर का जिलाधिकारी बनाया गया है।

शासन की ओर से किए गए इस बदलाव के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण की कमान अब अनुज सिंह के हाथों में होगी। अनुज सिंह पिछले छह महीने से मुख्यमंत्री के विशेष सचिव के पद पर तैनात थे। अब उन्हें राजधानी की महत्वपूर्ण विकास एजेंसी एलडीए की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके सामने शहर में चल रही विकास परियोजनाओं, आवासीय योजनाओं और शहरी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी।

वहीं, प्रथमेश कुमार का लखनऊ विकास प्राधिकरण से तबादला कर उन्हें सीतापुर का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। अब उन्हें जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी संभालनी होगी। शुक्रवार देर शाम जारी तबादला आदेश के बाद प्रदेश के प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। शासन की ओर से किए गए इस फेरबदल को प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। नए अधिकारियों की तैनाती के बाद संबंधित विभागों और जिलों में कार्यभार हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### पत्नी को फोन करने से मना करने पर विवाद

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में पत्नी को फोन करने से मना करने पर विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने पति को फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर भी अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक, पत्नी को फोन करने को लेकर पति और दूसरे युवक के बीच विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि फोन करने से मना करने पर युवक ने पति के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और उसे जान से मारने की धमकी दी।

# चेक बाउंस के लंबित मामलों के निस्तारण के लिए 21 नवंबर को लगेगी विशेष लोक अदालत

यूथ इंडिया, लखनऊ

चेक बाउंस से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए 21 नवंबर 2026 को जनपद न्यायालय लखनऊ में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), 1881 की धारा 138 के तहत दर्ज लंबित मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों में विशेष लोक अदालत आयोजित की जा रही है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मलखान सिंह के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने जनसामान्य और संबंधित वादकारियों से अपील की है कि वे विशेष लोक अदालत का लाभ उठाएं और आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के माध्यम से अपने चेक बाउंस से जुड़े लंबित मामलों का निस्तारण कराएं। इससे मामलों के शीघ्र समाधान के साथ न्यायालयों में लंबित मुकदमों का बोझ भी कम होगा।

### पैतृक जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर महिला और परिजनों से मारपीट

**लखनऊ।** राजधानी के सरोजनीनगर इलाके में पैतृक जमीन पर कब्जे का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में एक महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई। घटना में महिला घायल हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, सरोजनीनगर क्षेत्र में पैतृक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि कुछ लोग जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। जब महिला और उसके परिजनों ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया।

### किसान की मौत से गांव में मातम, आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला शव

**लखनऊ।** राजधानी के माल थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक किसान का शव गांव से करीब 500 मीटर दूर आम के बाग में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, किसान घर से बिना बताए निकले थे। काफी समय तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। इसी बीच शनिवार सुबह गांव से करीब 500 मीटर दूर स्थित आम के बाग में उनका शव पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी।

# चिकित्सा प्रतिपूर्ति को लेकर अहम बैठक, पेंशनरों के आश्रितों की आय सीमा बढ़ाने पर बनी सहमति

- स्वास्थ्य सचिव ने दिया समस्याओं के समाधान का भरोसा

यूथ इंडिया, लखनऊ



राजधानी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनरों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावों के निस्तारण में आ रही परेशानियों को लेकर अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी के साथ पेंशनरों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान पेंशनरों के आश्रितों की आय सीमा बढ़ाने के मुद्दे पर सहमति बनी। इस फैसले से उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनरों को राहत मिलने की उम्मीद है, जिन्हें अपने आश्रितों के इलाज के खर्च की प्रतिपूर्ति कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बैठक में मुख्य रूप से चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित दावों और उनके निस्तारण में होने वाली देरी का मुद्दा उठाया गया। पेंशनरों के प्रतिनिधियों ने बताया कि इलाज के दौरान होने वाले खर्च की प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए उन्हें कई तरह की औपचारिकताओं से गुजरना पड़ता है। कई मामलों में दस्तावेजों और अन्य प्रक्रियाओं के कारण दावों का निस्तारण समय पर नहीं हो पाता, जिससे बुजुर्ग पेंशनरों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

प्रतिनिधियों ने पेंशनरों के आश्रितों की आय सीमा बढ़ाने की मांग भी प्रमुखता से रखी। उनका कहना था कि मौजूदा आय सीमा के कारण कई आश्रित चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में बदलती आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए आय सीमा में संशोधन किया जाना जरूरी है। इस मुद्दे पर बैठक में सहमति बनने को पेंशनरों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

स्वास्थ्य सचिव रितु माहेश्वरी के साथ हुई चर्चा में चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल बनाने और पेंशनरों की समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधियों ने लंबित दावों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इलाज के खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े।

बैठक में बनी सहमति के बाद पेंशनरों को उम्मीद है कि उनकी लंबे समय से चली आ रही मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई होगी। हालांकि, आश्रितों की आय सीमा में बढ़ोतरी कब से लागू होगी और नई सीमा कितनी निर्धारित की जाएगी, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी। चिकित्सा प्रतिपूर्ति की व्यवस्था को अधिक सरल और प्रभावी बनाने की दिशा में हुई इस बैठक को पेंशनरों की समस्याओं के समाधान की ओर एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# शराब की दुकान का ताला तोड़कर चोरी, 45 हजार रूपये और शराब की बोतलें ले उड़े चोर

यूथ इंडिया, लखनऊ




राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक अंग्रेजी शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की नकदी और शराब की बोतलों पर हाथ साफ कर दिया। घटना आलमनगर रोड स्थित शराब की दुकान की है, जहां देर रात चोर शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद दुकान में रखे करीब 45 हजार रुपये नकद और शराब की बोतलें चोरी कर फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे मालिक ने जब शटर का ताला टूटा देखा तो उनके होश उड़ गए।

जानकारी के मुताबिक, चोरों ने देर रात वारदात को अंजाम दिया। दुकान बंद होने के बाद आरोपी मौके पर पहुंचे और शटर का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। दुकान में रखी नकदी और शराब की बोतलें समेटने के बाद आरोपी वहां से निकल गए। सुबह जब दुकान मालिक रोजाना की तरह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और नकदी समेत शराब की बोतलें गायब थीं।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में भी चर्चा शुरू हो गई। दुकान मालिक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पारा थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और चोरी से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई।

पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि वारदात में कितने लोग शामिल थे और आरोपी किस रास्ते से मौके पर पहुंचे थे।

आलमनगर रोड पर शराब की दुकान में हुई इस चोरी के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। युवक अपनी ड्यूटी पर जा रहा था, तभी मेमौरा छावनी एयरफोर्स स्टेशन के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की जान चली गई।

घटना 10 नवंबर की शाम की बताई जा रही है। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मामले में मृतक के साले ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के आधार पर बंथरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे में शामिल वाहन और उसके चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गेंहू की बुवाई के बीच खाद का संकट, समितियों पर किसानों की लंबी कतारें

यूथ इंडिया, लखनऊ



राजधानी के ग्रामीण इलाकों में गेहूं की बुवाई का सीजन शुरू होते ही खाद की मांग तेजी से बढ़ गई है। इसी बीच रहीमाबाद और माल क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों पर डीएपी खाद का स्टॉक खत्म होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खाद लेने के लिए किसान समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कई जगह किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जिससे गेहूं की बुवाई प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

जानकारी के मुताबिक, रहीमाबाद साधन सहकारी समिति में 11 नवंबर से डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। वहीं नबीपनाह-टांडा समिति में भी 12 नवंबर से डीएपी का स्टॉक खत्म हो चुका है। गेहूं की बुवाई के महत्वपूर्ण समय में खाद नहीं मिलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान सुबह से ही समितियों पर पहुंचकर खाद मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन पर्याप्त स्टॉक नहीं होने के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि गेहूं की बुवाई के लिए समय पर खाद मिलना बेहद जरूरी है। बुवाई का समय निकलने पर फसल की पैदावार पर असर पड़ सकता है। ऐसे में समितियों पर डीएपी उपलब्ध नहीं होने से खेती-किसानी का काम प्रभावित हो रहा है। किसानों को आशंका है कि यदि जल्द खाद की आपूर्ति नहीं हुई तो उन्हें बुवाई में देरी का सामना करना पड़ेगा।

रहीमाबाद और माल क्षेत्र में खाद की कमी के चलते किसानों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। समितियों पर खाद आने की उम्मीद में किसान बार-बार पहुंच रहे हैं। कई किसान निजी दुकानों से खाद खरीदने की संभावना तलाश रहे हैं, लेकिन वहां उपलब्धता और कीमत को लेकर भी उनकी चिंता बनी हुई है।

गेहूं की बुवाई के बीच डीएपी की कमी ने कृषि विभाग और सहकारी समितियों की आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों की मांग है कि समितियों पर जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि बुवाई का काम समय पर पूरा हो सके और उनकी फसल प्रभावित न हो।

फिलहाल रहीमाबाद, नबीपनाह-टांडा और माल क्षेत्र के किसान खाद की आपूर्ति का इंतजार कर रहे हैं। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग कब तक समितियों पर डीएपी का नया स्टॉक उपलब्ध करा पाते हैं।

# जनगणना-2027 के प्रशिक्षण से 42 से अधिक विभागों के कर्मचारी नदारद, नगर निगम सख्त

- विभागाध्यक्षों पर भी कार्यवाही की तैयारी

यूथ इंडिया, लखनऊ



भारत की जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों के बीच राजधानी लखनऊ में बड़ी लापरवाही सामने आई है। नगर निगम की ओर से आयोजित जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में 42 से अधिक विभागों के कर्मचारी अनुपस्थित रहे। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में कर्मचारियों की गैरहाजिरी को नगर निगम प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। नगर आयुक्त एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी ने इस संबंध में जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी को पत्र लिखकर अनुपस्थित कर्मचारियों के साथ-साथ उन्हें ड्यूटी से रिलीव न करने वाले विभागाध्यक्षों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है।

नगर निगम प्रशासन के मुताबिक, जनगणना प्रशिक्षण के लिए संबंधित विभागों को पहले ही कई बार पत्र भेजकर कर्मचारियों को निर्धारित समय पर भेजने के निर्देश दिए गए थे। जोनल चार्ज अधिकारियों और नगर आयुक्त स्तर से लगातार रिमाइंडर भी जारी किए गए, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रशिक्षण में शामिल नहीं हुए। आरोप है कि कई विभागों ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए रिलीव तक नहीं किया।

वहीं, अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी भी नगर निगम को उपलब्ध नहीं कराई गई। प्रशिक्षण में अनुपस्थिति का मामला सामने आने के बाद नगर निगम ने इसे जनगणना की तैयारियों में बाधा मानते हुए सख्त रुख अपनाया है।

# छठ पूजा को लेकर पांचालघाट पर तैयारियां तेज, डीएम ने किया निरीक्षण

- बैरीकेडिंग, प्रकाश, पेयजल और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था के निर्देश
- सुरक्षा के लिए गोताखोरों की तैनाती, पुलिस बल रहेगा मुस्तैद

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद




छठ पूजा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पांचाल घाट का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी इंतजाम समय से पूरे करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि छठ पूजा के दौरान पांचाल घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और व्रतियों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में घाट पर मजबूत बैरीकेडिंग कराई जाए, ताकि श्रद्धालु निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर ही पूजा-अर्चना कर सकें। सुबह और शाम के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ स्वच्छ पेयजल, शौचालय तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नदी में स्नान और पूजा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती की जाएगी। घाट के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा और लगातार निगरानी की जाएगी। डीएम ने भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान चिन्हित करने तथा एंबुलेंस और आपातकालीन वाहनों के आवागमन को निर्बाध बनाए रखने को कहा।

उन्होंने घाट और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई तथा कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, एसडीएम सदर संजय कुमार, खंड विकास अधिकारी बढ़पुर योगेश पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश चंद्र, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक विश्वास मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पारिवारिक विवाद में पिता और दो बेटों पर हमला

**फर्रुखाबाद।** जिले के नगला जोधा गांव में पारिवारिक विवाद के चलते दबंगों ने एक पिता और उसके दो बेटों पर हमला कर दिया। आरोप है कि परिवार के ही कुछ लोगों ने तीनों को लाठी-डंडों और धारदार हथियार से पीटकर घायल कर दिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। घायल पिता और दोनों पुत्रों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार नगला जोधा गांव में किसी पारिवारिक विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने पिता व उनके दोनों बेटों पर हमला कर दिया।

# गोलीकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी और तमंचे की बरामदगी न होने पर पीड़ित ने उठाये पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

- दूसरे थाने के वरिष्ठ अधिकारी से जांच कराने की मांग

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

शहर कोतवाली क्षेत्र में 8 नवंबर 2026 को हुए गोलीकांड के मामले में पीड़ित अभिषेक सैनी ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बावजूद गोली चलाने में इस्तेमाल किए गए तमंचे की बरामदगी नहीं हुई है। वहीं, मामले में नामजद अन्य तीन आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं किए गए हैं।

अभिषेक सैनी पुत्र शैलेंद्र सैनी निवासी जनपद फर्रुखाबाद के अनुसार, 8 नवंबर 2026 को उन पर गोली मारकर जानलेवा हमला किया गया था। इस मामले में 9 नवंबर को शहर कोतवाली फर्रुखाबाद में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पीड़ित ने अपनी शिकायत में आमिर खान को मुख्य आरोपी बताते हुए आरोप लगाया है कि उसी ने उन पर गोली चलाई थी। इसके अलावा हस्सान पुत्र नफीस खां, फिरोज खान और नफीस खां को भी मामले में आरोपी बनाया गया है।

पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने मुख्य आरोपी आमिर खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन अभी तक वारदात में इस्तेमाल किए गए तमंचे की बरामदगी नहीं की गई है। उनका आरोप है कि अन्य आरोपी भी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

अभिषेक सैनी ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने संबंधित विवेचक दरोगा और थाना प्रभारी पर आरोपियों से मिलीभगत की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच किसी अन्य थाने के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मियों पर मिलीभगत और रिश्वत लेने के आरोपों की स्वतंत्र जांच कराने की भी मांग उठाई है।

पीड़ित ने उच्चाधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में मांग की है कि मुख्य आरोपी से गोली चलाने में इस्तेमाल किए गए तमंचे की बरामदगी कराई जाए, फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके ठिकानों पर दबिश देकर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा संबंधित पुलिसकर्मियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

अभिषेक सैनी ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए कहा है कि वह खुद इस गोलीकांड के पीड़ित हैं और उन्हें निष्पक्ष जांच के जरिए न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने पुलिस के उच्चाधिकारियों से पूरे मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष विवेचना और आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराने की गुहार लगाई है।

## व्यक्ति को लाठी-डंडों से पीटा, सिर में आई गंभीर चोट, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**फर्रुखाबाद।** बढ़पुर क्षेत्र में गांव के कुछ लोगों द्वारा 40 वर्षीय व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने व्यक्ति पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में चोट आ गई। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया गया।

जानकारी के अनुसार, घटना में 40 वर्षीय व्यक्ति को गांव के कुछ लोगों ने घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की। इस दौरान उसके सिर में चोट लग गई और वह घायल हो गया। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसका इलाज किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल मारपीट के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।

# घर की दूसरी मंजिल पर मिला युवक का शव, गांव में हड़कंप, पड़ताल जारी

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरार में शनिवार सुबह एक 32 वर्षीय युवक का शव घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में मिला। युवक की पहचान धर्मेंद्र शाक्य के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह परिजनों ने घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में धर्मेंद्र को फंदे पर लटका देखा। यह दृश्य देखकर परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। घटना की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए।

परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

युवक की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल है। पुलिस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जहानगंज में वारदातों का सिलसिला जारी

- अब किसान की संदिग्ध मौत से मची सनसनी

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



जहानगंज थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले दो-तीन दिनों में हत्या, चोरी और फायरिंग की घटनाओं के बाद अब महमदपुर चौकी क्षेत्र में एक किसान का शव घर के बाहर खून से लथपथ मिलने से हड़कंप मच गया। लगातार हो रही घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली और अपराध नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

फतेहगढ़-जहानगंज मार्ग स्थित महमदपुर गांव निवासी 50 वर्षीय अवधेश राजपूत पुत्र छेदालाल राजपूत का शव रात करीब एक बजे घर के बाहर पड़ा मिला। परिजन उन्हें घर के अंदर ले गए। सुबह करीब 8:30 बजे पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद चौकी प्रभारी राजपूताना मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। मृतक के सिर से खून निकल रहा था। गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

घटना के समय घर पर मृतक की पत्नी सुनीता मौजूद थीं। उनके भाई कमलेश और बृजेश दूसरे मकान में रहते हैं, जबकि दोनों बेटे बाहर रहते हैं। अनुज गुरुग्राम में पढ़ाई कर रहा है और पवन मुंबई में नौकरी करता है। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि बीते दिनों जहानगंज क्षेत्र के नगला चाहर में दीपक राजपूत की हत्या का मामला सामने आया था। पुलिस ने इस मामले में युवती के पिता को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा क्षेत्र में चोरी और फायरिंग की घटनाओं ने भी पुलिस की चिंता बढ़ाई है। लगातार सामने आ रही वारदातों से थाना पुलिस के सामने कानून व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है।

एक के बाद एक घटनाओं के बीच अब महमदपुर में किसान की मौत ने पुलिस की सक्रियता, रात्रि गश्त और अपराधियों पर नियंत्रण को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना प्रभारी के सामने क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने की चुनौती है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाया उत्साह

यूथ इंडिया, कायमगंज




शकुन्तला देवी बालिका इंटर कॉलेज में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधिका मोनिका अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद उनके जीवन, विचारों और बच्चों के प्रति उनके प्रेम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें 100 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर रेस, चम्मच दौड़, बैलून रेस और लेमन रेस सहित कई प्रतियोगिताएं हुईं। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इसके अलावा बच्चों ने अपने हाथों से खाने-पीने के विभिन्न स्टॉल भी लगाए, जिन पर छात्राओं की खासी भीड़ और उत्साह देखने को मिला।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चे प्यार से चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। उन्हें बच्चों से बेहद लगाव था और उनके साथ समय बिताना बहुत पसंद था। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने विचारों के माध्यम से छात्राओं को नेहरू जी के जीवन और उनके आदर्शों से परिचित कराया।

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतोष शर्मा, ममता सिंह, शिल्की मिश्रा, लक्ष्मी गंगवार, विकास श्रीवास्तव, अमित कुमार, कमला गंगवार, शायना खान, सुरभि श्रीवास्तव, लालाराम राजपूत, शशांक शुक्ला सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# पांचालघाट पुल पर लगा तीन किलो मीटर लंबा जाम, इटावा-बरेली हाईवे पर घंटो फंसे रहे वाहन

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



जिले में शुक्रवार देर शाम इटावा-बरेली हाईवे स्थित पांचाल घाट पुल पर भीषण जाम लग गया। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब 3 किलोमीटर तक यातायात प्रभावित हो गया। जाम में रोडवेज बसें, कारें, बाइक, ई-रिक्शा और ट्रक फंस गए। इसके चलते राहगीरों और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम पांचाल घाट पुल पर वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। पुल पर वाहनों की लंबी कतार लगने से दोनों तरफ आवागमन बाधित होने लगा। जाम में कई रोडवेज बसें और निजी वाहन भी फंस गए। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई।

हाईवे पर जाम की स्थिति को देखते हुए वाहनों को निकालने के लिए वन-वे व्यवस्था लागू की गई। इसके तहत एक तरफ से वाहनों को बारी-बारी से निकाला जा रहा है, ताकि पुल पर यातायात का दबाव कम किया जा सके और धीरे-धीरे जाम खुलवाया जा सके।

करीब 3 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लगने से स्थानीय लोगों के साथ दूसरे जिलों से आने-जाने वाले यात्रियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासकर बसों और भारी वाहनों के फंसने से हाईवे पर आवागमन काफी धीमा हो गया।

पांचाल घाट पुल पर लगे लंबे जाम ने एक बार फिर हाईवे की यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल वन-वे व्यवस्था के तहत वाहनों को निकालकर यातायात सामान्य कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# बोरिंग मिस्त्री हत्याकांड में आरोपी गया जेल, पुलिस को भतीजे की तलाश

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



जहानगंज थाना क्षेत्र में बोरिंग मिस्त्री दीपक राजपूत की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है। वहीं, मामले में शामिल बताए जा रहे आरोपी के भतीजे की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। घटना से जुड़ी युवती का शाहजहांपुर जिले में इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह दीपक राजपूत का शव पड़ोसी गांव में एक युवक के घर के बाहर शौचालय के पास पड़ा मिला था। शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की थी।

मामले में मृतक के भाई जबर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर युवती समेत अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, इस मामले में आरोपी के भतीजे की तलाश की जा रही है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

घटना से जुड़ी युवती का शाहजहांपुर जिले में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घटना के पीछे की परिस्थितियों का पता लगाने में जुटी है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले में अन्य तथ्य सामने आने की संभावना है।

# सीजन का पहला कोहरा छाया, ठंड ने दी दस्तक

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

मौसम में बदलाव के साथ ही कायमगंज क्षेत्र में शनिवार सुबह सीजन का पहला कोहरा देखने को मिला। नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सुबह के समय धुंध छाई रही। कोहरे के कारण लोगों को ठंड का अहसास हुआ, वहीं सड़कों पर दृश्यता कम होने से वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ गई। सुबह-सुबह घरों से निकलने वाले लोगों को मौसम में आए इस बदलाव का एहसास हुआ।

शनिवार सुबह अचानक कोहरा छाने से सड़क पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ी। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक धीमी गति से चलते नजर आए। ग्रामीण संपर्क मार्गों पर भी धुंध का असर दिखाई दिया। सुबह के समय मौसम में नमी और हल्की ठंडक महसूस की गई। क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में आए इस बदलाव को किसान रबी की फसलों के लिहाज से महत्वपूर्ण मान रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि वातावरण में नमी बढ़ने और मौसम में ठंडक आने से गेहूं, सरसों, आलू सहित अन्य रबी फसलों की बुवाई और शुरुआती बढ़वार को लाभ मिल सकता है। हालांकि फसलों को वास्तविक फायदा मौसम की आगामी परिस्थितियों और तापमान पर निर्भर करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि रबी की फसलों के लिए मौसम में ठंडक और पर्याप्त नमी जरूरी होती है। ऐसे में सीजन का पहला कोहरा दिखाई देने से किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद जगी है। वहीं मौसम में बदलाव के साथ लोगों ने सुबह और शाम के समय गर्म कपड़ों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत महसूस होने लगी है।

# बाल दिवस पर मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

- बच्चों ने संभाली दुकानों की कमान, बाल मेले में दिखी प्रतिभा

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



अमृतपुर कस्बे के दयानंद इंटर कॉलेज और कम्पोजिट स्कूल अमृतपुर फर्स्ट में शनिवार को बाल दिवस उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, वहीं कम्पोजिट स्कूल में बच्चों ने बाल मेले का आयोजन कर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

कम्पोजिट स्कूल अमृतपुर फर्स्ट में आयोजित बाल मेले में विद्यार्थियों ने अलग-अलग स्टॉल लगाकर दुकानदारों की भूमिका निभाई। बच्चों ने उत्साह के साथ अपने-अपने स्टॉल सजाए और सामान की बिक्री की। मेले में पानी, खानपान सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने खुद दुकानों की कमान संभालकर व्यापार और लेन-देन का अनुभव प्राप्त किया।

बाल मेले में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और रचनात्मक सोच से कार्यक्रम को खास बना दिया। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान के साथ आत्मनिर्भरता और जिम्मेदारी का अनुभव भी मिला।

वहीं दयानंद इंटर कॉलेज में भी बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व के बारे में बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्साह का माहौल रहा। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा निखारने के साथ उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नमामि गंगे की टीम ने गंगा में गिरते नालों का किया निरीक्षण, 15 दिसंबर तक काम पूरा करने के निर्देश

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे नमामि गंगे अभियान के तहत शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की टीम फर्रुखाबाद पहुंची। मिशन के उपनिदेशक नलिन कुमार श्रीवास्तव ने दोपहर करीब 2 बजे टीम के साथ पांचाल घाट पहुंचकर गंगा किनारे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नदी में गिर रहे नालों को देखा और संबंधित अधिकारियों से उनकी स्थिति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान टीम ने गंगा में गिरने वाले नालों के कारण नदी में पहुंच रहे गंदे पानी की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि नालों से संबंधित निर्माण और सुधार कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाए, जिससे गंगा में गंदे पानी का प्रवाह रोका जा सके।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के उपनिदेशक ने संबंधित अधिकारियों को 15 दिसंबर तक नालों पर चल रहे कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा।

टीम ने गंगा किनारे की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और नदी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गंगा में प्रदूषण रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं और नालों से निकलने वाले गंदे पानी का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखना राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन का प्रमुख उद्देश्य है। इसी क्रम में फर्रुखाबाद में नालों से गंगा में पहुंचने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए कार्यों की समीक्षा की जा रही है। अब संबंधित विभागों के सामने 15 दिसंबर तक काम पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई है।

# नामित सभासद को धमकी देने के आरोप में पूर्व चेयरमैन समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

यूथ इंडिया, कंपिल

नगर पंचायत कंपिल की नामित सभासद के साथ गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पूर्व चेयरमैन उदयपाल सिंह यादव समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी भाजपा मंडल महामंत्री राजेश कठेरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी मोनिका कठेरिया नगर पंचायत कंपिल में नामित सभासद हैं। आरोप है कि 10 नवंबर को सुबह करीब 11:30 बजे पूर्व चेयरमैन उदयपाल सिंह यादव निवासी मोहल्ला गढ़ी अपने पांच अन्य साथियों के साथ उनके घर पहुंचे। आरोपितों ने घर के गेट को धक्का देकर खोलने का प्रयास किया और उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इससे भयभीत होकर मोनिका छत पर चली गईं।

शोर सुनकर परिवार के संध्याराम कठेरिया ने विरोध किया तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई। राजेश कठेरिया के अनुसार, घर लौटने पर पत्नी ने उन्हें पूरी घटना बताई। आरोप है कि घटना के बाद से पूर्व चेयरमैन के साथी लगातार गली में रेकी कर रहे हैं।

तहरीर में रंजिश की वजह बताते हुए कहा गया है कि वर्तमान में उदयपाल सिंह यादव की मां राजवती यादव नगर पंचायत की चेयरमैन हैं। मनमाफिक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं करने के कारण पूर्व चेयरमैन उनसे रंजिश मानते हैं।

पुलिस ने शनिवार दोपहर तहरीर के आधार पर पूर्व चेयरमैन समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## रास्ते में रोककर पिता से मारपीट, 50 हजार रुपये लूटने का आरोप, इलाज के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति की मारपीट के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोप है कि आरोपियों ने एकराय होकर रास्ते में रोककर व्यक्ति के साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों व लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। इस दौरान उसकी जेब में रखे 50 हजार रुपये निकाल लेने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम घूमईया थाना नवाबगंज निवासी सौरव पुत्र जयदेव ने तहरीर देकर बताया कि बबलू पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम नहरोसा थाना नवाबगंज समेत चार लोगों ने एकराय होकर उसके पिता को रास्ते में रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान उनकी जेब में रखे 50 हजार रुपये भी निकाल लिए गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए एसडीएम स्वेता साहू की बड़ी पहल, चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

यूथ इंडिया, अमृतपुर



लोकतंत्र की असली ताकत जागरूक मतदाता हैं और देश के भविष्य की दिशा तय करने में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। इसी सोच के साथ उपजिलाधिकारी अमृतपुर श्वेता साहू ने मतदाता जागरूकता को लेकर सराहनीय पहल करते हुए दयानंद इंटर कॉलेज में विशेष अभियान चलाया। उन्होंने कॉलेज पहुंचकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया और पात्र युवाओं से जल्द से जल्द फार्म-6 भरने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान एसडीएम श्वेता साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है कि कोई भी पात्र युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे स्वयं मतदाता बनें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें।

एसडीएम की सक्रिय पहल का असर भी मौके पर दिखाई दिया। अभियान के दौरान 100 से अधिक फार्म-6 तत्काल भरवाए गए। इससे नए युवा मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई।

मतदान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि और जागरूकता बढ़ाने के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा नागरिक कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त किए।उपजिलाधिकारी श्वेता साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ लोकतांत्रिक गतिविधियों से जुड़ने का मौका मिलेगा। एसडीएम श्वेता साहू ने ने अपील करते हुए कहा कि जिन युवक-युवतियों की आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, वे बिना देर किए अपना फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं। आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करें और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि जागरूक युवा ही जागरूक समाज का निर्माण कर सकते हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता बनने का अवसर मिले और चुनाव प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। दयानंद इंटर कॉलेज में आयोजित यह अभियान केवल फार्म-6 भरवाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर मतदान के प्रति जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक चेतना जगाने का प्रभावी माध्यम भी बना। एसडीएम श्वेता साहू की इस पहल की सराहना की जा रही है।

# बाल दिवस पर पुलिस परिवार के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान



यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

बाल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन 'वामा सारथी' की ओर से आयोजित वामा खेलोत्सव-2026 में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस परिवार के बच्चों को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ ने खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बच्चों की खेल प्रतिभा, मेहनत और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना भी मजबूत होती है।

उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने तथा अपनी प्रतिभा के दम पर नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

बाल दिवस के अवसर पर आयोजित इस सम्मान समारोह से पुलिस परिवार के बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उन्हें खेलों के प्रति जागरूक कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

## पत्नी को बुलाने गए युवक और परिजनों पर हमला, लाठी-डंडों से पीटकर पति समेत चार को किया घायल

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कांधेमई मिलकिया गांव में पत्नी को बुलाने गए युवक और उसके परिजनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में पति, उसके भाई और माता-पिता समेत चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में हलचल मच गई।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम युवक अपनी पत्नी को बुलाने के लिए कांधेमई मिलकिया गांव पहुंचा था। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट होने लगी। आरोप है कि इस दौरान लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। मारपीट में युवक के साथ उसके भाई और माता-पिता को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। परिजनों ने मामले को लेकर कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद और मारपीट के कारणों का पता लगा रही है। शिकायत और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पांचालघाट पर हरिनाम संकीर्तन का महाकुंभ, गंगा की लहरों के बीच दीपदान और नौका विहार ने मोहा मन

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



पांचाल घाट स्थित गंगातट के नारायण आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय श्री हरिनाम संकीर्तन महाकुंभ के दूसरे दिन भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। हिण्डोल उत्सव एवं नौका विहार कार्यक्रम के दौरान मां गंगा के पावन आंचल में दीपदान किया गया। गंगा की लहरों पर जगमगाती दीपमालिकाओं ने ऐसा मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया कि श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। सावन के पारंपरिक गीतों, भजनों और संकीर्तन से पूरा नारायण आश्रम वृंदावन धाम की भक्ति में सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त भजन गायकों तथा अखिल भारतीय संगीतज्ञों द्वारा किया गया। सुनील मलिक एवं युधिष्ठिर मलिक ने राधा-माधव के भजनों और ठाकुर जी के चरणों में समर्पित संकीर्तन के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। %चरन कमल बंदौं हरि राही...% जैसे भक्ति भाव से ओतप्रोत संकीर्तनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई।

इस अवसर पर मुख्य संरक्षक वैष्णवाचार्य डॉ. मनमोहन गोस्वामी ने श्रीमद्भागवत में वर्णित भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीराधा जी की दिव्य लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने नित्य लीलाओं और नैमित्तिक लीलाओं के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रावण मास में आयोजित होने वाले झूला उत्सव की धार्मिक एवं वैदिक परंपराओं को समझाया। उन्होंने कहा कि संकीर्तन के माध्यम से भगवान का स्मरण, भक्ति और आध्यात्मिक साधना जीव को सद्गति के मार्ग की ओर प्रेरित करती है। उन्होंने कलाकारों और श्रद्धालुओं का सद्भावनापूर्वक स्वागत करते हुए भारतीय भक्ति संगीत की परंपरा को आगे बढ़ाने पर बल दिया। महाकुंभ में राष्ट्रीय भजन गायक अनिल महरोत्रा, जगदीश साधना, गिरिराज नेगिया, प्रमोद पंत, भगवत कृष्ण दास, जितेंद्र शर्मा सहित अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। डॉ. मनोज मल्होत्रा, सुरेंद्र, श्याम टंडन, अशोक वर्मा, गोपाल टंडन, ज्योति शंकर, कौस्तुभ अग्रवाल, अखिल महरोत्रा, श्रीनाथ पाठक, आशीष उपाध्याय और सुखदेव शर्मा सहित अन्य कलाकारों ने सावन गीत, कजरी, वर्षा गीत एवं झूला गीत प्रस्तुत किए।

# दो बार की बाढ़ ने ग्रामीण सड़कों की बिगाड़ी सूरत, जगह-जगह गहरे गड्ढे

**फखरपुर जालिम, फकरपुर बच्चन और करनपुर घाट मार्ग बदहाल, स्कूली बच्चों व राहगीरों को हो रही परेशानी**

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

फर्रुखाबाद। अमृतपुर तहसील क्षेत्र में दो बार आई बाढ़ ने ग्रामीण इलाकों की सड़कों की हालत खराब कर दी है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद कई संपर्क मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फखरपुर जालिम, फखरपुर बच्चन और करनपुर घाट मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन मार्गों पर करीब पांच से छह बड़े गड्ढे होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार लगातार दो बार आई बाढ़ के पानी ने सड़कों को काफी नुकसान पहुंचाया है। पानी के तेज बहाव और कटान के कारण सड़क की सतह उखड़ गई है। कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

इन बदहाल रास्तों से प्रतिदिन स्कूली बच्चे भी आवागमन करते हैं। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि फखरपुर जालिम, फखरपुर बच्चन और करनपुर घाट मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क रास्ते हैं। इन सड़कों से बड़ी संख्या में ग्रामीण रोजाना आवागमन करते हैं। इसके बावजूद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत नहीं होने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से क्षतिग्रस्त मार्गों का निरीक्षण कराकर जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गड्ढों को नहीं भरा गया तो आने वाले दिनों में आवागमन की समस्या और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूली बच्चों और आम राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़कों को जल्द दुरुस्त कराया जाए।

## महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट, जान से मारने की धमकी

**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज क्षेत्र में एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रांशु समेत तीन लोगों ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मोहल्ला शास्त्री नगर प्रथम निवासी प्रांशु पुत्र नामालूम समेत तीन लोगों पर महिला के साथ गाली-गलौज करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। घटना के संबंध में पीड़िता ने थाना कमालगंज में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया है।

## युवती घर से बिना बताए हुई लापता

**फर्रुखाबाद।** जिले में एक युवती के घर से बिना बताए कहीं चले जाने का मामला सामने आया है। युवती के अचानक लापता होने से परिजन परेशान हैं। मामले में युवती के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर बहन की तलाश कराने की मांग की है। पुलिस के अनुसार, वादी की बहन बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका।

# सड़क पर टेंपो हटाने को कहा तो पुलिस कर्मियों से भिड़े चालक



यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

**राजेपुर तिराहे पर हुआ विवाद, दो युवक पुलिस हिरासत में, थाने में खड़ा कराया टेंपो**

कस्बे के राजेपुर तिराहे पर शनिवार को सड़क पर खड़े टेंपो को हटाने को लेकर विवाद हो गया। टेंपो हटाने के लिए कहने पर चालक पक्ष के दो युवक पुलिसकर्मियों से उलझ गए। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। वहीं विवादित टेंपो को भी कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को राजेपुर कस्बे के मुख्य तिराहे पर एक टेंपो सड़क पर खड़ा था। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने टेंपो चालक को वाहन हटाने के लिए कहा। आरोप है कि इस बात को लेकर चालक पक्ष के दो युवक पुलिसकर्मियों से बहस करने लगे। मामला बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया और टेंपो को थाने भिजवा दिया। पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटा रही है। कस्बे के प्रमुख तिराहे पर हुए इस विवाद के बाद स्थानीय लोगों में भी चर्चा बनी रही।

# चीनी मिल में पेराई सत्र की तैयारियां तेज, जल्द होगा मास्टर ट्रायल

**14 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का रखा गया लक्ष्य, तौल व्यवस्था पर एआई कैमरों से रहेगी नजर**

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



द किसान सहकारी चीनी मिल में आगामी पेराई सत्र को लेकर तैयारियों ने तेजी पकड़ ली है। मिल परिसर में मशीनों की मरम्मत और अन्य तकनीकी कार्य लगभग पूरे कर लिए गए हैं। मिल प्रशासन अब पेराई सत्र शुरू करने की तैयारी में जुटा है। महाप्रबंधक डॉ. नीरज कुमार वर्मा ने बताया कि एक-दो दिन के अंदर मिल का मास्टर ट्रायल कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मिल की तीनों टरबाइनों की मरम्मत पूरी हो चुकी है। वहीं प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से नया आईडी फैन लगाया गया है और शीरा रखने के लिए नए टैंक का निर्माण कराया गया है। इन बदलावों से मिल संचालन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

इस वर्ष मिल प्रशासन ने 14 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य तय किया है। क्षेत्र में करीब 3,845 हेक्टेयर भूमि पर गन्ने की फसल तैयार है। इसमें पौधा गन्ने का रकबा 500 हेक्टेयर बढ़ा है। इससे इस बार चीनी रिकवरी में सुधार की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अधिक बारिश के चलते शुरुआती लैब जांच में रिकवरी का स्तर कुछ कम मिला है।

किसानों को गन्ने की तौल में किसी तरह की परेशानी न हो और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे, इसके लिए निगरानी व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है। मिल गेट पर एआई कैमरे लगाए जा रहे हैं, जबकि बाहरी क्रय केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। गुदरागंज प्रथम व द्वितीय, हजीजापुरा, कुतुब सराय, फैजबार और रोशनाबाद क्रय केंद्रों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मिल में गन्ना लेकर आने वाले किसानों के लिए किसान भवन में बैठने और ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही रियायती दरों पर भोजन और चाय उपलब्ध कराने के लिए कैंटीन भी संचालित होगी। सर्दी से बचाव के लिए मिल परिसर और यार्ड में अलाव जलाने का इंतजाम किया जाएगा।

महाप्रबंधक ने किसानों से अपील की है कि वे मिल में साफ और ताजा गन्ना लेकर आएं। गन्ने के साथ जड़ और पत्तियां न हों, जिससे पेराई में आसानी रहे और चीनी की रिकवरी भी बेहतर हो सके।

## युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर पत्नी समेत ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** जिले में एक युवक को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला सामने आया है। युवक के भाई ने उसकी पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्यायालय में शिकायत की थी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पत्नी समेत ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, अमैयापुर क्षेत्र के रहने वाले युवक के भाई ने आरोप लगाया कि उसके भाई को पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। आरोप है कि लगातार प्रताड़ना के चलते युवक ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले में उचित कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने युवक की पत्नी और ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# 23वां मानस सम्मेलन में रामकथा की महिमा का बखान

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



23वें मानस सम्मेलन में श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों की व्याख्या के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार, भक्ति और आदर्श जीवन जीने का संदेश दिया गया। सम्मेलन में विभिन्न स्थानों से आए मानस विद्वानों और रामायणी वक्ताओं ने श्रीरामकथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम की कथा का श्रवण, मनन और उसे अपने जीवन में उतारना मानव जीवन को सार्थक बनाने का मार्ग है।

हमीरपुर से आए मानस भूषण श्री अरिमर्दन शास्त्री ने श्रीरामकथा की चौपाइयों की व्याख्या करते हुए कहा कि जिन प्राणियों को श्रीरामकथा सुनने का अवसर मिलता है, वे बड़े भाग्यशाली होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आस्था और विश्वास के साथ श्रीरामकथा का श्रवण करना चाहिए तथा कथा में बताए गए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। केवल कथा सुनना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके संदेशों का मनन और आचरण भी जरूरी है।

बांदा से आई मानस रामायणी सुमन जी ने भजन के साथ श्रीरामकथा पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में भगवान श्रीराम परब्रह्म के रूप में पूजनीय हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस के माध्यम से मानव जीवन जीने का मार्ग दिखाया है। भगवान श्रीराम के नाम की महिमा और उनका स्मरण जीव का कल्याण करता है। उन्होंने कहा कि श्रीरामकथा रूपी नौका का श्रवण मनुष्य को भवसागर से पार लगाने के साथ जीवन जीने की सही दिशा प्रदान करता है।

सम्मेलन में मानस विद्वान सर्वेश शुक्ल, कु. साधना रामायणी और अम्बरीष सहित अन्य विद्वानों ने श्रीरामचरितमानस की विभिन्न चौपाइयों के माध्यम से भरत चरित्र, भगवान शंकर और माता पार्वती द्वारा रामकथा श्रवण तथा परिवार और समाज में संस्कार स्थापित करने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि श्रीरामचरितमानस में जीवन को आदर्श बनाने और परिवार तथा समाज में प्रेम, मर्यादा एवं सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में श्रीराम दरबार के भव्य एवं दिव्य दर्शन कराए गए। इसके बाद महाआरती के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। सम्मेलन संयोजक भरत सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। उर्मिला सिंह, शारदा भदौरिया और सौरभ दुबे ने आरती उतारी। राहुल कनौजिया, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेश निराला और अमित गुप्ता अन्य रहे।

# कंपिल तीर्थ के विकास को मिलेगी नई उड़ान, 32 कमरों का भव्य गेस्ट हाउस बनेगा

यूथ इंडिया, कंपिल



ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी कंपिल के गौरवशाली जैन तीर्थ के विकास और विस्तार की दिशा में एक बड़ी पहल होने जा रही है। श्री विमलनाथ स्वामी जैन श्वेतांबर तीर्थ परिसर में जल्द ही 32 कमरों के अत्याधुनिक एवं भव्य गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। तीर्थ के विकास की इस घोषणा से स्थानीय श्रद्धालुओं और जैन समाज में हर्ष का माहौल है।

शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद से कंपिल तीर्थ के दर्शन करने पहुंचे प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी एवं चार्टर्ड फार्मा लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के संस्थापक हर्ष ललितभाई गांधी ने अपने निजी प्रयास से गेस्ट हाउस निर्माण कराने की घोषणा की। तीर्थ पहुंचने पर उन्होंने भगवान विमलनाथ स्वामी की भव्य एवं नयनाभिराम प्रतिमा के दर्शन किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

तीर्थ दर्शन के दौरान गुजरात से आए श्रद्धालुओं ने कंपिल तक सीधी रेल सेवा उपलब्ध न होने की समस्या प्रमुखता से उठाई। श्रद्धालुओं का कहना था कि अहमदाबाद से कंपिल के लिए सीधी ट्रेन संचालित होने लगे तो गुजरात सहित देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों श्रद्धालु आसानी से इस पवित्र तीर्थ के दर्शन कर सकेंगे। वर्तमान में सीधी रेल सुविधा के अभाव में अनेक श्रद्धालुओं को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

श्रद्धालुओं की इस मांग पर हर्ष ललितभाई गांधी ने सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद पहुंचने के बाद वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर कंपिल के लिए सीधी ट्रेन संचालित कराने की मांग प्रमुखता से उठाएंगे। यदि यह प्रयास सफल होता है तो कंपिल की धार्मिक पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिल सकती है।

इस दौरान तीर्थ के ट्रस्टी एवं मंत्री पुखराज डागा ने हर्ष गांधी को कंपिल की प्राचीनता, धार्मिक महत्ता और गौरवशाली इतिहास से विस्तारपूर्वक परिचित कराया। उन्होंने बताया कि कंपिल जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ स्वामी की पावन जन्मस्थली है। यहां भगवान विमलनाथ के चार कल्याणक च्यवन, जन्म, दीक्षा और केवलज्ञान संपन्न हुए थे। उन्होंने बताया कि यह भूमि प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के समवसरण की प्रथम धर्मदेशना की साक्षी रही है।

सर्वाधिकार स्वामी एस.एम.के प्रकाशन प्रा. लि. शिवाजी नगर भोपतपट्टी नवीन मण्डी रोड फर्रुखाबाद-209602 उ.प्र. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक- शरद कटियार द्वारा एस.एम.के प्रकाशन प्रा. लि. शिवाजी नगर भोपतपट्टी नवीन मण्डी रोड फर्रुखाबाद 209602 30 उ. प्र. से मुद्रित एवं ई-417 मोतीझील, ऐशबाग लखनऊ-226004 से प्रकाशित। सम्पादक- शरद कटियार दूरभाष - 09452411978 Email-youthindiaheadoffice@gmail.com RNI No- UPHIN/2016/68199
समस्त समाचारों का चयन एवं सम्पादन हेतु T-R-V Act के अन्तर्गत उत्तरदायी समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।